

■ कांग्रेस नेता राहुल बोले-जुबिन गर्ग की तरह कांग्रेस भी लोगों को एकजुट करने का काम करती है- 12




■ मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव - 12




■ ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई, अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार - 13




■ शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.36

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी 02:10 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 6 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 58, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# गजनवी काल का माफिया था सालार मसूद महाराज सुहेलदेव ने जहन्नुम भेजा : योगी

## सॉफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना, बोले- आज जो माफिया मिट्टी में मिले इन जैसा था मसूद

- मुख्यमंत्री ने बीएनए में स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह की शुरुआत की, राष्ट्र नायकों पर नाटक बनाने का आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को साफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गजनवी काल का सालार मसूद भी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। योगी ने चेतावनी दी कि जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में 12 अप्रैल तक आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर किसी विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया। योगी ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने मसूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था। लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे। लेकिन अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि मेरी सरकार में बनाए गए महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है। योगी ने कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। उन्होंने चिंता जताई कि अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।



**लखनऊ :** भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी।

### राष्ट्र नायकों के योगदान पर बनाएं लघु नाटक

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र नायकों के योगदान को रेखांकित करते हुए महाराज सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे वीरों पर लघु नाटक तैयार करने की अपील की। योगी ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देता है। नई और पुरानी पीढ़ी को साथ लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने अकादमी के लिए छात्रावास निर्माण सहित अन्य प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### कभी पेशेवर गुंडों को नायक बनाने वालों का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय हमारे संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा था, जो पेशेवर गुंडों और माफिया को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे, जबकि वास्तविक नायकों को नजरअंदाज किया जाता था। उन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी से वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हर जिले में प्रभावी प्रस्तुति आयोजित करने की अपील की।

### 24 से दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 अप्रैल से लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की साहित्यिक कृतियों पर भी रंगमंचीय प्रस्तुतियों की आवश्यकता जताई।

# ईरानी क्षेत्र में जीवन-मरण मिशन में अमेरिका ने अपने पायलट को बचाया

- होर्मुज खेलने का अल्टीमेट आज होगा समाप्त, ट्रंप बोले- न खोला तो ईरान को नरक बना देंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका ने अपने उस पायलट को दो दिन तक चले 'जीवन-मरण' वाले मिशन में सुरक्षित बचा लिया, जो तेहरान के हमले में अपने लड़ाकू विमान को निशाना बनाये जाने के बाद लापता हो गया था। अमेरिकी सेना ने इस अभियान को ईरान में घुसकर अंजाम दिया। ईरान द्वारा विमान को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी वायुसेना का अधिकारी दुश्मन से बचने के लिए पहाड़ों की एक दरार में छिप गया और 7,000 फुट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन तक चले इस मिशन में अमेरिकी सेना उसे सुरक्षित ले आई।

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में, बचाए गए अधिकारी को एक अत्यंत सम्मानित कर्नल बताया। उन्होंने कहा, हमने ईरान के पहाड़ों के बीच से, गंभीर रूप से घायल और अत्यंत साहसी एफ-15 चालक दल के सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। व्हाइट हाउस ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की, हम किसी भी अमेरिकी सैनिक को कभी संकट में नहीं छोड़ेंगे। विमान के चालक दल के दो सदस्य बाहर निकलने में सफल रहे थे। इनमें से एक पायलट को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरे पायलट की तलाश में अमेरिका ने ईरान में उतरकर दिन-रात एक कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात के एक पेट्रो-रसायन संयंत्र में रविवार को हुए हमले के बाद आग लग गई।

वहीं, होर्मुज खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को फिर दावा किया कि तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को खत्म कर दिया गया है।

### यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन

शनिवार देर रात 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक साहसिक खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। उन्होंने कहा, यह बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा में था, जहां हमारे दुश्मन उसकी तलाश कर रहे थे तथा हर गुजरते पल के साथ वे उसके और करीब आते जा रहे थे।



### कुवैत में वित्त मंत्रालय व तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले



**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

## ब्रीफ न्यूज

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित कीं

**यरूशलम।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इस्रायर, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना वहां रह रहे 40,000 भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण निकलना चाहते हैं।

### ईंधन संकट के बीच नेपाल में सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा

**काठमांडू।** ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

# न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना तृणमूल का महाजंगलराज

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में भीड़ द्वारा न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा और इसे सत्ताधारी पार्टी की सरकार के महाजंगलराज का उदाहरण बताया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली हुई है। यहां घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन है।

मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा के बाद कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को कैसे बंधक बनाया गया था और सवाल किया कि यह किस तरह की सरकार है जो न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा और संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। मोदी ने कहा, जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आप तृणमूल शासन में आम लोगों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? मालदा में जो हुआ वह तृणमूल के महाजंगलराज का एक उदाहरण है। ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार किसी भी संवैधानिक संस्था को महत्व नहीं देती। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रूर तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत बंगाल की पवित्र भूमि पर लोकतंत्र प्रतिदिन रक्तपात का शिकार हो रहा है। मोदी ने कहा कि यहां स्थिति इतनी खराब है कि उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली हुई है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- बंगाल में टीएमसी कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली
- कहा- घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन

### बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाला

भाजपा ने मालदा की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल पर अपना हमला तेज किया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति और घुसपैठ के माध्यम से बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस शासन के तहत, बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में खतरनाक जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है। इन घुसपैठियों को तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट से सीधा संरक्षण मिलता है, जिससे राज्य के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है।

# मौत की रफ्तार..बेकाबू बोलेरो टैंकर में घुसी, 5 की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम बाइक को टक्कर मारते हुए बेकाबू बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गई। भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुए एक्सीडेंट की वजह ओवरस्पीड और गलत ओवरटेक और हाईवे किनारे खड़ा टैंकर माना जा रहा है। मृतकों में दो बरेली और दो पीलीभीत के रहने वाले थे, जबकि एक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायल भर्ती है। एसपी सिटी ने बताया कि खराबी की वजह से टैंकर रोड किनारे खड़ा था। अचानक उससे टकरा गई।

### बरेली में दिल्ली हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान हादसा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

- हाईवे किनारे खड़ा था टैंकर, बाइक को टक्कर मार टैंकर में घुसी बोलेरो, मृतकों में तीन कार यात्री और दो बाइक सवार शामिल, इनमें 4 लोग बरेली के

### इन लोगों ने गंवाई जान

बोलेरो सवार मनमोहन सिंह निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली, सिकंदर निवासी कल्याणपुर चकतीर्थ, पीलीभीत और एक अज्ञात की मौके पर ही जान चली गई। बाइक सवार ग्राम अटाकायस्थान थाना सीबीगंज निवासी साहबजाद खान और मुमताज ने भी दम तोड़ दिया।

### सीतापुर के बिसवां में त्रिकोणीय भिड़ंत में तीन की मौत

**बिसवां/ सदरपुर।** सीतापुर जिले के सदरपुर क्षेत्र के धामी सराय चौराहे के पास रविवार शाम सड़क हादसा हुआ। भूसी से भरे तेज रफ्तार ट्रक, पिकअप और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप गाड़ी के दो टुकड़े हो गए और ट्रक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दो महिलाएं और एक युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक थाना मानपुर लालपुर कोठी निवासी पुष्पेंद्र (26) और अंकित (25) सहित कोतवाली बीसवां के सत्तीनपुरवा निवासी साहिल उर्फ अयान (29) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

## आतंकी गतिविधियों के शक में कुशीनगर से एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने उठाया

**कुशीनगर।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के संदेह में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक युवक को हिरासत में लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाया गया। उप्र पुलिस के अनुसार, दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान पडरौना के छावनी क्षेत्र के राइन मोहल्ला निवासी रिजवान अहमद की भूमिका सामने आई। इस आधार पर विशेष शाखा के निरीक्षक निशांत दहिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम शनिवार देर शाम पडरौना पहुंची और स्थानीय कोतवाली पुलिस के सहयोग से रिजवान अहमद को हिरासत में लिया।

# इजराइल में सुरक्षित हैं यूपी के 6000 श्रमिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार ने लगातार संपर्क बनाए रखने का किया दावा

**अमृत विचार:** इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के छह हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय दूतावास के माध्यम से नियमित अपडेट ले रही है।


प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से लगातार संपर्क में हैं। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी भारतीय श्रमिक, विशेषकर यूपी के कामगार, पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी बड़े खतरे या आपात स्थिति की सूचना नहीं है। हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन नियंत्रण में हैं।

राजदूत के साथ हुई बातचीत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग सामने नहीं आई है। सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार और भारतीय दूतावास के समन्वय से इजराइल में कार्यरत यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है और हर संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।

# मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर 6% की

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट के बीच 2026-27 के लिए जारी किया नया अनुमान
- कहा- महंगाई का जोखिम बढ़ेगा आने वाले दिनों में परिवारों के लिए एलपीजी की होगी कमी



मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा।

भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा। यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है।

कहा, हालांकि महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा।

### औद्योगिकी गतिविधियों में रहेगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी।

**सीजेआई बोले** | जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है

# न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य

हैदराबाद, एजेंसी

सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है।

उन्होंने कहा, देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मान रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित परियोजना के नक्शों और मॉडल को देखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 100 एकड़ में बनने वाला नया उच्च न्यायालय परिसर देश के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ चर्चा के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि पूरे उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसमें आवासीय और अन्य बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने इस प्रतिबद्धता के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।



तेलंगाना में एक समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीजेआई सूर्यकांत।

### सीजेआई ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय भवन के डिजाइन मॉडल को प्रदर्शित करने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिकारी और कानून जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इससे पहले स्वागत भाषण में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि जोन-II का विकास पूरी परियोजना में महत्वपूर्ण चरण है, जिसे न्यायपालिका की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणों में लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति एस वी भट्टी, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अर्पेश कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### इप्सेफ प्रतिनिधिमंडल को कैबिनेट सचिव से मिला आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन से उनके कार्यालय में रविवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट सचिव ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इप्सेफ के उप महासचिव अतुल मिश्र ने बताया कि बैठक में आठवें वेतन आयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें वेतनमान, भत्ते, पेंशन निर्धारण आदि शामिल हैं। बताया गया कि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर सरकार जनवरी 2026 से इसे लागू कर सकती है, जिसका लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगा। इसके अलावा रिक्त पदों पर पदोन्नति, नियमित नियुक्तियां, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति निर्माण तथा शिक्षकों के लिए टीईटी संबंधी प्रावधानों में राहत जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी।

### सात करोड़ की हेरोइन पकड़ी, चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एएनटीएफ की गोरखपुर और बाराबंकी की टीम ने दो दिन के अंदर लखनऊ और कुशीनगर में छापेमारी की। इस दौरान करीब सात करोड़ की हेरोइन बरामद की। टीम के हत्थे चार आरोपी चढ़े। आरोपियों के खिलाफ लखनऊ व कुशीनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एएनटीएफ व स्थानीय पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एएनटीएफ गोरखपुर की टीम द्वारा आलमबाग में पकड़े गए आरोपियों में बाजारखाला के फैसल हसन और फरहान हसन शामिल हैं। उनके पास से 1.230 किलोग्राम हेरोइन (करीब 2.46 करोड़) पकड़ी गई। वहीं बाराबंकी की एएनटीएफ यूनिट ने कुशीनगर में छापेमारी कर बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया स्थित गुदरा निवासी विनोद साहनी और झारखंड के चतरा के गिद्धौर स्थित दांगी निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2.505 किलोग्राम हेरोइन (करीब 5 करोड़) बरामद की गई।

### नशीले पदार्थों का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एसटीएफ ने अयोध्या के 50 हजार रुपये के इनामी नशीले पदार्थ के तस्कर को संभल के बबराला से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई शनिवार देर शाम को की। आरोपी के खिलाफ अयोध्या के बीकापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अरुण मेरठ के मेडिकल थाना स्थित जागृति बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में उसने संभल के बबराला स्थित अंबेडकर कालोनी में ठिकाना बना रखा था। 2023 में उड़ीसा से गांजे की खेप मंगाने के दौरान उसके दो साथी अयोध्या में पकड़े गए थे। जिसके बाद से वह फरार हो गया था।

### शातिरों ने बैंक खाते से उड़ाए 1.80 लाख रुपये, जांच जारी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहर के दहिलामऊ उत्तरी निवासी व्यवसायी संजीव आहूजा के अलग-अलग बैंक खाते से साइबर शातिरों ने 1 लाख, 79 हजार, 994 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया। घटना 11 मार्च की रात 9:40 से 9:50 बजे के बीच की है। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत करने के साथ ही साइबर थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# 'आनंद मठ' की प्रस्तुति देख भावुक हुए योगी, कलाविदों को किया सम्मानित

## भारतेंदु नाट्य अकादमी में जीर्णोद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में 'आनंद मठ' की नाट्य प्रस्तुति देखी और कलाकारों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन व दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कलाविदों और अकादमी के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'आनंद मठ' पर आधारित प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि इस तरह के नाट्य मंचन राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी माध्यम साबित हुआ। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह समेत अनेक रंगकर्मी, पूर्व छात्र आदि मौजूद रहे।

### इन हस्तियों को मिला सम्मान

किरण बिसारिया-लखीमपुर खीरी, रामगोपाल बजाज-नई दिल्ली, अनिल रस्तोगी-लखनऊ, प्रो. अजय मलकानी-रांची, रविशंकर खरे-गोरखपुर, चित्रा मोहन-प्रयागराज, मंजू ब्रजनंदन शर्मा-सहारनपुर, मुनीश सप्पल-मुंबई, डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी-प्रयागराज, डॉ. अजीत सैगल-वाराणसी, राकेश निगम-लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा-आगरा, आलोक पांडेय-शाहजहांपुर, कुशल दुबे-जौनपुर, राकेश पांडेय-भदोही।



लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में कलाविदों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

### इनामी पशु तस्कर को दिल्ली से दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी पशु तस्कर संतोष पासवान को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से शनिवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ चंदौली में पशु तस्करी व क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एएसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, संतोष दिल्ली के शालीमार बाग इलाके का रहने वाला है। शनिवार को संतोष की लोकेशन शालीमार बाग में मिली। इसके बाद टीम ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया। संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात को आरोपी को दिल्ली पश्चिम से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पशुओं को वाहन से बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल भेजा जाता था।

# गुंडों-माफिया को पनपने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास, कानून व्यवस्था पर सख्त संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- योगी बोले-'नो दंगा-नो कर्फ्यू' की स्थिति, अब यूपी बना सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि प्रदेश में गुंडों और माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन अब समाप्त हो चुके हैं और आज यूपी सुरक्षित व विकासशील राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर में घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स और सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण तथा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, लेकिन अब प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश बन गया है। योगी ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी और पुलिस को निर्देश है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जिससे प्रदेश में विश्वास और निवेश का माहौल बना है।

### खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन गाएंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा।




गोरखपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का तथ्यों और शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष मनगढ़ंत आरोपों के जरिए माहौल बनाने की कोशिश करेगा, ऐसे में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सतर्क और सक्रिय रहना होगा। मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही सकारात्मक कंटेंट तैयार कर विकास कार्यों को प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर बूथ पर मजबूत उपस्थिति बनाएं और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दें। सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ खड़ी रही है।

# छह ब्लड बैंकों में मिली अनियमितताएं, लगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में छापेमारी

**अमृत विचारः** प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों में मानक की जांच जारी है। उक्त क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र. की टीम ने रविवार को कई जिलों में संचालित ब्लड बैंकों पर छापेमारी कर अनियमितताएं पकड़ी हैं। मरीजों को मानक विपरीत खून उपलब्ध कराने वाले 6 ब्लड बैंकों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है। अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में कुल 18 चेरिटेबल ब्लड बैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनमें बिना टेस्ट के रक्त ट्रांसफर, एलाइसा जांच का अभाव, कोल्ड चेन में लापरवाही, तकनीकी स्टाफ की कमी और गंदगी जैसी स्थिति शामिल हैं। खामियों को देखते हुए अलीगढ़ के तीन, बहराइच के दो और शामली के एक समेत कुल 6 ब्लड बैंकों पर तत्काल प्रभाव से खून की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र. आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने बताया कि 30 मार्च से चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में 201 ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया गया।

### कानपुर में तय होंगी नई बिजली की दरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली की नई दरों को लेकर सोमवार को कानपुर में अंतिम सुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित इस सुनवाई के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरों का ऐलान किया जाएगा। इस अहम सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपभोक्ताओं की ओर से पक्ष रखेंगे। परिषद बिजली दरों में कमी की मांग के साथ-साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाएगा। परिषद का दावा है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है।

### कार की टक्कर से ऑटो सवार शिक्षिका की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जौनपुर सिंगरामऊ सेतापुर निवासी राकेश मिश्र की पत्नी मीरा मिश्रा अपने 10 वर्षीय नाती देव मिश्र को साथ लेकर ऑटो से चांदा सुल्तानपुर दवा लेने जा रही थी। रास्ते में आसपुर देवसरा के नगर निवासी जगदीश प्रताप सिंह की पत्नी निजी स्कूल की शिक्षिका किरन सिंह भी ऑटो में बैठ गईं। ऑटो जैसे ही नगर पंचायत ढकवा फोर लेन पर पूरा ढकवा मोड़ पर पहुंचा सुल्तानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो चालक सहित सभी सभी सवार लोग घायल हो गए। सूचना पर ढकवा चौकी प्रभारी अवधराज यादव पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी चांदा भेजवाया। वहां किरन सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। उनके पति की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने जेसीबी से क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने भेजवा कर यातायात बहाल कराया।

### समाज हित के लिए सकारात्मक पत्रकारिता आवश्यक



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते डॉ.केएन ओझा।

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार कुंडा में इंडियन प्रेस काउंसिल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों पद व गोपनीयता की शपथ ली। अतिथियों ने समाज हित के लिए सकारात्मक पत्रकारिता आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. केएन ओझा ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। उनकी जिम्मेदारी है कि वे बिना किसी दबाव के सच्चाई को जनता तक पहुंचाएं। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने प्रशासन और मीडिया के बेहतर समन्वय को विकास के लिए आवश्यक बताया। तहसील इकाई कुंडा के अध्यक्ष संदीप साहू, महामंत्री राहुल यादव, कोषाध्यक्ष अमित पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राम भुआल पाल, उपाध्यक्ष अजय मिश्र, प्रमोद आजाद, मीडिया प्रभारी अर्जुन धनगर, सदस्य शिवमोहन यादव, सुभाष सोनकर, सौरभ मौर्य, विकास पांडेय, हसीब उल्ला, सतीश कुमार, सदर अध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी सहित पदाधिकारियों ने शपथ ली। तहसीलदार अलख शुक्ला, राजा भैया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, इंस्पेक्टर मनोज पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रभाकर सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन संरक्षक अजय मिश्र ने किया। सत्येंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल, विजय पांडेय, श्यामलाल विश्वकर्मा सहित गणमान्य मौजूद रहे।

### अभ्युदय में भारत की महानता का किया बखान



वार्षिकोत्सव अभ्युदय में संस्कृति एवं संस्कार की झलक दिखी। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी, फुलवारी के वार्षिकोत्सव अभ्युदय में छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। प्रस्तुतियों से चंद्रयान, वैज्ञानिक सोच सहित भारत की महानता का बखान किया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, विशिष्ट अतिथि संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश, जिला प्रचारक प्रवीण, विद्यालय निदेशक विनोद सिंह ने शुभारंभ किया। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। संगीत शिक्षिका यमी सिंह, प्रीतम राज के निर्देशन में विद्यार्थियों ने मेड इन इंडिया, कव्वाली, भारतीय पर्व, हिंदी दिवस, आपरेशन सिंदूर तारक मेहता, महाभारत आदि की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को वार्षिक रिपोर्ट रखी। संचालन में धर्मराज मौर्य, नीरज विश्वकर्मा, नारायणी सिंह, सक्षम सिंह, अस्तुत मिश्र, यूथिका सेंफियाल, श्रद्धा विश्वकर्मा, अनुभव मौर्य, चांदनी श्रीवास्तव, अनन्या खरे की भूमिका रही। वहीं शिवांश, परी यादव, रुपम खन्ना, वर्षित सिंह को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर, शुभी गौतम को बेस्ट अटेंडेंस आफ द ईयर, बेस्ट स्पोर्ट्स स्टूडेंट ऑफ द ईयर चित्रांश, नितंजय एवं सुहानी सरोज को बेस्ट कल्चरल परफार्मेंस, ऐंजल सिंह को बेस्ट इंप्रूवमेंट आफ द ईयर मिला। वहीं अभिभावक विकास सिंह, रीता साहू, प्रियंका शुक्ला, मो.आजाद, डॉ.मनीष मिश्र, नीतू पुष्पाकर, अभिषेक तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, अंतिमा सोनी, मनोज वर्मा, अंकिता दूबे, सुधा इंद्रभान सिंह, अविनाश सिंह, दुर्गा प्रसाद पटेल, नीलम देवी, राज करन सरोज एवं शिक्षक नीलम शर्मा, संजीव शुक्ल, संजू सिंह, शिवानी कांत वर्मा, आरती पांडेय, ऊषा जायसवाल, यमी सिंह, किरन सिंह, पूजा मिश्रा एवं कुशल प्रबंधन के लिए नीरज विश्वकर्मा, बेहतर समन्वय के लिए धर्मराज मौर्य को सम्मानित किया गया।

# रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़

- सोनीपत गुनौर रेलवे लाइन के बगल में हादसे का हुआ शिकार

**अमृत विचारः** उदयपुर थाना क्षेत्र के भैयापुर दर्रा का 15 वर्षीय अमरजीत सरोज गोलू पुत्र कामता सरोज कक्षा 10 का छात्र था। वह सांगीपुर स्थित एक कॉलेज में पढ़ता था। हाईस्कूल की परीक्षा देकर वह सात मार्च को गांव के साथी 16 वर्षीय विजय पाल के साथ सोनीपत कामकाज के सिलसिले में चला गया। 12 मार्च को विजयपाल अपने घर चला आया। लेकिन अमरजीत माली का काम करने लगा। अमरजीत खाली समय में रील भी बनाया करता था। शनिवार को अमरजीत रील बनाने के लिए सोनीपत गुनौर रेलवे लाइन के बगल चला गया। बताया जा रहा है कि रील बना रहा था। उसी समय ट्रेन की चपेट में आने से अमरजीत की कटकर मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पिता कामता बेटे करमजीत को लेकर रविवार को सोनीपत गए। रविवार शाम तक मृतक का शव घर नहीं आया था। इसके साथ किशोर की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# इश्क का खुमार! प्रेमिका को बुलाने के लिए टॉवर पर चढ़ गया सिरफिरा

## तीन घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा, परिजनों व पुलिस के समझाने पर उतरा नीचे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** इश्क के पागलपन में युवक बीएसएनएल कार्यालय परिसर में लगे 120 मीटर ऊंचे टॉवर पर चढ़ गया। इतना ही नहीं युवक ऊपर रोते हुए प्रेमिका को बुलाने की जिद पर अड़ गया। करीब 3 घंटे चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और परिजनों के मान-मनौवल पर युवक टॉवर से नीचे उतरा। बताया जा रहा कि शादी न होने से युवक काफी परेशान रहता था। घटना के दौरान देखने वालों की मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

हुआ यह कि एक इंटर का एक छात्र अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने से साफ इनकार कर दिया। उसकी एक ही शर्त थी कि उसकी प्रेमिका को बुलाओ, तभी उतरूंगा। नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज परिसर में हुई इस घटना ने कुछ ही मिनटों में सनसनी फैला दी।



टॉवर पर चढ़ा युवक। ● अमृत विचार



टावर के नीचे सुरक्षा जाल बिछाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

टावर पर बैठे युवक को देखने के लिए आसपास भारी भीड़ जुट गई, वहीं पुलिस और प्रशासन के लिए हालात संभालना चुनौती बन गया। युवक की पहचान देवा थाना क्षेत्र के रहने वाले नितिन रावत के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वह इंटर का छात्र है और टिकैतनगर क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ने वाली अपनी प्रेमिका से पिछले करीब एक साल से बात कर रहा था लेकिन पारिवारिक सहमति न मिलने के कारण मामला उलझ गया।

टावर पर बैठा नितिन बार-बार फोन पर एक ही बात दोहराता रहा जब तक प्रेमिका नहीं आएगी, मैं नीचे नहीं उतरूंगा। पुलिस लगातार संपर्क में रही और उसे समझाने की कोशिश करती रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया गया। किसी अनहोनी से बचने के लिए टावर के नीचे सुरक्षा जाल बिछाया गया और फायर ब्रिगेड को भी अलर्ट रखा गया। इस दौरान पहुंचे परिजन भी उसे मनाने की कोशिश करते रहे। करीब ढाई से तीन घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार समझाइश और रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा। नितिन को सुरक्षित नीचे उतार कर पुलिस उसे स्वास्थ्य जांच के लिए जिला अस्पताल ले गई।

# प्रेम-प्रसंग में हुई थी आसिफ की हत्या, चार गिरफ्तार

सफदरगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सफदरगंज थाना क्षेत्र में आसिफ की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा, तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। कारण यह कि मृतक की बहन से एक आरोपी का जबकि एक आरोपी की बहन से मृतक का प्रेम प्रसंग चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, रामपुर कटरा निवासी मो. वसीम ने 4 अप्रैल को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई मो. आसिफ की हत्या मो. तौफिक और उसके साथियों ने मिलकर कर दी। इस आधार पर थाना सफदरगंज में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमों का गठन किया। स्वाट, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तौफिक, अकील, शाहरूख और फैज निवासी रामपुर कटरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि तौफिक का मृतक की बहन से बातचीत को लेकर विवाद था, जबकि मृतक आसिफ का शाहरूख और फैज की बहन से प्रेम संबंध था। इसी रंजिश में 3 अप्रैल की रात आरोपियों ने आसिफ को मेला दिखाने के बहाने बुलाया और मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



पुलिस की गिरफ्त में आसिफ के हत्यारोपी। ● अमृत विचार

## महादेवा में राज्यमंत्री ने किया जलाभिषेक



जलाभिषेक करते दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व उनकी पत्नी। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्य मद्य निषेध परिषद के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ब्रजेश शुक्ला ने रविवार को अपनी पत्नी के साथ लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने जलाभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। मंदिर के पुजारी अखिल तिवारी ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई, जबकि मंदिर प्रशासन ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। उनके साथ आए समर्थकों और स्थानीय लोगों ने भी दर्शन-पूजन किया।

## फसलों के नुकसान का लिया जायजा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने रविवार को तहसील क्षेत्र में विभिन्न निरीक्षण और सर्वे कार्य किए। उन्होंने पंचायत चुनाव के मद्देनजर बूथ परिवर्तन की संभावना वाले विद्यालयों का जायजा लिया और आंधी-बारिश से गेहूं की फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया। अधिकारियों ने ग्राम अरियामऊ और इंटोरा के स्कूलों का निरीक्षण किया, जहां पंचायत चुनाव के लिए बूथों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान सूर्य प्रकाश दीक्षित सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। इसके साथ ही राजस्व टीम के साथ अरियामऊ, इंटोरा और श्यामनगर में गेहूं की फसलों का निरीक्षण कर बीती रात आई आंधी और बारिश से हुए संभावित नुकसान का जायजा लिया गया। इसी क्रम में तहसील परिसर स्थित तालाब के आसपास उगी झाड़ियों और गंदगी को जेसीबी मशीन से साफ कराया गया। राजस्व निरीक्षक भूपेन्द्र द्विवेदी, राम आशीष व अन्य कर्मियों की मौजूदगी में परिसर को स्वच्छ कर गर्मियों में बैठने के लिए स्थान भी तैयार कराया गया।

## अपेक्षित विकास से रामनगर क्षेत्र वंचित



पत्रकार वार्ता में विचार रखते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता पं. रामलखन शुक्ल ने कहा कि पुराने कार्यकर्ताओं का सम्मान और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने रामनगर क्षेत्र को धार्मिक व ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां कुंतेश्वर मंदिर, लोधेश्वर महादेव, पारिजात और गोमती उद्गम स्थल जैसे प्रमुख स्थल मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र अपेक्षित विकास से वंचित है और जनता उपेक्षित महसूस कर रही है। शुक्ल ने अमरादेवी मंदिर, जोगीवीर आश्रम, दाता दरबार, भगहर झील और पंचमुखी हनुमान मंदिर के विकास की आवश्यकता बताई। साथ ही बुढ़वल चीनी मिल की बदहाली पर चिंता जताते हुए उसके पुनरुद्धार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर रामनगर को स्वर्णिम मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दौरान रामलाल यादव, सुनील कुमार मौर्य, मान सिंह यादव, भानु प्रताप सिंह गुड्डू व सत्यम पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मारपीट में बदला मामूली विवाद, छह लोग घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए मामूली विवादों ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाओं में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम बरहुआ की है। यहां सावेज अशरफ ने आरोप लगाया कि 3 अप्रैल की सुबह उसका भाई तबरेज अशरफ के साथ घर पर मौजूद था, तभी उसके रिश्तेदार अदनान, फरहान, जीशान अशरफ व सैफ निवासी ठाकुरगंज लखनऊ लाठी-डंडों के साथ पहुंचे। जग को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि आरोपी दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए और परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दूसरी घटना थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की है, जहां बच्चों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। गुलाम नवी उर्फ दोदे के अनुसार, 3 अप्रैल की रात गांव के ही रसिदा व उसके परिजनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें जैबूल, राबिया व जसीम घायल हो गए। तीसरी घटना थाना सफदरगंज क्षेत्र में सामने आई, जहां ऑटो से कट मारने के विवाद में युवक के साथ मारपीट की गई। कयूम ने तहरीर में बताया कि 3 अप्रैल की रात कन्धईपुर मोड़ के पास ऑटो सवारों से कहासुनी के बाद साजिद, वसीक, जुनैद, अतीक समेत अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## रेल पटरी के किनारे मिला युवक का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने शव देखा तो आसपास लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। क्षेत्र के ग्राम गुडौली के निकट से गुजरी रेल लाइन किनारे पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ को बुलाया गया, जिसने जांच की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई या मामला संदिग्ध है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हादसों में तीन की मौत, दो घायल

**रफ्तार की मार**

**कोठी, रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार का कहर बराबर जारी है। शनिवार रात और रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक मासूम समेत दो लोग घायल हुए हैं।

पहली घटना कोठी थाना क्षेत्र के हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर कोठी कस्बे के पास बीएसएनएल टावर के निकट हुई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित अपाचे बाइक सवार दो युवक ई-रिक्शा से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी कोठी ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सूरज रावत (20) पुत्र हरिश्चंद्र निवासी असौरी और अमरेश रावत (25) पुत्र कमलेश रावत निवासी कस्बा कोठी के रूप में हुई। दोनों युवक बिना हेलमेट के बाइक पर सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उनकी बाइक की टक्कर ई-रिक्शा से हुई। पुलिस ने ई-रिक्शा कब्जे में ले लिया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरी घटना रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार को सामने आई। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपति और उनके 7 वर्षीय पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

इलाज के दौरान विनीता (32) पत्नी निशांत सिंह निवासी ग्राम टिहुर्की की मौत हो गई, जबकि पति निशांत सिंह (35) और उनका पुत्र अभी उपचाराधीन हैं। परिवार कोटवाधाम दर्शन के लिए जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ।

### बस से टकराई डीसीएम, चालक घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया पावर हाउस के सामने खड़ी एक बस को पीछे से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। बस सड़क किनारे खड़ी थी और यात्री नीचे उतर रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर बस से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल चालक की पहचान मेरठ जिले के सरधना थाना क्षेत्र के कमरूदीन नगर निवासी शादाब के रूप में हुई है। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## कार्यकर्ताओं को दी गई संगठन की जानकारी



प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हरगोविंद सिंह। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सीतादेवी पीजी कॉलेज में संपन्न हुई। यह कार्यशाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। रविवार को दूसरे दिन भाजपा नेत्री अल्का मिश्रा और नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर सत्रों का शुभारंभ किया। प्रत्येक दिन तीन सत्रों में कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्य पद्धति, इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, बूथ प्रबंधन, कार्य विस्तार और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा पर आधारित पार्टी है, जो अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का लक्ष्य रखती है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा 'पिंटू', मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी, नागेंद्र प्रताप सिंह, नीरज वर्मा, अमरेंद्र सिंह 'बबलू', दुर्गेश दीक्षित, अखिलेश सिंह, अनिल कनौजिया, अभिषेक शुक्ला, अनिरुद्ध शुक्ल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौजूदा सरकार में विकास कार्य ठप



सपा विधायक गौरव रावत के साथ अन्य नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीडीए जनचौपाल**

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में आयोजित पीडीए जन चौपाल में समाजवादी पार्टी नेताओं ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक गौरव रावत ने कहा कि सपा सरकार के समय बाराबंकी विकास के लिए जाना जाता था, लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों के चलते विकास कार्य ठप पड़ गए हैं और जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान ने दबे-कुचले वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर दिया, लेकिन आज उसे बचाने की जरूरत है, जिसकी लड़ाई सपा मुखिया अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ाकर जनता का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनाव समय से न कराकर सरकार अपनी नाकामियां छिपाने की कोशिश कर रही है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख यासिर अराफात किदवई, सपा ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश यादव, विधानसभा महासचिव पप्पू वर्मा प्रधान, जिला उपाध्यक्ष रिजवान संजय, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उबेद शानू समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तार से गिरी चिंगारी 4 बीघा फसल जली

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की लापरवाही से एक किसान की मेहनत देखते ही देखते राख हो गयी। खेत मे मौजूद समरसेबल पम्प से ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग बुझाई, तब तक किसान की करीब चार बीघा फ़सल आग की भेंट चढ़ चुकी थी। बताते चलें कि रविवार दोपहर को विद्युत उपकेंद्र मसौली से ग्राम पंचायत रहरामऊ स्थित राजकीय नलकूप को जाने वाली 11 हजार हाईटेंशन लाइन के ढीले तार से निकली चिंगारी ने सपा विधायक गौरव रावत के प्रतिनिधि रिजवान संजय के खेत में खड़ी गेहूं की तैयार फसल को आग के हवाले कर दिया। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते करीब 4 बीघे फ़सल जलकर राख हो गयी।

# आंधी-बारिश व ओलावृष्टि ने तोड़ी किसानों की कमर

**बाराबंकी। अमृत विचार :** शनिवार रात तेज बारिश व दो बार आंधी का सबसे खराब असर किसानों की मेहनत पर पड़ा है। बिजली आपूर्ति में बाधाएं आईं, अभी भी सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबे हैं तो बिजली गिरने से एक छप्परनुमा घर को खासा नुकसान पहुंचा। खेतों में गिरी व भीगी फसल अब किसी काम की नहीं रही।

शनिवार की शाम अचानक बदले मौसम में पहले तेज आंधी आई फिर बूंदाबांदी शुरु हो गई, यह थमते ही एक बार फिर तेज आंधी चली और बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। करीब आधे घंटे बाद बारिश थमी। इस बीच जिले के कई इलाकों में ओले भी गिरे। बारिश व आंधी से सबसे ज्यादा नुकसान फसलों को पहुंचा, सरसों व गेहूं की खड़ी फसल लेट गई, वहीं बारिश से भीगी फसल बेकार हो गई। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के ग्राम अहाता मजरे नरपतपुरवा में एक छप्पर पर आकाशीय बिजली गिरी, जिससे काफी नुकसान हुआ। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी। वहीं बागवानी क्षेत्र में आम के बौर झड़ने और फलों के खराब होने से बागवानों को भी बड़ा झटका लगा है। सब्जी उत्पादकों की स्थिति भी खराब हो गई है। उपखंड रामसनेहीघाट के जैदपुर विद्युत केंद्र से जुड़ी 11 हजार वोल्ट लाइन के करीब 8 खंभे गिर गए, जिससे सैकड़ों गांवों में रातभर अंधेरा छाया रहा।

**कार्यक्रम** | प्रशिक्षण में विचारधारा व सिद्धांतों से रूबरू हुए कार्यकर्ता, प्रदेश महामंत्री ने किया रात्रि प्रवास

# भाजपा संगठन की रीढ़ है प्रत्येक बूथ : संजय राय

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाजपा ने पंडित दीनदयाल महाप्रशिक्षण अभियान के तहत रविवार को जनपद के 9 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करके कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और सिद्धांतों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके वर्ग का शुभारंभ किया। दो दिवसीय वर्ग के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने सात सत्रों में संगठन की रीती नीति से संबंधित विषयों पर अपने व्याख्यान दिए।इस दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।



प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय।

देवा के अटवट मऊ गांव स्थित एक निजी मैरिज लॉन में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने शनिवार की रात्रि प्रवास किया। रविवार की सुबह प्रशिक्षुओं संग योग व्यायाम किया। प्रदेश महामंत्री ने तृतीय सत्र में बूथ प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बूथ प्रबंधन सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी एवं सर्वग्राही के सिद्धांत का अनुपालन करता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के समर्पण से सुनिश्चित होती है। कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित पार्टी है। विचारधारा को प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाने के लिए ही प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग हमें केवल जानकारी ही नहीं देता, बल्कि एक जागरुक, अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता बनने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बेलहरा और फतेहपुर मंडल के प्रशिक्षण में विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने सरकार की उपलब्धियों से कार्यकर्ताओं को रूबरू कराया। इसके अलावा बंकी देहात ,बंकी नगर और बाराबंकी नगर और सिरौलीगौस पुर में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए। इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा, संतोष सिंह, अजीत प्रताप सिंह, विजय आनंद बाजपेई, शीलरत्न मिहिर, सुशील जायसवाल, अरविंद मौर्य, संदीप गुप्ता, ।डॉक्टर विवेक वर्मा, नवीन सिंह राठौर, इक्ष्वाकु मौर्य, ।नीता अवस्थी, अरविंद वर्मा, सचिन रावत, सूरज सिंह, करुणा शंकर शुक्ला, रंजीत लोधी, श्रीकांत मिश्रा सहित विभिन्न मंडलों की समस्त कार्यसमिति के सदस्य मौजूद रहे।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने शव उतार कर पुलिस को सूचित किए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। बरावां गांव निवासी मयंक (20) की रविवार सुबह घर के लोगों से कहासुनी हो गई थी। थोड़ी देर बाद लगभग ग्यारह बजे मां जब उसके कमरे में गई तो उसकी चीख निकल गई। मां ने बेटे को छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। मां की चीख पुकार सुनकर घर व मोहल्ले के लोग दौड़ पड़े। परिवार के लोगों ने शव को नीचे उतारा तो पाया कि युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक का एक छोटा भाई भी है जबकि पिता दूसरे प्रांत में नौकरी करता है। घर में मां एवं दोनों भाई रह रहे थे। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## मेधावियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर किया सम्मानित



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि, प्रबंधक, प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा परिणाम, प्रमाण पत्र वितरण एवं पुरस्कार समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवा थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक अजीज खान, आयशा खान एवं प्रधानाचार्य रूमा तिवारी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अजय कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा उज्ज्वल भविष्य का आधार है। वहीं प्रधानाचार्य रूमा तिवारी ने विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा उपप्रधानाचार्य पूनम यादव ने तैयार की, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित रहा। अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों, अभिभावकों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने आंधी-बारिश के बाद लिया नुकसान का जायजा

## किसानों से बातचीत कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, प्रशासन से जगी राहत की उम्मीद

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** शनिवार शाम आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के बाद संभावित फसल नुकसान को देखते हुए रविवार को जिला प्रशासन सक्रिय नजर आया। जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी और नायब तहसीलदार यशवंत सिंह ने गंगाघाट क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से हालात की जानकारी ली।

डीएम गौरांग राठी ने प्रधान राजेन्द्र लोधी व लेखपाल अजय यादव के साथ देवारा खुर्द गांव पहुंचकर उमाशंकर, पीयूष द्विवेदी, पवन, अमित समेत करीब दो दर्जन किसानों से मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने बताया कि फिलहाल गेहूं की फसल को बड़ा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यदि दोबारा आंधी-बारिश हुई तो कटी पड़ी फसल को नुकसान हो सकता है। वहीं नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी ने सहजनी, नेहरू बाग, फत्ते खेड़ा समेत आधा दर्जन गांवों का निरीक्षण किया। यहां कुछ किसानों ने खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल को आंशिक नुकसान होने की जानकारी दी। इसके अलावा एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने हाजीपुर गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और नुकसान का जायजा लिया। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि कहीं भी वास्तविक क्षति पाई जाती है तो नियमानुसार सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। प्रशासन की सक्रियता से किसानों को राहत की उम्मीद जगी है।


देवारा खुर्द गांव में फसलों की हकीकत देखते जिलाधिकारी गौरांग राठी व अन्य।


एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने खेतों में पहुंचकर परखा फसलों का नुकसान। • अमृत विचार

### आंधी-बारिश से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 36 घंटे से आधा सैकड़ा गांव अंधेरे में

शनिवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। ऐरा भदियार विद्युत उपकेंद्र से जुड़े करीब आधा सैकड़ा से अधिक गांव पिछले 36 घंटों से अंधेरे में डूबे हैं, जिससे हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अनुसार आंधी के चलते 33 केवीए लाइन के दो एचटी पोल टूट गए, जबकि 11 हजार वोल्ट लाइन के करीब 35 पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जेई आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5:30 बजे आई तेज आंधी के कारण यह नुकसान हुआ, जिसके बाद से लगातार मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। रविवार को विभागीय कर्मचारी पूरे दिन टूटे पोल खड़े करने और फाल्ट दुरुस्त करने में जुटे रहे, लेकिन देर रात तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। प्रभावित गांवों में शंकरपुर सरायं, पिपरी, सन्नी, बनी, कंजौरा, मुस्तफापुर, गरेरेपुर, पंचमपुर, हाजीपुर, बसधना, लालूपुर, कनिकामऊ, अगेहरा, देवारा कलां, देवारा खुर्द समेत कई गांव शामिल हैं। बिजली न होने से पेयजल संकट, मोबाइल चार्जिंग और दैनिक कार्यों में भी दिक्कतें बढ़ गई हैं। विभाग का कहना है कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### ओलावृष्टि से गेहूं की फसल बर्बाद, किसान परेशान

सदर तहसील के परियर क्षेत्र में बीते दो दिनों से मौसम में अचानक बदलाव के चलते तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की तैयार गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर चिंता और मायूसी साफ नजर आ रही है। परियर, मरौदा मझवारा, कटरी मरौंदा सूचित, माना बंगला, बाबू बंगला, चंडी बंगला, देवीपुरवा, बन्दनपुरवा, लाल्टूपुरवा, पनपथा, कोलवा और महानंद पुरवा समेत कई गांवों में तेज हवाओं के साथ ओले गिरने से खेतों में खड़ी और कटी फसल जमीन पर गिर गई। कई किसानों की कटी हुई फसल भीग गई, जिससे दानों के काले पड़ने और खराब होने का खतरा बढ़ गया है। रविवार को भी मौसम ने फिर करवट ली और तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई, जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित नहीं रख पाए। किसान भीगी फसल को सुखाने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सही आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं लेखपाल योगेश कुमार ने बताया कि जल्द ही नुकसान का सर्वे कर रिपोर्ट तहसील में भेजी जाएगी।

### एसडीएम ने खेतों में उतरकर जांचा नुकसान

**नवाबगंज, उन्नाव :** शनिवार को हुई बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में कटने के लिए तैयार खड़ी और कटकर रखी फसलें भीगने से भारी नुकसान हुआ है। रविवार को एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने प्रभावित गांवों के खेतों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक नुकसान गेंहू की फसल में पाया गया। किसानों ने एसडीएम को अपनी व्यथा सुनाते हुए दिखाया कि पानी लगने के कारण गेंहू का दाना न केवल कमजोर हो गया है, बल्कि वह काला भी पड़ने लगा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, दाने की गुणवत्ता खराब होने से बाजार में इसके दाम गिरेंगे और प्रति बीघा पैदावार में भी भारी कमी आएगी। एसडीएम प्रज्ञा पांडेय के साथ बीमा कंपनी की टीम और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने तहसील के विभिन्न गांवों का निरीक्षण किया। टीम ने रैनापुर, दरियापुर, परेंदा आदि गांवों का जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर किसानों से सीधा संवाद किया और कहा प्रशासन इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। किसानों की बर्बादी को देखते हुए एसडीएम ने मौके पर ही बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सर्वे की प्रक्रिया में देरी न की जाए। उन्होंने कहा किसानों का नुकसान बहुत ज्यादा है। तत्काल सर्वे रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए ताकि प्रभावितों को समय रहते राहत राशि मिल सके।

### आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल टॉवर के उपकरण फुंके, पान की भीठ में लगी आग


आकाशीय बिजली से जली पान की भीठ को देखते ग्रामीण। • अमृत विचार

**औरास, उन्नाव :** थाना क्षेत्र में देर शाम दो अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में मोबाइल टॉवर के उपकरण जलकर खाक हो गए, वहीं दूसरी ओर एक किसान की पान की भीठ आग की लपटों में घिर गई। गनीमत यह रही कि बिजली गिरने के साथ ही शुरू हुई तेज बारिश ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पहली घटना रामपुर खझडी गांव की है। यहां गांव के किनारे बहादुरपुर खंझड़ी निवासी प्रधान सुरेन्द्र चौरसिया की पान की भीठ है, जिसके बीचों-बीच एक महुए का पेड़ लगा है। शनिवार शाम अचानक तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली महुए के पेड़ पर गिरी। बिजली गिरते ही भीठ ने आग पकड़ ली और वह जलने लगी। हालांकि, उसी समय बारिश शुरू हो गई, जिससे आग विकराल रूप नहीं ले सकी और समय रहते बुझ गई। दूसरी घटना औरास-मोहान रोड स्थित मैनी भावा खेड़ा गांव के पास की है। यहां लगे एक मोबाइल फोन टॉवर पर बिजली गिरी। आसमानी बिजली का झटका इतना जोरदार था कि टॉवर के भीतर रखा जनरेटर और अन्य तकनीकी उपकरण पूरी तरह खराब हो गए।

### आंधी-बारिश से गिरी गेहूं की फसल, नायब तहसीलदार ने लिया जायजा

फतेहपुर चौरासी में शनिवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र में गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी और कटी फसल गिरने से किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

रविवार को नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल ने टांडा सातन, फतेहपुर चौरासी, दबौली और कदियारपुर गांवों का दौरा कर किसानों के खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने बताया कि अचानक बदले मौसम के कारण फसल गिर गई, जिससे कटाई और मड़ाई का कार्य प्रभावित हुआ है। किसानों के अनुसार खराब मौसम के चलते कृषि कार्य करीब एक सप्ताह तक बाधित हो सकता है। लगातार बदलते मौसम से किसानों के चेहरे पर चिंता साफ दिखाई दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने तीन वांछितों को किया गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर की गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कटरी पीपर खेड़ा निवासी अरुण निषाद, पहाड़ापुर निवासी नंद कुमार निषाद, कल्लूपुरवा निवासी अजीत कुमार निषाद पर मारपीट, हमला, दंगा और चोट पहुंचाने का मुकदमा दर्ज था। तीनों दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहे थे। रविवार को मुखबिर की सूचना पर यादव ढाबा के सामने, ग्राम कल्लूपुरवा क्षेत्र से तीनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेज दिया है।

### रहस्यमयी पत्थरबाजी से मोहल्ले में दहशत

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** नगर के गायत्री नगर में पिछले 15 दिनों से हो रही रहस्यमयी पत्थरबाजी से लोग सहमे हुए हैं। गायत्री नगर क्षेत्र में बीते करीब पंद्रह दिनों से अज्ञात लोगों द्वारा पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय निवासी संदीप कुमार, उदय कुमार, सर्वेश श्रीवास्तव, योगेश श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने बताया कि अचानक घरों पर पत्थर गिरने लगते हैं। मोहल्ले के निवासी सर्वेश श्रीवास्तव ने इस संबंध में तीन-चार दिन पहले बिंदा नगर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि पुलिस की मौजूदगी में ही पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बावजूद पुलिस यह पता नहीं लगा सकी कि पत्थर कौन फेंक रहा है।

# बीमारी से परेशान युवती ने कीटनाशक निगल दी जान

**संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवई गांव निवासी बीमार युवती ने कीटनाशक निगल लिया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसका इलाज कर घर भेज दिया। जहां उसकी मौत हो गई। चाचा की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नवई गांव निवासी पलक (19) पुत्री स्व. सुरेंद्र सिंह काफी समय से सिर दर्द की बीमारी से परेशान रहती थी। चाचा सोने सिंह ने बताया घर की आर्थिक स्थित भी बहुत अच्छी नहीं थी। इससे दवा का खर्च उसे अधिक परेशान किए थे। शनिवार की शाम इसी से ऊब कर उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। उल्टियां होने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर उसे नई सराय गांव स्थित एक निजी क्लीनिक पर इलाज के लिए ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद पलक की हालत में सुधार हुआ, जिसके बाद डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया। परिजन उसे लेकर वापस घर आ गए लेकिन शनिवार रात अचानक उसकी हालत फिर से बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से मां रामदेवी, बहने सिम्मी, कसक व भाई सत्यम बेहाल रहे। चाचा की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें कीटनाशक निगलने की आशंका पर विसरा सुरक्षित किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया चाचा ने आत्महत्या करने की सूचना दी थी। जांच कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

• चाचा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

# आग का गोला बना कंटेनर, हाईवे जाम

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** माल लादकर जा रहे कंटेनर में आग लगने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची तब तक कंटेनर जलकर खाक हो गया। लपटों को देख एक लेन पर घंटों जाम लगा रहा। जिसे खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए।

प्रतापगढ़ जिला के लालगंज गांव निवासी चालक असलम कंटेनर में देवा रोड, बाराबंकी से माल लादकर बेंगलुरु जा रहा था। तभी अजगैन कोतवाली के पास कंटेनर के इंजन से धुआं उठता देख कंटेनर रोक कर नीचे उतरा। लेकिन तब आग भड़क कर केबिन तक पहुंच गई। तेज हवा के चलते देखते-देखते पूरा कंटेनर आग की लपटों से घिर गया। जिसे देख अन्य वाहन चालकों ने अपने वाहन खड़े कर दिए। सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया सहित अजगैन व सोहरामऊ पुलिस ने मोर्चा संभाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सूचना के करीब डेढ़ घंटे के बाद दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। तब जाकर करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं हाईवे पर हुई घटना के दो घंटे बाद आई एनएचआई की टीम औपचारिकता निभा कर लौट गई। आग लगने के बाद एक लेन पर करीब चार किमी तक वाहनों की लाइन लग गई। जिसमें एंबुलेंस भी फंसी रही। पुलिस कर्मियों ने एक लेन से दोनों तरफ के वाहनों को एक-एक कर निकलवाया। तब जाकर यातायात सामान्य हो पाया।


आग लगने से धू धू कर जलता कंटेनर। • अमृत विचार

• राहगीरों में रही अफरा-तफरी, जाम खुलवाने में पुलिस को छूटे पसीने

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटहा गांव में शनिवार रात करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कटहा गांव निवासी नीरज (28) पुत्र प्रीतम रात करीब खेत पर बने कमरे में मोबाइल चार्ज करने गया था। इसी दौरान कमरे के पास लगे लोहे के गेट से एक कटा हुआ तार छू रहा था, जिससे गेट में करंट उतर आया। जैसे ही नीरज गेट के संपर्क में आया, वह करंट की चपेट में आ गया और जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**संवाददाता-शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** गंगाघाट स्थित राजधानी मार्ग के मरहला चौराहा स्थित सूर्या गैलेक्सी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का दो दिवसीय आयोजन 4 से 5 अप्रैल तक किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया, जबकि समापन जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने किया। दो दिनों में कुल सात सत्र आयोजित हुए, जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों, सेक्टर संयोजकों व मंडल के वरिष्ठ नेताओं सहित 135 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए देश और प्रदेश के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। वहीं जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने संगठन की मजबूती और देश की बढ़ती वैश्विक पहचान पर विचार रखे। शिविर केडी त्रिवेदी, प्रभारी सरोज सिंह चौहान, जिला महामंत्री मनीष जायसवाल, अरुण दीक्षित, सुशील तिवारी, जैनेंद्र शुक्ला, गोरेलाल दीक्षित, दुर्गा तिवारी, अमरेन्द्र गुप्ता, सूर्य कुमार बाजपेई, किशोर कुमार बाजपेई, क्षेमा त्रिवेदी, हेमंत शुक्ला, गणेश शंकर मिश्रा, हार्दिक त्रिपाठी, चंद्रकांत, मोहनलाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंतिम सत्र की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद शुक्ला ने की और सभी का आभार व्यक्त किया।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक।

### नव प्रवेशित बच्चों व उनके अभिभावकों को किया गया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** विकास खंड सफीपुर के प्राथमिक विद्यालय बोड़ेपुरवा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अनीता साह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने कविता और नाटक के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नव प्रवेशित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बीईओ अनीता साह ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। शिक्षक नेता संजीव संख्वार और अमित तिवारी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मशरत अली, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, राजवीर यादव, अर्जुन, सुमित गुप्त, पवन कुमार सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।


सम्मानित छात्र व अभिभावकों के साथ शिक्षक।

# गंगा आरती के साथ संपन्न हुआ रामोत्सव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** साकेतधाम में श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खराब मौसम और बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष संजय राठी एवं उनकी धर्मपत्नी ममता राठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन एवं हवन कर किया गया। इसके पश्चात पंडित विनय तिवारी की उपस्थिति में गंगा आरती संपन्न हुई और सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी ने लोगों का आभार व्यक्त किया। देर शाम अचानक हुई तेज बारिश के कारण मौसम खराब हो गया, जिसके चलते कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सुंदरकांड के पाठ को स्थगित करना पड़ा। संस्था के महामंत्री प्रेम कुमार सिंह ने जानकारी दी कि सुंदरकांड का पाठ निरस्त नहीं बल्कि स्थगित किया गया है, जिसकी अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। रामोत्सव के दौरान विमल द्विवेदी, ओपी तिवारी, उमानिवास बाजपेई, मनीष सिंह सेंगर, प्रभात सिन्हा, विशाल सिंह, मुन्ना सिंह अवधूत, हरिओम सिंह, विनोद शर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह, मोती लाल गुप्ता, कौशल किशोर यादव, प्रेम मिश्रा, इंदु प्रकाश अवस्थी आदि मौजूद रहे।


रामोत्सव कार्यक्रम के दौरान होती महाआरती। • अमृत विचार

# संस्कार भारती की नई कार्यकारिणी घोषित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित गणेश मंडपम में बैठक में संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने कहा कला और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करना ही संस्था का मुख्य ध्येय है।

महामंत्री सिया राम पांडेय ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि डॉ. मनीष सिंह सेंगर, अनिरुद्ध सौरभ, जब्बार अकरम एवं भरत कुमार को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संजीव सिंह चौहान को सह-महामंत्री तथा दुआ प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभिन्न विधाओं के संयोजकों के रूप में नामों की घोषणा की गई। जिसमे लोक कला में नैना गौतम, मंचीय कला डॉ. मनिता सिंह सेंगर, कला धरोहर, अक्षय शुक्ल, साहित्य कला, धीरज यादव, दृश्य कला, इंदु कन्नौजिया है। संस्था के मार्गदर्शक मंडल में महेंद्र शंकर त्रिपाठी, प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, दिवाकर द्विवेदी, शैलेन्द्र त्रिवेदी, डॉ. केके मिश्रा, प्रदीप निगम राघव और अखिलेश ओमर को संरक्षक बनाया गया है। वहीं, सुरभि श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, दीपेंद्र सिंह, शिक्षक प्रवीण कुमार एवं डॉ. आशुतोष त्रिपाठी को संस्कार मित्र के रूप में शामिल किया गया है।


बैठक के दौरान जानकारी देते पदाधिकारी व खड़े मनोनीत पदाधिकारी।

### क्रिकेट ट्रायल को 17 खिलाड़ी लखनऊ रवाना

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी.के. मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित होने वाले अंडर-19 अंतर्जनपदीय क्रिकेट ट्रायल के लिए जिले से 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। सभी चयनित खिलाड़ियों को रविवार को लखनऊ के लिए रवाना किया गया। चयनित खिलाड़ियों में मोनू पाल, सुयश सिंह, प्रियांशु रावत, आदित्य गुप्ता, जय वर्मा, सुजीत, आर्यन, अक्षत, अभिषेक, उबैद, मानविक मिश्रा, अभिनव कुमार, आकाश राठौर, अभिनव बाजपेई, श्रीओम, देवांश और अव्यय सिंह शामिल हैं। इसके अलावा प्रणव द्विवेदी, साहिल वर्मा, कृष्ण यादव, हर्षित नारायण, निखिल त्रिवेदी और अभय पटेल को स्टैंडबाई में रखा गया है। टीम मैनेजर के रूप में साकिर हुसैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रायल के अंतर्गत उन्नाव का पहला मैच सोमवार को क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ से और दूसरा मैच 7 अप्रैल को हरदोई से खेला जाएगा।


लखनऊ जाने के लिए स्टेशन में प्रतीक्षा करते खिलाड़ी।

### विश्व शान्ति को महिला मंडल ने किया गायत्री यज्ञ

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** डीएसएन कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना को लेकर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का संचालन गायत्री प्रमुख मालती मिश्रा ने विधि-विधान से कराया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान मालती मिश्रा, मालती सिंह, रानी त्रिपाठी, अजय शुक्ला, जगदेव प्रसाद शर्मा, अशोक राय, शैलेन्द्र, कन्हैया, रामनरेश सिंह, मीरा सिंह, साधना सिंह, सी.के. द्विवेदी, अशोक दीक्षित, सुरेश मिश्रा, राहुल सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खेलकूद

### आरकेएस स्पोर्ट्स अकाडमी, दोजंग ताइक्वांडो अकाडमी, इंफिनिटी ग्रुप ऑफ स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन व कोईगो स्पोर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

# ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** उन्नाव ताइक्वांडो कमेटी की ओर से रविवार को कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन में ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें आरकेएस स्पोर्ट्स अकैडमी, दोजंग ताइक्वांडो अकैडमी, इंफिनिटी ग्रुप ऑफ स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन तथा कोईगो स्पोर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

व्हाइट बेल्ट में प्रांजली प्रथम, आराध्य द्वितीय व आरुष गुप्ता और धारवी तृतीय रहे। येलो बेल्ट में मानवी प्रथम, इशिता धनवी द्वितीय व सिद्धि तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रीन बेल्ट में जियेंद्र प्रथम व जानवी द्वितीय रहे, जबकि ग्रीन प्रथम बेल्ट में प्रियांशु सिंह प्रथम व प्रांजली साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। ब्लू बेल्ट में आयुष श्रीवास्तव प्रथम, श्रेयश पटेल द्वितीय व उज्ज्वल भारद्वाज तृतीय रहे। ब्लू प्रथम बेल्ट में परी भारती प्रथम व संध्या अवस्थी द्वितीय रहीं। रेड बेल्ट में अवंतिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय तिवारी, उपाध्यक्ष अंशुमन तिवारी, सौरभ सिंह, सचिव आकाश मिश्रा, निर्णायक दिव्या मौर्य व अभिषेक शुक्ला मौजूद रहे। कोच दिवा कटारिया व वर्षा तथा विद्यालय प्रबंधक प्रभात शुक्ला व विराट शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



महर्षि स्कूल में बैठे बेल्ट जीतने वाले खिलाड़ी। • अमृत विचार

### परिषदीय विद्यालयों के छात्र सीखेंगे निर्माण प्रक्रिया व उपयोगी तकनीकें

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव :** बेलहर इंटरनेशनल स्कूल, अब्बासपुर में नवीन तकनीकी नवाचार आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों को आधुनिक तकनीक से पढ़ाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में नगर क्षेत्र और सरोसी ब्लॉक के कुल 698 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि बदलते डिजिटल युग में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्राफिक डिजाइनिंग, कंप्यूटर और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। बीएसए शैलेश पांडे ने जानकारी दी कि प्रथम चरण में शिक्षकों के उन्मुखीकरण के बाद 6 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्रों का मूल्यांकन ओएमआर शीट के माध्यम से किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र 8 से 11 अप्रैल तक ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में भाग लेंगे। द्वितीय चरण में चयनित टीमों को जनपद स्तर पर प्रतिभाग का अवसर मिलेगा, जहां 15 और 16 अप्रैल को प्रस्तुति के आधार पर छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यशाला को डॉ. रचना सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम स्टेम्पलिफाई के स्टेट हेड यशराज व उनकी टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।


कार्यशाला को संबोधित करती डॉ रचना सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### जन आरोग्य मेले में 86 मरीजों का चेकअप

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। इसके साथ ही बदलते मौसम को लेकर मरीजों को संख्या अधिक रही। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 86 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गईं।

### बाबू जगजीवन राम की मनाई गयी जयंती

**उन्नाव, अमृत विचार।** भारत के उप प्रधानमंत्री व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आज के सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य में प्रासंगिक बताया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम समतामूलक समाज के सच्चे रचयिता थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया और समानता की भावना को मजबूत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह ने कांग्रेस के तीन मूल सिद्धांत समाजवाद, राष्ट्रवाद और धर्म निरपेक्षता पर प्रकाश डाला।

# आंधी और बारिश ने धरतीपुत्रों की उम्मीदों पर फेरा पानी, सर्वे के निर्देश


आंधी और बारिश में गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार


बारिश में जाते लोग। अमृत विचार

**नुकसान**

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने खेतों में खड़ी और कटी फसलों के साथ-साथ आम के बागों को भारी नुकसान पहुंचाया है। शनिवार देर शाम आए तूफान ने कटाई के सीजन में जुटे किसानों की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया।

आंधी इतनी तेज थी कि खेतों में रखी गेहूं और सरसों की कटी हुई फसलें उड़कर दूसरे खेतों में जा गिरीं। इसके बाद हुई तेज बारिश ने किसानों के जले पर नमक छिड़कने का काम किया। अब खेतों में पानी भरने से कटी फसलों के सड़ने का डर पैदा हो गया है, जिससे किसान दाने-दाने के लिए परेशान नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में इस प्राकृतिक आपदा का असर सबसे अधिक रहा, जिनमें जमाल नगर, सराय सकहन, गहौली, मिर्जापुर, सकहन राजपुतान, पावा, अतहा जमालुद्दीनपुर, रायपुर, अटवा, सनहा, बृजपालपुर और मीर नगर शामिल है। सिर्फ अनाज ही नहीं, बल्कि फलों के राजा आम पर भी मौसम की मार पड़ी है। बागबानों के अनुसार, पेड़ों पर बौर के बाद अभी छोटी-छोटी अमियां आने लगी थीं, जो तेज आंधी में टूटकर जमीन पर बिछ गई हैं। साथ ही, बारिश के बाद नमी बढ़ने से फसलों में आब लासी और अन्य कीटों/रोगों के लगने का खतरा बढ़ गया है, जिससे बागबान अपनी साल भर की कमाई को लेकर आशंकित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों और क्षेत्रीय लेखपालों को स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होते ही प्रभावित किसानों के लिए राहत संबंधी अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे दिन भी गरज-चमक के साथ हुई बारिश किसानों की बढ़ीं मुश्किलें

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रात-रात भर जाग कर आवारा पशुओं से रबी की फसल बचाने के बाद अब खेतों में जब फसल तैयार खड़ी है तब मौसम किसानों के लिए दिक्कत पैदा कर रहा है। रविवार शाम को भी तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। शनिवार की रात भी 11 मिली बरसात मौसम वेधशाला से दर्ज की। बारिश से किसान की फसल को काफी नुकसान हो रहा है। अभी खेतों में कटाई का काम शुरू ही हुआ था कि बारिश से कटाई का काम रुक गया। बरसात से फसलें भीग गई। तेज हवा चलने से पका हुआ गेहूं खेतों में ही पलट गया। जिले में पिछले दो दिनों से मौसम काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। शनिवार की शाम बारिश शुरू हुई। पूरी रात रुक-रुक कर जिले में 11 मिली बारिश रिकार्ड की गई। बरसात से न्यूनतम तापमान भी गिरकर 16 .5 पहुंच गया। रविवार को दोपहर बाद से ही बादल आने शुरू हो गए। शाम होते ही तेज गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। धीरे-धीरे तेज बारिश होने लगी। बारिश से खेतों में रबी की फसल पूरी तरह प्रभावित हुई है। गांवों में कटाई का काम शुरू हो चुका था, लेकिन बदले मौसम ने खेती किसानी के काम पर रोक लगा दी। अब भीगी फसल सूखने के बाद ही दोबारा कटाई शुरू हो सकेगी। इस बीच तेज हवाओं ने तैयार फसल को पलट दिया। खेतों में पलटी फसल बारिश होने से बेकार हो गई। काफी जद्दोजहद के बाद घंटों लाइन में लग कर खाद का इंतजाम करने के बाद बड़ी मशक्कत से किसानों ने रबी की फसल तैयार की थी। तैयार फसल को आवारा जानवरों से बचाने के लिए रात-रात पर खेतों में जागना पड़ा, लेकिन अच्छी फसल की उम्मीद किसानों के सभी दर्दों को छिपा रही थी। अभी फसल कट भी नहीं पाई थी, तभी मौसम का प्रकोप अन्नदाता को झेलना पड़ गया। अब किसान इस मुश्किल में है कि उसकी फसल कट कर घर व बाजार तक पहुंच पाएगा।

# यूपीएससी में सफलता पर यज्ञ देव का सम्मान, क्षेत्र में खुशी की लहर

संवाददाता औरास, उन्नाव


सम्मान समारोह में यज्ञ देव को शुभकामनाएं देते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने पर गोबरा गांव निवासी यज्ञ देव का कस्बे के गायत्री प्रज्ञापीठ में सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। समारोह में उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। यज्ञ देव, राजेंद्र प्रताप यादव के पुत्र हैं। उन्होंने 29 मार्च को घोषित परिणाम में सफलता प्राप्त कर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पद पर चयन पाया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई, जबकि हाईस्कूल व इंटर एवीएम इंटर कॉलेज उन्नाव से तथा बीटेक जालंधर से किया। इसके बाद उन्होंने नोएडा की एक कंपनी में नौकरी की, लेकिन 2020 में त्यागपत्र देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। यज्ञ देव ने अपनी सफलता का श्रेय माता सुमन यादव, पिता राजेंद्र प्रताप यादव और अपने गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को दिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, रमेश यादव, बृजेश त्रिपाठी, कन्हैयालाल, दीपक सिंह, रामनरेश शर्मा रहे।

### चोरी का खुलासा, दो को किया गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी पुलिस ने नहर कोठी कुल्लही की पौधशाला से चोरी हुए सरकारी पम्पिंग सेट का खुलासा करते हुए उसे चोरी करने वाले उसी गांव के दो चोरों को गिरफ्तार किया है। बीट प्रभारी की तहरीर पर केस दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही चोरों को पम्पिंग सेट के साथ ढूंढ निकाला गया। बताते चलें बीट प्रभारी सहादतनगर विपिन पाल ने शनिवार को दी तहरीर में कहा था कि नहर कोठी कुल्लही की पौधशाला में लगा सरकारी पम्पिंग सेट चोरी हो गया। मामला बीएनएस की धारा 303(2) के तहत दर्ज कर जांच की जा रही थी, उसी बीच पिहानी कोतवाली में तैनात एसएसआई श्याम बाबू ने अपनी टीम में शामिल हेड कांस्टेबिल शेर बहादुर व कांस्टेबिल नरेंद्र कुमार व भगत के साथ कुल्लही गांव निवासी अतुल व उसी गांव के सोनू को गिरफ्तार किया।



सम्मेलन को संबोधित करते सुभाषपाल। अमृत विचार

### पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर हुआ संविधान बचाओ सम्मेलन

**संवाददाता, सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को खजुरहारा रोड स्थित एक लॉन में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर आयोजित में संविधान बचाओ सम्मेलन का हुआ। आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राकेश राठौर ने कहा सरकार विकास पुरुष की बात कह रही है, लेकिन रोड तो खुदी पड़ी है। बेरोजगारों को नौकरी के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। महंगाई के चलते लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस नेता सुभाष पाल ने कहा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के क्षेत्र में मल्लावां सीएससी पर एक्स-रे मशीन तक नहीं और हरदोई जिला अस्पताल में भी एक्स-रे मशीन नहीं है। मेडिकल के लिए सीतापुर भेजा जा रहा है। इस मौके पर विक्रम पांडे, आफताब हैदर, अजीत, विशाल, हसन अहमद व विनीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# व्हील चेयर से पहुंची पत्नी व मां शव देख हुईं बेहाल

- बैजुआमऊ गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर हुई मारपीट में प्रेमी के पिता की हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


व्हील चेयर पर बैठकर मोर्चरी जाती मृतक की मां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिहार थाना क्षेत्र में बीती देर रात बैजुआमऊ गांव में दो पक्षों में प्रेम प्रसंग को लेकर कुल्हाड़ी व लाठी डंडे चल गए। इसमें प्रेमी के पिता की मौत हो गई। मां, दादी व छोटा भाई गंभीर घायल हो गया। आधी रात के बाद सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। रविवार को पोस्टमार्टम में धारदार हथियार से चेहरे पर हुए चार वार से मौत होने की पुष्टि हुई। घायल पत्नी व मां को व्हील चेयर से वार्ड से मोर्चरी लाया गया। जहां शव देखते वह फूट फूट कर रोती रही। पुलिस ने 6 लोगो पर रिपोर्ट दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

बैजुआमऊ गांव निवासी राजकुमार की 22 वर्षीय बेटी मालती का पडोस के ही सजातीय युवक पवन पुत्र पुत्तीलाल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को प्रेम प्रसंग की जानकारी पर युवती के पिता ने उसे गुस्से में घर से निकाल दिया। इस पर मालती प्रेमी प्रेमी पवन के घर चली गई। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। चर्चा रही की पीआरवी पहुंची तो मामला शांत हो गया।

बताते हैं कि इसी नाराज युवती के पिता राजकुमार ने देर रात अपने बेटे फूलचंद, दीपक, रोशन व अन्य परिजनों के साथ लाठी डंडे, कुल्हाडी से लैस होकर पवन के घर में धावा बोल दिया। बचाव में दूसरे पक्ष ने भी मोर्चा संभाला लेकिन हमलावरों की संख्या अधिक होने से मारपीट में पवन के पिता पुत्तीलाल, दादी राजेश्वरी (70), मां सुनीता (48) छोटा भाई अमन गंभीर घायल हो गए।

सूचना पर सीओ व एसओ फोर्स के साथ गांव पहुंचे और घायलों को सुमेरपुर पीएचसी भेजा। जहां पुत्तीलाल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। मारपीट में राजकुमार का बेटे मूलचंद्र को भी चोटें आई। उसे भी पुलिस अभिरक्षा में जिला लाया गया। रविवार को पुत्तीलाल के शव का पोस्टमार्टम हुआ। डॉक्टर की इजाजत पर अस्पताल से व्हील चेयर पर मां व पत्नी को मोर्चरी लाया गया। जहां दोनों रो-रोकर कर बेहाल रही। कुछ देर रुक कर उन्हें पुनः वार्ड भेजा गया। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है। पुलिस की मौजूदगी में शाम को बक्सर घाट पर पुत्तीलाल के शव का अंतिम संस्कार हुआ। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया पवन की तहरीर पर राजकुमार पुत्र हीरालाल व उसके बेटे फूलचंद, दीपक, रोशन, मीना पत्नी फूलचंद, सरला पत्नी दीपक के विरूद्ध के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# छात्र-छात्राओं ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

- पीरजादगान मोहल्ला स्थित मीनान किड्स प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन


कार्यक्रम का शुभारंभ करते एसडीएम शिवेंद्र वर्मा व प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा। अमृत विचार

**सफीपुर, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला पीरजादगान स्थित दारुल अमान परिसर में शनिवार को मीनान किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने फीता काटकर किया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और बच्चों की की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने कहा कि एक सशक्त समाज के निर्माण में अच्छे विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र की नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करेगा। वहीं, आईपीएस संचित शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बच्चों को इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग और सामान्य ज्ञान की नींव मजबूत करने की सलाह दी। विधायक बंबालाल दिवाकर ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की शुरुआती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित और नसीम अहमद ने कस्बे में एक आधुनिक किड्स स्कूल की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में गुलाब चंद्र गुप्ता, फैज अल्वी, राशिद मीनाई, नागेंद्र सिंह सेंगर, मुन्ना सिंह डीहा, सारिक साफवी, गुड्डू सिंह, मशर्रत अली नुफ्फी, पुतुल मियां, अमरनाथ पांडेय आदि रहे।

# गर्रा नदी में डूबे किशोर का शव बरामद


नदी के किनारे मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**पाली, हरदोई।** थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के पास गर्रा नदी में शनिवार दोपहर नहाने के दौरान डूबे किशोर का शव रविवार सुबह बरामद कर लिया गया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि आशीर्वाद (17) पुत्र महेंद्र निवासी नोनखारा थाना सांडी, जो वर्तमान में दिल्ली के सीलमपुर क्षेत्र में परिवार के साथ रहता था, पाली क्षेत्र के धर्मपुर गांव में अपने रिश्तेदार वीर प्रताप के यहां मुंडन में आया हुआ था।

शनिवार की दोपहर वह वीर प्रताप एवं अन्य के साथ गांव के पास बह रही गर्रा नदी में नहाने गया। इसी दौरान दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वीर प्रताप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन आशीर्वाद पानी में लापता हो गया था। सूचना मिलते ही पाली थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।ॉ

वहीं एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम तक किशोर की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह करीब 6 बजे क्षेत्र के लखमापुर गांव के पास गर्रा नदी में किशोर का शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की। मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद वे राजी हो गए।

# परिवहन निगम पर दबंगों का कब्जा महिला परिचालकों की फजीहत

**हरदोई, अमृत विचार।** सालों से नौकरी कर रहे चालक और परिचालकों ने परिवहन निगम पर कब्ज़ा कर रखा है। हाल तो ऐसा है कि महिला परिचालक ड्यूटी के लिए इधर-उधर भटका करती है। माना अगर एआरएम ने उन्हें ड्यूटी का आदेश कर भी दिया तो ड्यूटी इंचार्ज उसे मानता ही नहीं है। कुछ महिला परिचालकों ने चिट्ठी के ज़रिए अपना दुखड़ा सुनाया है। उनका कहना है कि निगम में रिश्वतखोरी पूरी तरह से हावी हो चुकी है। हरदोई-लखनऊ रूट की परिवहन निगम की महिला परिचालक ड्यूटी के लिए इधर-उधर भटकती रहती हैं। सालों से नौकरी कर रहे कुछ चालकों और परिचालकों का नाम देते हुए कहा गया है कि ऐसे ही लोगों ने परिवहन निगम पर कब्ज़ा कर रखा है। दबंगई की हद है कि जब निगम का कोई अफसर एक्शन लेने की सोचता है तो उसे वही दबंग चालक और परिचालक अपने ऊंचे रसूख का हवाला देते हुए खामोश करा देते हैं। महिला परिचालकों का कहना है कि ड्यूटी के लिए भागदौड़ कर एआरएम से आदेश करा भी लिया जाए तो ड्यूटी इंचार्ज उसे मानता ही नहीं। उधर, इस मामले में एआरएम भुवनेश्वर कुमार ने बताया कि आरोप बिल्कुल निराधार है। नई नियुक्ति वाली महिला परिचालकों को अभी ड्यूटी नहीं दी गई है। शेष पुरानी महिला परिचालक बसों पर अपनी-अपनी ड्यूटी कर रही हैं।

# रेलवे पुल की लाइन पर डाले 52 एचबीम स्लीपर

शुक्लागंज, उन्नाव


रेलवे पुल के डाउन लाइन पर कार्य करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में रविवार को चौथे दिन तेजी देखने को मिली। रेलवे अधिकारियों की निगरानी में मेगा ब्लॉक के दौरान आधा सैकड़ा से अधिक एचबीम चैनल स्लीपर डाले गए। रविवार सुबह 09:35 बजे से शाम 05:35 बजे तक मेगा ब्लॉक लेकर कार्य कराया गया। इस दौरान सीनियर डीईएन प्रवीन्द्र कुमार, एडीएन प्रथम उन्नाव राकेश प्रसाद, एडीएन द्वितीय समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में करीब 200 रेलकर्मी पुल पर पहुंचे और कार्य शुरू किया गया। सबसे पहले पुरानी लोहे की चादरों को गैस वेल्डिंग के माध्यम से काटकर हटाया गया, इसके बाद नई लोहे की प्लेटें लगाकर एचबीम स्लीपर डालने का कार्य किया गया। पूरे दिन चले इस कार्य के दौरान अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहा, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराया। अधिकारियों के अनुसार रविवार को कुल 52 एचबीम स्लीपर डाले गए, जबकि करीब 26 मीटर तक कार्य कानपुर से शुक्लागंज की दिशा में आगे बढ़ाया गया है। कार्य में लगातार तेजी लाई जा रही है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर पुल का सुदृढ़ीकरण पूरा कर लिया जाए।

**दुस्साहस** | शाहाबाद कोतवाली के नवीन मंडी स्थल के निकट हुई घटना

# दबंगों ने सड़क पर फेंका दुकानदारों का सामान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई


हाईवे पर दुकानों के सामने लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पैसे की हनक में दबंगई करने वाले पांच दर्जन से अधिक दबंगों ने दबंगई का प्रदर्शन करते हुए दिनदहाड़े हाई-वे स्थित दुकानों पर धावा बोलकर दुकानों का सामान सड़क पर फेंक दिया और जान माल की धमकी देते हुए चार दुकानों का शटर गिरकर अपना ताला डालकर आराम से चंपत हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस हाथ मलती रह गई। दबंगों की खुलेआम गुंडागर्दी से दुकानदारों में दहशत प्राप्त है।

शाहाबाद कोतवाली के नवीन मंडी स्थल के निकट कुछ दुकानों को लेकर विवाद चल रहा था। दुकानों का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच अपने हक में दुकानों की बिक्री ले चुके दो दबंग जाहिर और हारिश पुत्रगण कासिम राजा निवासी वाजिद खेल प्लाटिंग कारोबारी अपने पांच दर्जन से अधिक साथियों के साथ जिम एक दर्जन महिलाएं भी शामिल थीं, हाथों में लाठी डंडे एवं लोहे की सरिया और राड लेकर पहुंचे और दुकानों पर धाबा बोल दिया।

दुकानदार कुछ समझ पाते इससे पहले ही भीड़ ने दुकानों के बाहर सामान निकाल कर फेंकना शुरू कर दिया। हाईवे पर अफरा तफरी मच गई। बड़ी संख्या में दबंगों की भीड़ देखकर दहशत व्याप्त हो गई। दबंगों ने चार दुकानों के शटर गिराकर उनमें अपने ताले डाल दिए। इधर सूचना पाकर पुलिस सायरन बजाते हुए जब मौके पर पहुंची तो दबंग दहशत फैलाकर और चार दुकानों में आराम से ताले डालकर चलते बने।

दुकानदार एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे और वहां प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय को बताया कि उनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है उसके बाद भी दबंगों ने दुकान के अंदर से उनका सामान निकालकर सड़क पर फेंका और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपी कुछ दबंगों की पहचान की गई है।

### चाय बागान के 30 श्रमिकों ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** पीएम मोदी की प्रेरणा से असम के डिब्रूगढ़ के मनोहरी चाय बागान के 30 श्रमिकों का पहला दल अयोध्या पहुंचा, जिसमें 25 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल रहे। सुबह करीब 6 बजे कारसेवक पुरम में ट्रस्ट पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और फिर हनुमानगढ़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर, दशरथ महल, कनक भवन और राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया। श्रमिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि असम दौरे के दौरान प्रधानमंत्री उनके चाय बागान पहुंचे थे, तब उन्होंने पूछा था कि क्या उन्होंने कभी काशी और अयोध्या का दर्शन किया है। जब जवाब 'नहीं' में मिला, तो प्रधानमंत्री ने उन्हें इन पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए प्रेरित किया। जिसके चलते पहला दल अयोध्या पहुंचा है। यात्रा का स्वागत विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने किया। बताया यात्रा आस्था का प्रतीक बनी। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने श्रमिकों का अभिनंदन किया। अशोक सिंघल फाउंडेशन ने असम से चाय बागान में रहने वालों लोगों दर्शन कराए जाने का संकल्प लिया है।

# 134 रुपये के बकाए पर काट दी बिजली, दिल थाम के बैठा उपभोक्ता

**अयोध्या कार्यालय।** पावर कॉर्पोरेशन के प्री-पेड मीटर अब आम बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संकट बनते जा रहे हैं। हद यह है कि मात्र मामूली बकाए पर ही उपभोक्ताओं की बिजली कट जा रही है। इससे अनजान उपभोक्ता जब स्थानीय विद्युत उप केन्द्र की शरण ले रहे हैं तो बकाए के साथ अतिरिक्त धनराशि डालने पर ही सप्लाई चालू हो रही है।

ऐसा ही एक मामला कुर्मी टोला, जमथरा रोड इलाके में सामने आया है। यहां एक उपभोक्ता के घर की बिजली इसलिए कट गई कि उसके ऊपर मात्र 134 रुपये बकाया था, पहले तो उपभोक्ता ने सोचा वैसे ही सप्लाई गई होगी, 134 कौन बड़ा बकाया है। जब देर तक नहीं आई तब नियावां उप केन्द्र पर संपर्क किया। पता चला रिचार्ज करो और अतिरिक्त धनराशि भी दो तब सप्लाई आयेगी। सुधा श्रीवास्तव पत्नी संजय श्रीवास्तव ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उन्होंने रिचार्ज कर लिया, बैलेंस भी दिख रहा था, लेकिन घर की बत्ती गुल ही रही। दिल थामकर अंधेरे में बैठे रहे, लेकिन सप्लाई नहीं आई। जब कर्मचारियों से शिकायत की तो जवाब मिला 100 रुपये एक्स्ट्रा डाल दो, तब चालू होगी। 100 रुपये अतिरिक्त देने पर बिजली चालू हुई।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता रोजाना ऐसी शिकायतें कर रहे हैं।

# घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## आरओ प्लांट की नौकरी छोड़ अपनाया था धर्माचरण का रास्ता

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक एजेंसी, उसके बाद आरओ प्लांट की नौकरी छोड़कर धर्माचरण का रास्ता अपनाने वाले युवक ने शनिवार को अपने घर के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शोर सुनकर वहां आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना के पीछे घरेलू कलह होने की बात सामने आ रही है।



लक्ष्मण।

बताया गया कि पिहानी कस्बे के मोहल्ला मिश्राना ब्लाक मुख्यालय रोड निवासी 22 वर्षीय लक्ष्मण अर्कवंशी पुत्र भइया लाल अर्कवंशी पहले बाइक एजेंसी पर नौकरी करता था। वहां के बाद आरओ प्लांट में नौकरी करने लगा लेकिन कुछ महीने पहले वहां की नौकरी छोड़कर धर्माचरण के रास्ते पर चल रहा था। बताते हैं कि शनिवार की दोपहर उसने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव लटकता देख उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। इसका पता होने पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पूछताछ शुरू की। हालांकि घर वालों ने साफतौर पर कुछ नहीं बताया लेकिन पड़ोसियों से घरेलू कलह होने की बात बतायी। लक्ष्मण की शादी नहीं हुई थी। पांच भाइयों और दो बहनों में दो बड़े और चार उससे छोटे हैं।

### पंजाब से ब्याह कर आई पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत, पति बोला-आत्महत्या की

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मजदूरी करने पंजाब पहुंचे युवक ने वहीं की एक युवती से शादी कर उसे विदा करा कर अपने घर ले आया जहां शनिवार को उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पति का कहना है कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। जब वह खेत से घर पहुंचा तो कमरे के अंदर उसका शव लटका हुआ देखा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहना उचित होगा। बताया गया है कि सुरसा थाने के खुद्दी गांव निवासी रामेंद्र करीब 15 साल पहले मजदूरी करने पंजाब गया हुआ था वहां रहते हुए गीता नाम की युवती से उसकी मुलाकात हुई। गीता के आगे-पीछे कोई नहीं था। रामेंद्र ने गीता से उसे अपनाने की बात कही। बकौल रामेंद्र गीता राजी हो गई और दोनों ने वहीं शादी कर ली। उसके बाद गांव में रहने लगे। उसके दो बेटी और एक बेटा है। रामेंद्र ने बताया कि शनिवार की सुबह पत्नी और बच्चों को छोड़कर खेत पर चला गया था। दोपहर बाद लौटा तो गीता का शव कमरे के अंदर फांसी पर लटका हुआ देखा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़ आए। गीता की मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। जबकि रामेंद्र का कहना है कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहना सही होगा।

### 22 सवारियों से भरी मैजिक सीज

**बिलग्राम, हरदोई।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत दर्जनों वाहनों को सीज किया जा चुका है। रविवार को एक बड़ा मामला सामने आया जब एक मैजिक वाहन में क्षमता से अधिक 22 सवारियां बैठाकर ले जाई जा रही थीं। मौके पर मौजूद ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम सजीवन ने वाहन को रोककर जांच की। ओवरलोडिंग की पुष्टि होने पर मैजिक को सीज कर दिया। चालक को चेतावनी देते हुए भविष्य में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम सजीवन ने बताया सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### उच्च शिक्षा मंत्री ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दिए निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने रविवार को सीएमओ डा. भावनाथ पांडेय से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिले। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से चिकित्सक उपलब्ध रहे। दवाओं की कोई कमी मरीजों को नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान योजना के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नियमित दवाओं का छिड़काव कराया जाए।

### मटियामऊ के पास बाइक की टक्कर से एक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**मल्लावां, हरदोई।** ग्राम मटियामऊ निवासी आरिफ ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि 5 फरवरी को रात 10 :20 पर पिता शाकिर गांव में हो रहे जलसे में शामिल होने पैदल जा रहे थे। जैसे ही घर से कुछ दूर नदीम फर्नीचर की दुकान के पास मटियामऊ माधौगंज मार्ग पर पहुंचे, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल जिसको गांव का हसीब चला रहा था। तेजी व लापरवाही के साथ चला कर बिना हॉर्न बजाएं पिता के टक्कर मार दी। इस घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल कन्नौज ले जाया गया। जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा है। इधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बारिश और ओलावृष्टि से किसानों पर संकट

## गेहूं की तैयार फसल को हुआ भारी नुकसान, किसान बोले-मेहनत पर फिरा पानी

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार और रविवार की शाम हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं की मार से फसल खेतों में गिर गई जिससे दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

किसान विवेक अवस्थी ने बताया कि गेहूं पक चुका था लेकिन अचानक मौसम बदलने से सारी मेहनत पर पानी फिर गया। जंगी लाल राठौर का कहना है कि ओलावृष्टि से बालियां टूट गई हैं। मनीष पाठक ने चिंता जताई कि अगर जल्द मौसम साफ नहीं हुआ तो बाकी बची फसल भी खराब हो सकती है। देवेंद्र दीक्षित ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों के अनुसार यह 15-20 दिन गेहूं की कटाई के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है लेकिन इस आपदा ने उनकी आर्थिक स्थिति को डगमगा दिया है।



बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसल ले जाता किसान। अमृत विचार

### पति के खिलाफ दर्ज कराया मारपीट का केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव गौसगंज निवासी रेनू देवी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा है कि कन्या विद्यालय मल्लावां में आंगनबाड़ी कार्यकत्री है, 4 अप्रैल को दिन में करीब 11:20 बजे विद्यालय में ड्यूटी पर थी । तभी पति अरुण कुमार आए और गाली गलौज करके चप्पलों व जूतों से मारा पीटा वहीं पर मौजूद विद्यालय के सहयोगियों ने किसी तरह बचाया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मां का आंचल है हिंदी: दीपाली सिंह

## मासिक काव्य गोष्ठी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संस्था अध्यक्ष श्रवण मिश्र राही ने कहा कि काव्य गोष्ठी का उद्देश्य स्थापित साहित्यकारों के संरक्षण में नवोदित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। नवोदित रचनाकार दीपाली सिंह ने हिंदी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां का आंचल, पिता का आशीर्वाद है हिन्दी/ सारे जगत में हिंद का अभिमान है हिन्दी। मुख्य अतिथि मनोज मानव ने ऐसे साहित्यिक आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। संस्था उपाध्यक्ष डॉ ब्रह्म स्वरूप पांडेय ने सभी रचनाकारों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। साथ ही काव्य पाठ करते हुए कहा कि स्वारथ ही केवल सार यहां/ है मतलब का व्यापार यहां। संसार जिसे तुम कहते हो/ वो दिन के बिना असार यहां। कार्यक्रम का संचालन सदन के मंत्री मनीष कुमार मिश्र व आभार प्रदर्शन पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा ने किया। इस अवसर पर डॉ. शीला पांडेय, गिरीश डिडवानिया, रामबाबू शर्मा, ओपी सिंह, सर्वेश त्रिपाठी, अनुराग वर्मा, राधेश्याम कश्यप आदि मौजूद रहे।




मासिक काव्य गोष्ठी में कविता पाठ करतीं कवयित्री। अमृत विचार

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

- कथा व्यास ने सुनाया धुंधकारी के चरित्र का मार्मिक चित्रण

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज स्थित ऐतिहासिक और प्रसिद्ध मां मंगला देवी शक्तिपीठ में भक्ति और श्रद्धा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल कलशयात्रा और भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई। इसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए।



भागवत कथा सुनाते सूरज आचार्य।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास सूरज आचार्य ने कथा के प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा महात्म्य और धुंधकारी के चरित्र का मार्मिक चित्रण किया। कथा व्यास ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि मनुष्य का पतन उसकी कुसंगति और संस्कारों के अभाव के कारण होता है। धुंधकारी का चरित्र हमें यह सीख देता है कि चाहे व्यक्ति कितना भी पथभ्रष्ट क्यों न हो जाए यदि उसे श्रीमद्भागवत जैसी पवित्र कथा का आश्रय मिल जाए तो उसका उद्धार निश्चित है। उन्होंने आगे विस्तार देते हुए कहा कि भक्ति के बिना जीवन अधूरा है और श्रीमद्भागवत केवल एक पुस्तक नहीं बल्कि साक्षात कृष्ण का स्वरूप है जो कलयुग में मनुष्यों के पापों का नाश करती है। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरे परिसर को फूलों और विद्युत झालरों से सुसज्जित किया गया।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के आशीष गुप्ता, केतन गुप्ता, आनंद गुप्ता, संजीव गुप्ता सहित सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दूसरी मंजिल की दीवार गिरी, 7 लोग मलबे में दबे

**हरदोई, अमृत विचार।** आंधी-बारिश के बीच मकान की दूसरी मंज़िल की दीवार गिर पड़ी जिससे वहां सो रहे लोग मलबे में दब गए। चीख-पुकार होने से गांव में भगदड़ मच गई। वहां पहुंचे लोगों ने मलबा हटाकर लोगों को बाहर निकालकर उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। बताया गया है कि शनिवार की रात कोतवाली देहात के मुहुईपुरी निवासी राजेश, उसकी पत्नी संगीता, पुत्र मिथिलेश, रितेश, विमलेश, मिथिलेश की पुत्री सौम्या और राजेश का भतीजा छोटे भइया सो रहा था। उसी बीच आंधी के साथ बारिश होने लगी। इस बीच राजेश के मकान की दूसरी मंज़िल की पक्की दीवार ऊपर रखे छप्पर के साथ भरभरा कर गिर पड़ी जिससे सारे लोग उसी के नीचे दब गए। हादसा होते ही चीख-पुकार होने से आस-पड़ोसी दौड़ पड़े। उन्होंने मलबा हटाकर उसके नीचे दबे हुए लोगों को बाहर निकाल कर उन्हे एम्बुलेंस 108 की मदद से मेडिकल कालेज पहुंचा कर भर्ती कराया।

## रैली निकालकर शिक्षा के प्रति किया जागरूक



छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान। अमृत विचार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** स्कूल चलो अभियान अंतर्गत बीआरसी कार्यालय स्थित जूनियर हाई स्कूल मौलागंज के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर शिक्षा के प्रति जागरुकता प्रवाहित की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूलों में भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए स्कूल भेजा जाए। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खां, प्रधान अध्यापक रामगोपाल उर्फ पप्पू यादव, आलोक कुमार सैनी, विकास मिश्रा, सोमेंद्र सिंह, सुप्रिया एवं शरबत निशात आदि मौजूद रहे।

## हादसे में गई संविदा चालक की जान



**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-कन्नौज मार्ग स्थित म्योरा मोड़ के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में मृतक की पहचान उसके पास मिले आई कार्ड से हुई। हादसे में हरदोई रोडवेज डिपो के संविदा चालक अनूप कुमार पाण्डेय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि प्रियांशु उर्फ धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को तलाशी के दौरान मृतक के पास से मिले आई कार्ड मिले जिसके आधार पर उसकी शिनाख्त अनूप कुमार पाण्डेय के रूप में हुई। घटनास्थल से दो मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई हैं जिससे हादसे को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। घायल प्रियांशु को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## साइबर अपराध से निपटने के बताए गए टिप्स

**हरदोई, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 .0 के तहत कोतवाली शहर स्थित महात्मा गांधी मार्ग पर बैठक आयोजित हुई। इसमें साइबर अपराध से निपटने के हेलपलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण हेतु चलाए जा रहे उपयोगी योजनाओं के बारे में बताया गया एवं इससे संबंधित पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया गया व साइबर अपराध से निपटने हेतु आवश्यक सतर्कता रखने के बारे में अवगत कराया गया। सभी बालिकाओं व महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु प्रदान किए गए हेल्पलाइन नंबरों 1090, 1076, 1098, 112, 1930 के बारे में जानकारी दी गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर महिला आरक्षी पूजा तिवारी, प्रियंका चौहान, मनजीत कौर, अंजली वर्मा व स्वाति सिंह मौजूद रहीं।

# 8 न्यायाधीश आएंगे, 6 जाएंगे

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** गैर जनपदों से स्थानांतरित होकर पांच अपर जिला जज कैडर के न्यायाधीश यहां आ रहे हैं जबकि यहां कार्यरत एक अपर जिला जज कैडर के न्यायाधीश का गैर जिलों को स्थानांतरण हुआ है। हाईकोर्ट द्वारा वार्षिक ट्रांसफर लिस्ट जारी कर दी गई है। इसके चलते जिले में कार्यरत अपर जिला जज सुनील कुमार सिंह का ट्रांसफर जनपद बिजनौर हो गया है। अपर जिला जज कैडर के पांच न्यायाधीश यहां आ रहे हैं इनमें जनपद बरेली से ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, एटा से दिनेश गौर, सोनभद्र से शैलेंद्र यादव, प्रयागराज से फारूक इनाम सिद्दीकी, गाजियाबाद से परमेंद्र कुमार यहां आ रहे हैं। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट्रेक कोर्ट प्रवीण कुमार गौतम का स्थानांतरण जनपद कासगंज को हो गया है। उनके स्थान पर यहां जनपद मिर्जापुर से स्थानांतरित होकर आनिमा मिश्रा यहां आ रही हैं। इसके अलावा सिविल जज जूनियर डिवीजन कैडर के अधिकारियों में राकेश चौरसिया यहां आ रहे हैं जिन्हें ग्राम न्यायालय संडीला में तैनाती मिलेगी। वहीं यहां कार्यरत सिविल जज जूनियर डिवीजन पश्चिमी मोहम्मद जीशान खान को घोरावल, सोनभद्र भेजा गया है जबकि सिविल जज जूनियर डिवीजन पूर्वी नेगी चौधरी को जनपद रामपुर भेजा गया है। ग्राम न्यायालय सवायजपुर में तैनात सिविल जज जूनियर डिवीजन संदीप मणि त्रिपाठी को बस्ती जनपद भेजा गया है। इसी प्रकार अपर सिविल जज जूनियर डिविजन कोर्ट संख्या चार प्रियंका चौधरी को जनपद मथुरा भेजा गया है। सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रियल शर्मा जोकि बनारस से यहां आ रहे हैं को सवायजपुर ग्राम न्यायालय भेजा गया है।

# आद्या और अवनी ने जीता प्रथम पुरस्कार

**हरदोई, अमृत विचार।** चित्रकला को विकसित करें और व्यवसाय का विकल्प बनाएं कला को कौशल के रूप में लें और कला कौशल को करियर बनाएं। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि संजय अवस्थी समाजसेवी ने कला विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कला कौशल को करियर के विकल्प के रूप में अपनाने को कहा।



बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि संजय अवस्थी। अमृत विचार

अवस्थी ने कहा आज यहां सम्मानित व्यवसायियों मधु गुप्ता, पंकज गुप्ता और संजीव कुमार गुप्ता ने अपने जीवन में सदैव निरंतरता बनाए रखी। उन्होंने संघर्ष व परिश्रम किया और जीवन में कभी हार नहीं मानी और निरंतर आगे बढ़ते रहे और सफल व्यवसायी बने। उन्होंने व्यवसायियों के सम्मान को अथक परिश्रम का सम्मान बताया। प्रतिभाशाली बच्चों को प्रकाश आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया। अवस्थी ने कक्षा 6 से 10 तक के वर्ग में हरित भारत स्वच्छ भारत विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आद्या द्वितीय पुरस्कार इर्तिका और तृतीय पुरस्कार सोहाली को प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी प्रकार कक्षा 1 से 5 तक के वर्ग में प्रथम पुरस्कार अवनी द्वितीय पुरस्कार काव्या व अप्सरा को संयुक्त रूप से तथा तृतीय पुरस्कार श्रेष्ठा को प्रदान किया। महिमा गुप्ता को विशिष्ट-पुरस्कार 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' और वैष्णवी गुप्ता को विशेष-पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता, मधु गुप्ता, पंकज गुप्ता ने व्यवसायियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर इशिका गुप्ता, अभिलाष, मयंक, श्याम वाजपेयी व प्रतियोगिता आयोजक प्रकाश चंद्र उपस्थित रहे।

## आयोजन

बेनीगंज कस्बे में कश्यप समाज की ओर से धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती

# महर्षि कश्यप के जीवन से लें प्रेरणा, हमेशा करें दूसरों की सहायता

बेनीगंज माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** बेनीगंज कस्बे में कश्यप समाज के तत्वावधान में महर्षि कश्यप की जयंती नगर के नटवीर बाबा स्थान पर बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसका शुभारंभ कश्यप समाज ने महर्षि कश्यप की चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र कश्यप ने कहा कि ऋषि कश्यप ब्रह्माजी के मानस-पुत्र मरीची के विद्वान पुत्र थे, मान्यता के अनुसार उन्हें अनिष्टनेमी के नाम से भी जाना जाता है, इनकी माता कला कर्दम ऋषि की पुत्री और कपिल देव की बहन थी। महर्षि कश्यप को ऋषि-मुनियों में श्रेष्ठ माना गया हैं, साथ ही बताया कि श्रीनरसिंह पुराण के अनुसार मरीचि ऋषि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे, मरीचि ऋषि की पत्नी थीं संभूति, इन्हीं की कोख से महर्षि कश्यप का जन्म हुआ। वहीं नगर के मोहल्ला अशराफ टोला सभासद प्रतिनिधि सुरेन्द्र कश्यप ने महर्षि कश्यप के बारे मे बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा दूसरों की मदद करने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप ने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति-ग्रन्थ की भी रचना की थी। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रुपेश अंजाना के साथ राजेन्द्र राम कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, बड़क्के कश्यप, अमित कश्यप, प्रज्ञा कश्यप, प्रखर कश्यप, सुमित, अशोक, फूला सहित सैकड़ो कश्यप समुदाय के लोग व अन्य मौजूद रहे। माधौगंज संवाददाता के अनुसार कस्बे में स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार को महर्षि कश्यप जयंती समारोह आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह व रामू कश्यप डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक ने सामूहिक रूप महर्षि कश्यप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार




महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज की एकता, शक्ति और गौरवशाली विरासत का प्रदर्शन करता है जहाँ समाज को शिक्षित और एकजुट रहने का संदेश दिया है। इस मौके पर श्री राम कश्यप, महेश कश्यप, अशोक सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, रामचन्द्र कश्यप, गौरव कश्यप, नंदलाल कश्यप, रामगोपाल कश्यप, शिवकुमार कश्यप, रामदास कश्यप, सूरज राठौर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय पर रविवार को भारतीय संस्कृति के महान ऋषि महर्षि कश्यप की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय सभ्यता के ऐसे महान ऋषि थे, जिनका योगदान समाज के संगठन, समरसता और प्रकृति के संतुलन में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उनके विचार आज भी समाज को एकता और सद्भाव की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मुकुल सिंह अनुराग कपिल मोहन गुप्ता ओमवीर सिंह रामजी गुप्ता शनी दीक्षित ऋषभ त्रिपाठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### नैमिषारण्य पुलिस ने 24 घंटे में बरामद किया गुमशुदा मासूम

**सीतापुर।** थाना नैमिषारण्य क्षेत्र के सादियापुर से लापता हुए 10 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बालक को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम सादियापुर निवासी शांति पत्नी अवधेश के मुताबिक, 2 अप्रैल को थाने में सूचना मिली कि उनका 10 वर्षीय पुत्र मानसिक रूप से कमजोर है और स्पष्ट बोल नहीं पाता, घर से कहीं चला गया। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उपनिरीक्षक उवेश अली, हेड कांस्टेबल राजकुमार और कांस्टेबल अंकुर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया। खोजबीन के बीच बालक को हरदोई जनपद के बेनीगंज थाना अंतर्गत डिघिया तिराहे से बरामद कर लिया गया।

### पेंटर के बंद घर से लाखों की चोरी

**सीतापुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रम्पा टॉकीज स्थित मछली मंडी इलाके में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली नगर क्षेत्र के मछली मण्डी निवासी पप्पू गुप्ता के मुताबिक, वो पेशे से पेंटर है। देर रात बिजली न होने के कारण वो अपने परिवार के साथ दूसरे घर में सोने चला गया। इसी बीच अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी खंगालकर 15 हजार नकद और लाखों रुपये के सोने के जेवरात पार कर दिए। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। कोतवाली प्रभारी नगर अनूप शुक्ला का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गांजे के साथ खैराबाद का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत खैराबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर हिस्ट्रीशीटर को अवैध गांजे के साथ दबोच लिया। अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले के मुताबिक, थाना खैराबाद पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान शरफापुर निवासी रामलखन पुत्र पुतन्नी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शातिर थाना खैराबाद का हिस्ट्रीशीटर है। पकड़े गए आरोपी का लंबा अपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध पूर्व में गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और चोरी जैसे करीब 15 गंभीर मामले जनपद के विभिन्न थानों सहित लखनऊ के इटौंजा में भी दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेंद्र यादव, कांस्टेबल कपिल व शिव कुमार शामिल रहे।

### भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान शुरू

**लहरपुर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व बनाना और संगठन को मजबूती प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और नमो ऐप की कार्यप्रणाली पर विशेष जानकारी दी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने बूथ प्रबंधन और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विपुल सिंह, जय सिंह, उदित बाजपेई, बीरेंद्रपुरी, राजेश्वर रस्तोगी और मनोज गुप्ता सहित चारों मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मेड़ के विवाद में घर में घुसकर की मारपीट

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर मजरा तारन पुर में खेत की मेड़ को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दबंगों ने घर में घुसकर एक ही परिवार के कई लोगों को जमकर पीटा, जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस को दी गई तहरीर में शाहीन (35) पत्नी हसीब ने बताया कि खेत की मेड़ को लेकर विपक्षियों से पुराना विवाद चल रहा है। इस मारपीट में शाहीन, जियाउल, अतीक और उबेद को गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है।

# जब डीएम पहुंचे पीड़ितों के द्वार तब मशीनरी ने पकड़ी रफ्तार

## सदरपुर इलाके के चलाकापुर गांव में बिजली गिरने के बाद लगी आग से एक ही परिवार के तीसरे सदस्य की भी मौत

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर।

**अमृत विचार:** आग की चपेट में आए परिवार के तीसरे सदस्य की भी मौत हो गई। जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे तो प्रशासनिक टीम ने रफ्तार पकड़ी, उधर जनप्रतिनिधियों ने चलाकापुर गांव पहुंचकर राहत का वितरण किया।

बता दें कि महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के चलाकापुर गांव में संजय के छप्पर पर आकाशीय बिजली गिर गई थी। ऐसे में छप्पर में आग लग गई। पड़ोसी शत्रोहन सहित कुल 12 घर भी चपेट में आ गए। आग की चपेट में आकर फूलमती (45) पत्नी शत्रोहन, उनकी मां इन्द्रा (65) की मौत हो गई। पोती मीनाक्षी (7) गंभीर रूप से झुलस गई, इलाज के लिए उसे लखनऊ ले जाया गया, जहां देर रात बालिका ने भी दम तोड़ दिया। दोपहर तक गांव में सन्नाटा पसरा रहा। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के आने के बाद प्रशासनिक अमले ने रफ्तार पकड़ी। उधर, विधायक आशा मौर्या, पूर्व विधायक नरेंद्र वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता ने पीड़ित परिवार में राहत वितरण कराया।



गांव में पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लेते जिलाधिकारी साथ में महमूदाबाद विधायक। अमृत विचार



अपनी जली किताबों को निकालकर पढ़ते बच्चे। अमृत विचार



राशन का वितरण करते पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा।

### आग में जला बेटी का दहेज , बेसुध हुए मां-बाप

राजू पुत्र समवारी के घर की गृहस्थी नष्ट हो गई। पूछने पर बिलखते हुए कहा कि बेटी की शादी तहसील बिसवां के बगहाघाट से होनी थी, दहेज जलकर राख हो गया, इसी के बाद दंपति बेसुध हो गए।

### अग्निकांड का सीएम ने लिया संज्ञान, प्रदान की त्वरित राहत

भीषण अग्निकांड का मुख्यमंत्री योगी ने संज्ञान लिया और अधिकारियों को बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रशासन ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों के बैंक खातों में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेज दी।

### गेहूं बेचकर जुटाई थी नकदी, राख में बदली

अवधराम अपने बच्चो के साथ राख को खंगाल रहे थे, बोले हाल दिनों में पचार हजार का गेहूं बेचा था। छप्पर के नीचे बक्से में पैसा रख दिया था, आग इतनी भीषण थी कि निकालने का मौका ही नहीं मिला।

### एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

शत्रोहन के कोई संतान नहीं है। बताते हैं कि उनकी पत्नी फूलमती से मिलने उनकी मां इन्द्रा आई थीं, इन्हीं के साथ चचेरे भाई की पोती मीनाक्षी भी थी। हादसे में हुई तीन मौतों के बाद गांव पहुंचे तीनों शवों के अंतिम संस्कार को लेकर शत्रोहन के रिश्तेदार और ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे देखे गए।

**अग्निकाण्ड की जद में आया ये परिवार :** संजय, शत्रोहन, अवधराम, बृजेश कुमार, हरीश चन्द्र, झब्बूलाल, देशराज, लल्लन, रामू, राजू, सुरेश, रमेश।

> सभी पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं, प्रशासनिक योजनाओं से लाभान्वित किये जाने को लेकर भी विभागीय प्रक्रियाएं आरंभ हो गई हैं, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विशेष निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दे दिए गए हैं। – **डॉ. राजा गणपति आर. जिलाधिकारी**

# 11 घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीरकपुर मजरा खपुरा में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई। इस हादसे में 11 ग्रामीणों के आशियाने जलकर राख हो गए। आग इतनी विकराल थी कि घरों में रखा अनाज, नकदी, जेवर और गृहस्थी का सारा सामान खाक हो गया।

सायंकाल ग्रामीण बराती के छप्पर में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।



आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

**पीरकपुर में अग्निकांड**

सूचना पर पहुंचे अग्निशमन प्रभारी सुरेंद्र अवस्थी की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नायब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। तत्काल राहत के रूप में प्रभावित परिवारों को भोजन, तिरपाल और कंबल वितरित किए गए हैं।

**इनका हुआ नुकसान:** अग्निकांड में सुंदरलाल की साइकिल व 45 हजार की नकदी, सतीश के जेवर व अनाज, तीरथ के 3 हजार रुपये सहित मिश्रीलाल, संतोष, संभारी, खुशीराम, रामसागर, देशराज और जोखरानी के छप्पर व गृहस्थी का सामान जल गया।

### अग्निकांड पीड़ितों को प्रशासन ने दी बड़ी राहत, मृतक के परिजनों को मिलेंगे 12 लाख

**सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील के सदरपुर परगना अंतर्गत ग्राम सरैया चलाकापुर में अज्ञात कारणों से भीषण अग्निकांड में 21 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के मुताबिक, तहसीलदार के अनुसार 21 झोपड़ियों के लिए 8 हजार प्रति झोपड़ी की दर से कुल एक लाख 68 हजार दिए जा रहे हैं। साथ ही 18 परिवारों को कपड़े और घरेलू सामान / बर्तन के लिए 25-25 सौ रुपए के हिसाब से प्रति परिवार की मदद दी जा रही है। अग्निकांड के मृतकों के परिजनों को 4 लाख प्रति व्यक्ति की दर से कुल 12 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए भी कार्यवाई शुरू कर दी गई है।

### सुरजनपुर में मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**रामपुर मथुरा।** ग्राम सुरजनपुर में महर्षि कश्यप जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू ने महर्षि कश्यप व निषाद राज गुह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। पूर्व विधायक ने समाज की उन्नति के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है और कुरीतियों को मिटा सकता है। इस दौरान प्रधान दिनेश कश्यप, अमित कुमार, आसाराम, संतोष वर्मा, ज्वाला यादव, ननकुन्नू, मूलचंद व धर्मेंद्र मौर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दिनेश कश्यप द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई।



चित्र पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक झीन बाबू।

### मिश्रिख में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**मिश्रिख।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को कश्यप समाज द्वारा महर्षि कश्यप की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व राहुल कश्यप, सोनू सागर और हरिशंकर कश्यप ने किया। आयोजन का शुभारंभ भगवान श्रीराम, महर्षि कश्यप और निषाद राज के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अंकित शुक्ला ने सामाजिक एकता और समरसता का आह्वान करते हुए कहा कि भेदभाव समाप्त कर सभी वर्गों का सम्मान करना ही महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान अपूर्व पांडेय, भास्कर मिश्रा, नीरज यादव, वीभू सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं को बताया बूथ प्रबंधन और सरकार की उपलब्धियां

**लहरपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में लहरपुर देहात, परसेंडी और सकरन मंडल के कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का मंत्र देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन, कार्यपद्धति, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सुधाकर शुक्ला, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान और पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, सचिन मिश्रा, पीयूष मौर्य, अजय भार्गव, प्रखर जायसवाल, अवनीश सिंह, भगवान दीन त्रिवेदी, शिवम मिश्रा, विनीत जायसवाल, धर्मेंद्र पांडे व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण से बेघर हुए परिवारों ने मांगी छत, मिला सिर्फ आश्वासन

**सीतापुर।** हरदोई चुंगी चौराहा सुंदरीकरण अभियान के दौरान मंडी चौकी के समीप उजाड़ी गईं झोपड़ियों के प्रभावित परिवारों ने आवास की मांग को लेकर मोर्चा खोला। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में दर्जनों पीड़ितों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पुनर्वास की मांग की। किसान नेता सिद्धू ने प्रशासन को बताया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर कई गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। उन्होंने मांग की कि कांशीराम कॉलोनी में जो आवास अवैध कब्जे में हैं या रसूखदारों ने किराए पर उठा रखे हैं, उनकी जांच कर उन्हें खाली कराया जाए और इन वास्तविक जरूरतमंदों को आवंटित किया जाए। तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने आश्वस्त किया कि कांशीराम कॉलोनी में रिक्त पड़े आवासों का एक-दो दिन के भीतर चिन्हांकन कर पात्र परिवारों को आवंटित कर दिया जाएगा। साथ ही अवैध कब्जों की जांच कराकर कड़ी कार्रवाई का भरोसा भी दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में बेघर हुए परिवार व किसान नेता मौजूद रहे।

### अवध शुगर मिल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**हरगांव।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड द्वारा ग्राम भटपुरवा में एक दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी जांच कराई और दवाइयां प्राप्त कीं। शिविर का शुभारंभ चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित ने फीता काटकर किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 168 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सामान्य रोगों की नि :शुल्क दवाओं के साथ-साथ आंखों की जांच कर जरूरतमंदों को चश्मे भी वितरित किए गए। इस मौके पर अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह, अनिल शर्मा, डॉ. आरपी मिश्र सहित मिल कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नामित सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



शपथ दिलाते तहसीलदार सदर। अमृत विचार

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत हरगांव के कार्यालय सभागार में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। तहसीलदार सदर अतुल कुमार सिंह ने शासन द्वारा नामित तीनों सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता नगर पंचायत चेयरमैन गफ्फार खां ने की। शासन के आदेशानुसार नामित सभासद विजय कुमार मिश्र शेरा, सुनील त्रिपाठी बल्लू और निशा राजवंशी ने शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत में चेयरमैन गफ्फार खां ने सभी नामित सदस्यों का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री संजय दीक्षित, सभासद सलीम खां, शुएब खां, अशोक कुमार मिश्र, हारून कुरैशी, परवेज, उमेश जायसवाल, प्रताप नारायण जोशी आदि उपस्थित थे।

### 19 शातिर अपराधी जिला बदर

**सीतापुर :** जिलाधिकारी ने रविवार को कार्रवाई करते हुए 19 शातिर अपराधियों को जिला बदर घोषित कर दिया है। इसमें शहर का चर्चित अपराधी क्षितिज मिश्रा उर्फ 'कुत्ता काटा' भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा भेजे गए रिकॉर्ड और संस्तुति के आधार पर डीएम ने इन शातिरों पर कार्रवाई की है। जिला बदर किए गए अपराधियों में लहरपुर के अर्पित तिवारी, वंश कपूर, फेरीलाल, साहिबे आलम, इरफान व राकेश कुमार, हरगांव के शमीउद्दीन, रोहित सिंह व अन्नु सिंह शामिल हैं। वहीं, कोतवाली नगर से क्षितिज मिश्रा' व अमन मिश्रा, कोतवाली देहात से लल्लू व सुरेन्द्र, मिश्रित से अमरीश दुबे व रोहित उर्फ कालिया, खैराबाद से नसीम व बलबीर, इमलिया सुल्तानपुर से प्रशांत कुमार और महोली से अंकित मिश्रा को निष्कासित किया गया है।

## मारपीट में घायल युवक की मौत, केस दर्ज

**संवाददाता, खैराबाद। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र खैराबाद के ग्राम मुलाहिमपुर में बीते दिनों हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक पिंटू यादव (26) पुत्र अवधेश की इलाज के दौरान मौत हो गई।



पिंटू यादव (फाइल फोटो)

मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता अवधेश कुमार ने बीते रविवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर मामले में धाराएं बढ़ाने और अन्य आरोपियों के नाम शामिल करने की मांग की थी। पुलिस को दिए पत्र में बताया गया कि 29 मार्च को विपक्षी मकरंद आदि के साथ हुए झगड़े में पिंटू को गंभीर चोटें आई थीं। उसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर के बाद अवतार अस्पताल में चल रहा था, जहां देर रात करीब 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दर्ज मुकदमे में हत्या के समकक्ष धाराओं की बढ़ोतरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, घटना में शामिल 11 अन्य आरोपियों के नाम भी विवेचना में शामिल किए गए हैं।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विज्ञान और कला प्रदर्शनी ने मोहा मन



कार्यक्रम को संबोधित करते कारागार राज्य मंत्री। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर। अमृत विचार :** ग्रीनफील्ड अकैडमी में वार्षिक कार्यक्रम अनंतम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनकी कलात्मक व शैक्षणिक उपलब्धियों को मंच प्रदान करना रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कठपुतली नृत्य, पंजाबी लोक नृत्य, कवि सम्मेलन, पिरामिड और ताइक्वांडो के हैरतअंगेज प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, हरगांव शुगर मिल के जीएम अरविंद दीक्षित, डिप्टी जीएम विवेक तिवारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी व वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल गुप्ता उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. रामनरेश मिश्रा, हरीश मिश्रा, प्रबंधिका रैना मिश्रा, प्रबंध निदेशक प्रशांत मिश्रा, प्रशासक केतन मिश्रा व शैक्षिक निदेशक आलोक मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के चतुराबेहड़ गांव में सुबह एक बुजुर्ग का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के चतुराबेहड़ निवासी 62 वर्षीय शुभनाथ जनगणना विभाग से सेवानिवृत्त ड्राइवर थे और बीते 30 वर्षों से लखनऊ में रह रहे थे। वे शनिवार दोपहर ही पैतृक गांव आए थे। रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर उनका शव पेड़ से लटकता देखा। परिवार के लोगों ने अचानक हुई मौत पर संदेह जताया है। बताया कि घटनास्थल पर मृतक के दोनों पैर जमीन से स्पर्श कर रहे थे, जिससे लग रहा है कि शुभनाथ की हत्या की गई है। जांच पड़ताल में पुलिस को शव से 20 मीटर दूर चप्पलें और कुछ दूरी पर चश्मा पड़ा मिला। सीओ वीपी श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां और भी स्पष्ट हो जाएंगी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। साक्ष्य संकलन के दौरान पीड़ित पक्ष के बयान भी दर्ज किये गए हैं।



सम्मानित कवियों के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

### साहित्य सुधा गीतांजलि महोत्सव में हुआ कवियों का सम्मान

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था साहित्य सुधा गीतांजलि के संस्थापक अरविन्द सिंह मधुप की अगुवाई में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। योगेश चौहान की अध्यक्षता में इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सरला अवस्थी द्वारा माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरोज गुप्त, अशोक पुष्प, योगेश चौहान, अरविन्द सिंह मधुप, विजय रस्तोगी, रामदास रतन, संध्या त्रिपाठी, धर्मेन्द्र धवल, संदीप यादव सरल,आनंद खत्री, रजनीकांत दीक्षित, सीताकान्त स्वयंभू, प्रांजुल अस्थाना, रोहित सिरफिरा, कृष्णकांत मिश्र, कृष्णमुरारी खरोंच, हरिशंकर मौर्य, संजय नाग, दुर्वासा के साथ ही नवोदित कवि उदित सिंह एवं हिमांशु सिंह के काव्यपाठ की सराहना हुई। मोहित जायसवाल, सुनील रस्तोगी एवं संस्था द्वारा सभी कवियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन संदीप अनुरागी ने किया। अशोक पुष्प ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पंचायत भवन में कैंप लगा

**लहरपुर।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकैचनपुर फरीदपुर में किसानों को डिजिटल पहचान दिलाने के उद्देश्य से पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता और उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैंप में कृषि विभाग के खंड तकनीकी प्रबंधक आशीष मिश्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों की एक डिजिटल पहचान है। भविष्य में इसके बिना कृषि संबंधी सरकारी योजनाओं, खाद, बीज और कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान का लाभ नहीं मिल सकेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सत्यदेव, सतीश कुमार, अतीक, हरीश, लतीफ, मेराज, सर्वेश, अजमत और सकरुल्ला समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## क्लीनिक पर लगा ताला टीम के जाते ही फिर खुला

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर झोलाछाप के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। देर शाम सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के नेतृत्व में टीम ने मोहल्ला मिश्रपुर स्थित वाहिदी क्लीनिक पर छापेमारी की।



क्लीनिक सील करने की कार्रवाई करते सीएचसी अधीक्षक।

जांच के दौरान क्लीनिक संचालक कोई भी वैध चिकित्सकीय प्रपत्र या पंजीकरण सर्टिफिकेट नहीं दिखा सका। प्रपत्रों के अभाव में टीम ने तत्काल क्लीनिक को बंद कराकर उसके संचालन पर रोक लगा दी। टीम में डॉ. अनिल श्रीवास्तव, मनोज वर्मा और गौरव सक्सेना शामिल रहे। अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने बताया कि अवैध संचालन मिलने पर क्लीनिक बंद कराया गया है।

# आंधी-पानी का कहर : महिला ने तोड़ा दम

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** आंधी-पानी जनपद में कहर लेकर आई, अलग अलग स्थानों पर हुए हादसे के दौरान एक महिला की मौत हो गई, तीन लोग गंभीर भी हैं। कई स्थानों पर बिजली और पेड़ की शाखाएं टूटने से लंबा जाम भी लगा रहा।

सिधौली कोतवाली क्षेत्र की गांधी नगर निवासी मोहल्ला गांधी नगर उत्तरी निवासी सुनीता (45) पत्नी परमानंद, अपनी पुत्री प्रियंका (18) और पड़ोस की शशि सिंह (44) के साथ मंदिर से घर लौट रही थीं। शाम करीब 7 बजे तेज आंधी-पानी शुरू होने पर तीनों महिलाएं सड़क किनारे पेड़ के नीचे रुक गईं। इसी बीच तेज हवाओं के दबाव से विशालकाय आम का पेड़ भरभराकर गिर गया। मलबे और टहनियों के नीचे दबने से सुनीता की घटनास्थल पर ही सांसें थम गईं। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। हादसे में प्रियंका और शशि सिंह को भी चोटें आई हैं। उधर, इसी कोतवाली क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते कच्चे मकान की दीवार और छप्पर ढह गया। मलबे में दबकर 26 वर्षीय सुनीता पत्नी मुन्नू गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसके पति बाल-बाल बच गए। उपचार के दौरान महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।



मार्ग पर गिरे पेड़ को हटाते राहगीर व ग्रामीण। अमृत विचार

- **दीवार गिरने से दूसरी महिला घायल, दो बाइक सवार भी चोटिल**

### लगा वाहनों का लंबा जाम

महमूदाबाद थाना क्षेत्र के सिरौली शाखा के सामने आम का पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे महमूदाबाद-सिधौली मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस और वन विभाग की टीम को पसीना बहाना पड़ा। तंबौर, रेउसा, भदफर, लहरपुर, कचनार, पिसावां सहित अन्य स्थानों पर विद्युत तारों के टूटने से देर तक व्यवस्था प्रभावित रही।

## ई-रिक्शा की टक्कर से युवक की मौत, सरिया पेट में घुसी

**संवाददाता रामपुर मथुरा, अमृत विचार:** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से उस पर लदी लोहे की सरिया युवक के पेट में आर-पार हो गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के बांसुरा गांव निवासी साबिर अली उर्फ पोले (40) पुत्र कल्लू दोपहर खेत से गेहूं लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के अंदर तीरथ अस्पताल के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा पर लोहे की सरिया लदी थी जो बाहर की ओर निकली हुई थी। टक्कर लगते ही सरिया सबीर के पैर को चीरते हुए पेट में जा घुसी। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीण आनन-फानन में घायल को सीएचसी महमूदाबाद ले गए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। हालांकि, लखनऊ पहुंचने से पहले ही साबिर की मौत हो गई।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 रायबरेली

न्यूज ब्रीफ

### लेखपाल व कानूनगो पर जमीन कब्जा करवाने का आरोप

रायबरेली सेमरी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सुर्जी पुर गुमान खेड़ा निवासी राम स्वरुप पुत्र बृज लाल ने तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिये गये प्रार्थना पत्र में अवगत कराया कि प्रार्थी की भूमि का स्वामी जरिये हिबानामा के इस पर काबिज दाखिल है। खम्भे आदि भी गाड़ रखे हैं, जिसमें गांव के ही विपक्षी संगीता देवी पत्नी राम करन व राम करन पुत्र शिवकुमार सरहंगई व दबंगई के बल पर जमीन में कब्जा कर रहे हैं। हल्का लेखपाल व कानूनगो पर सांठगांठ करके सुविधा शुल्क लेकर उसकी जमीन पर दूसरे का कब्जा करवाने का आरोप लगाया गया है। क्षेत्रीय लेखपाल आलोक कुमार ने वार्ता के दौरान बताया कि इस जमीन पर 116 के तहत बंटवारे का मुकदमा भी चल रहा सफाई देते हुए कहा कि हम लोगों से कोई मामला नहीं है। जब कि क्षेत्रीय आम जनमानस में वर्चा है कि यह लोग गांव के मामलों को सुलझाते नहीं बल्कि आपस में उलझाने का काम करते हैं। जिससे पीड़ित न सिर्फ परेशान हैं, बल्कि खुद की भूमि को पाने के लिए जगह जगह उसे भटकना पड़ रहा है।

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, बची जान

शिवगढ़: शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भवानीगढ़-गुमावां लाही बॉर्डर सम्पर्क मार्ग पर भैरीखेड़ा शिवगंज के पास ट्रैक्टर ट्राली सहित अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्थित खेत में पलट गया। फिलहाल इस दुर्घटना में कोई जनहानि की खबर नहीं है। शिवगढ़ कस्बे की ओर से श्री बरखण्डीनाथ गांव जा रहा ट्रैक्टर शिवगढ़ रजबहा की पुलिया से पहले अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सामने से आ रहे बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। दुर्घटना के समय ट्रैक्टर से कूद कर ड्राइवर ने अपनी जान बचाई। वहीं थाना प्रभारी राजीव सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### छात्र का शव रखकर सड़क किया जाम

सरेनी: शनिवार की सुबहथाना क्षेत्र के मदा खेड़ा मजरे दूलापुर गांव के रहने वाले अशोक कुमार का 12 वर्षीय बेटा हिमांशु जो कक्षा 8 का छात्र था। गोविंदपुरगन्ना कांटा के पास सड़क किनारे खड़ा था तभी चार पहिया वाहन चालक उसे रौंदता हुआ निकल गया। रविवार को किशोर के शव का पोस्टमार्टम हुआ और परिजन शव लेकरगन्ना काटा पहुंचे। जहां शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी अमित सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया लेकिन परिजन अड़े रहे। मृतक के पिता का कहना है कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा सड़क जामरहेगी। उधर सीओ ने सभी सीसीटीवी खंगाल कर वाहन को पकड़ने का पुलिस निर्देश दिया है।

### विधायक ने सड़क का किया लोकार्पण

रायबरेली: पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडे ने कहा है कि किसी गरीब के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा मेरी असली लड़ाई यही है सबको सम्मान दिलाना। विधायक ने रविवार को दुर्गागंज में इंटरलॉकिंग सड़क के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। आज गांव दुर्गागंज, कितूली, चरुहार जियायक, धीरनपुर और धमधमा में इंटरलॉकिंग सड़क और पखरौली में वीर पासी द्वार का लोकार्पण किया गया।

# आंधी और बारिश के साथ गिरे ओले, हजारों एकड़ फसल चौपट

## मौसम में बदलाव से मचा कोहराम: तेज हवा से बिजली का खंभा गिरने से बुजुर्ग की गई जान, पेड़ की चपेट में आने से दो लोग गंभीर



शिवगढ़ में बारिश से टमाटर की फसल में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। मौसम के करवट लेते ही आम आदमी से लेकर किसान तक सभी के माथों पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी हैं। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने खेतों में पकी हुई गेहूं की फसल को बर्बाद किया ही, इसी के साथ कई लोग इस मौसम के कोहराम के शिकार होकर असमय मृत्यु के आगोश में चले गए। अब तक मिली जानकारी के अनुसार एक की मौत, दो घायल एवं एक गोवंश सहित दो मवेशियों के भी मौत होने की खबर है। इसके अलावां कई तहसीलों के गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण अंधेरे में डूबे हुए हैं। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक तहसीलों व कस्बों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

**आंधी से बुजुर्ग पर गिरा विद्युत पोल, मौत, सतांव:** शनिवार की शाम तेज आंधी के साथ हुई बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से जहां एक ओर किसानों की हजारों बीघे गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। वहीं तेज आंधी के कारण बिजली का खम्भा गिरने से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पोरई गांव निवासी किसान सहल (60) पुत्र छब्बा शनिवार की शाम क्षेत्र की दुर्गागंज बाजार से सब्जी बेंचकर साइकिल से घर वापस जा रहे थे। रास्ते में तेज आंधी और बारिश के चलते बिजली का एक खम्भा टूटकर उनके ऊपर गिर गया। जिससे बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। गम्भीर हालत में ग्रामीणों ने इलाज हेतु उसे सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामें के उपरान्त शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**अंधेरे में डूबी आबादी:** तेज आंधी के कारण शनिवार की शाम ध्वस्त हुई विद्युत आपूर्ति से एक लाख आबादी अंधेरे में डूबी रही। गांवों में बिजली आपूर्ति न होने से ग्रामीण परेशान थे। समाचार लिखे जाने तक गांवों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

**बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि से हजारों बीघे फसल चौपट, शिवगढ़:** शनिवार की शाम करीब 6:45 बजे से लेकर देर रात तक हुई बेमौसम मूसलाधार बारिश तथा ओलावृष्टि ने क्षेत्र में अपने पीछे किसानों की बर्बादी के निशान छोड़ दिए हैं।

कृषक नन्दकिशोर तिवारी, रामकिशोर मौर्य, सोनू हाण्डा, संगीत मिश्रा, मनोज कुमार रावत आदि किसानों का कहना है कि खेतों में फसले पककर तैयार खड़ी अथवा कटी पड़ी हैं ऐसे में हो रही बेमौसम बेरहम बारिश और ओलावृष्टि कृषकों की फसलों पर कहर बनकर बरस रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस जिला सचिव अंजली पासी तथा समाजवादी पार्टी युवजन सभा के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत आदि लोगों का कहना है कि प्रकृति के कहर ने किसानों को अन्दर से तोड़कर रख दिया है। इस सम्बन्ध में एडीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी का कहना है कि जिन किसान भाइयों की फसल को नुकसान हुआ है, वे फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 14447 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि हुए नुकसान का आकलन कर उन्हें सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

**आंधी-पानी से विद्युत व्यवस्था चरमराई, सलोन:** शनिवार देर शाम आई तेज आंधी, ओलों और हल्की बारिश के चलते क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई स्थानों पर पेड़ों की डालें टूटकर बिजली के तारों पर गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई। करीब 12 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी, जबकि कुछ स्थानों पर लगभग 14 घंटे तक बिजली गुल रही।इसी दौरान रतासों गांव में बुद्धिमान सिंह पुत्र स्व. रामदेव सिंह के घर पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे मकान को नुकसान पहुंचा और घर में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आंधी के कारण जगह-जगह पेड़ों की टहनियां टूटकर गिरने से बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बाधित रही। उधर, उपभोक्ताओं का आरोप है कि आपूर्ति बाधित होने के दौरान बिजली कर्मी फोन रिसीव करने से कतराते रहे, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### तेज बारिश व तूफान से गिरे पेड़ के नीचे दब कर एक गोवंश सहित दो मवेशियों की मौत



आंधी से गांव में टीनशेड पर गिरा पेड़। अमृत विचार

खीरों (रायबरेली)। शनिवार की शाम को तेज बारिश और तूफान के बीच गहराखेड़ा मजरे धुराई में एक नीम का पेड़ गिर गया। जिससे पेड़ के नीचे बंधी भीखूराम लोधी की भैंस और रामावती की गाय पेड़ के नीचे दब गए और भैंस ने तुरन्त दम तोड़ दिया। जबकि रामावती की गाय की भी रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। छप्पर के नीचे बैठे भीखूराम बाल बाल बच गए जबकि उनकी गृहस्थी नष्ट हो गई। वहीं इसी दौरान मदनपुर मजरे धुराई निवासी सरवन अपने दरवाजे रखे टीन शेड के नीचे बैठे थे। तभी तूफान के बेग से टीन शेड गिरने से सरवन उसके नीचे दब गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाल कर सीएचसी खीरों पहुंचाया गया, जहां से सरवन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी खीरों प्रभारी डॉ. भावेश सिंह ने बताया कि घायल की हालत नाजुक होने के कारण बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर तूफान के साथ ओलावृष्टि होने से किसान प्रेमशंकर, शिवप्रकाश, हीरालाल, गंगासागर, हरीशंकर, विद्यासागर आदि परेशान हैं।

### डीएम ने बारिश से हुई क्षति का लिया जायजा, किसानों में जगी उम्मीद



गढ़ी मुतवल्ली गांव में क्षति का जायजा लेतीं डीएम हर्षिता माथुर।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। आंधी और बारिश की मार से जूझ रहे किसानों के लिए इस बार जिला प्रशासन की तस्वीर कुछ अलग नजर आई। अक्सर दफ्तरों तक सीमित रहने वाली व्यवस्था सीएम के कड़े निर्देश के बाद जब सीधे खेतों में पहुंची, तो किसानों के चेहरे पर राहत और भरोसे की झलक साफ नजर आई। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद डीएम हर्षिता माथुर ने रविवार को किसानों के खेतों में जाकर नुकसान, जनसुरक्षा एवं राहत कार्या का जायजा लिया। गेहूं की झुकी बालियों और खेतों में कटी व बिखरी पड़ी फसलों के बीच डीएम का किसानों से सीधा संवाद न सिर्फ हालात को समझने का प्रयास था, बल्कि उन्होंने यह भी संदेश दिया कि सरकार उनकी हर परेशानी के साथ खड़ी है। सदर तहसील क्षेत्र के गढ़ी मुतवल्ली में गेहूं की फसलों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नुकसान का त्वरित और निष्पक्ष आकलन कर प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। सभी लेखपालों को भी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर क्षति का आंकलन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सबसे खास बात यह रही कि डीएम ने लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस का रुख अपनाते हुए साफ कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमृता सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय व राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

### पेड़ की चपेट में आने से दो घायल, खाई में घुसा ट्रेलर



खाई में लटका ट्रेलर।

महराजगंज, अमृत विचार। क्षेत्र में शनिवार की रात करीब सात बजे से आंधी तूफान के साथ हुई जोरदार बारिश ने जहां किसानों की चिंता बढ़ा दी। वही सैकड़ों पेडों को भी तेज़ रफ़्तार तूफान ने धराशाई कर दिया। खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं, सरसों, मटर, चना, मसूर की फसल पर बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से हुए नुकसान से किसान मायूस हैं। वही महराजगंज से इन्हौना जाने वाले मुख्य मार्ग पर मोन गांव के पास शीशम के गिरे पेड़ से टकराकर दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। डेपारमऊ निवासी अयोध्या प्रसाद (55) व हरिश्चंद्र (40) कुशमहुरा गांव की गौशाला से शनिवार शाम को घर के लिए निकले ही थे कि मोन गांव के पास तेज़ तूफान में सड़क पर गिरे शीशम के पेड़ से टकराकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही दूसरी ओर महराजगंज से हैदरगढ़ मार्ग पर वाहन यार्ड व फायर स्टेशन के बीच में रायबरेली जा रहा ट्रेलर पेड़ गिरने से अनियंत्रित होकर खाई जा घुसा। वहीं मोन गांव निवासी किसान अमरेंद्र सिंह, सीताराम, शत्रोहन प्रसाद, पिंटू सिंह, कन्हैया बक्स सिंह, मुरारी लाल, समरजीत, रामहेत आदि का कहना है कि मौसम की मार से तैयार फसल नष्ट हो गई है।

# गैस सिलेंडर न मिलने नाराज उपभोक्ताओं ने किया मार्ग जाम



सलोन में सड़क जाम करने से फंसे वाहन व राहगीर। अमृत विचार

सलोन (रायबरेली)

अमृत विचार। सलोन मुख्यालय पर एलपीजी गैस एजेंसी कार्यालय बंद मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने कस्बे की पुलिस चौकी से चंद कदम दूर मुख्य मार्ग पर लगभग आधे घंटे तक जाम लगा दिया। जाम के चलते थोड़ी ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने सिपाहियों को मौके पर भेजकर किसी तरह मार्ग बहाल कराया।

उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से ही गैस की किल्लत के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके बाद एजेंसी कार्यालय में बुकिंग के बाद पर्ची लेने और केवाईसी कराने की प्रक्रिया भी टेढ़ी खीर साबित हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि बुकिंग के बावजूद कुछ उपभोक्ता एजेंसी

**आक्रोश**

गोदाम से सीधे सिलेंडर ले जा रहे हैं, जिससे सलोन क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था बाधित हो रही है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि एजेंसी कार्यालय का स्थान छोटा होने के कारण अव्यवस्था की स्थिति बन रही है।एजेंसी संचालक को बड़ी जगह पर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार से ब्लॉक के समीप बुकिंग पर्ची और केवाईसी की व्यवस्था विभाग की निगरानी में कराई जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग चार दिन पहले गैस का लोड आया था और संभवतः कल या परसों दो गाड़ियों का अतिरिक्त लोड आने से आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो जाएगी।

# लाखों रुपये के पेड़ कटवाकर छुपा दीं जड़ें

ऊंचाहार (रायबरेली)

अमृत विचार। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने शारदा सहायक नहर के किनारे लगे 50 साल पुराने बेस कीमती पेड़ों की सौदेबाजी करके कटवा दिया। जिसकी कीमत कई लाख की है। उसने यह खेल बीस पेड़ों की नीलामी की अनुमति लेकर उसके आड़ में किया है। अब विभागीय टीम इसकी जांच कर रही है तो सिलसिलेवार खुलासा हो रहा है।

मामला कोतवाली क्षेत्र स्थित मनीरामपुर शारदा सहायक नहर कार्यालय के पास का है। यहां पर करीब 50 साल पुराने यूकेलिपटिस के कुल 82 पेड़ थे। आरोप है कि अवर अभियंता मिथुन कुमार ने विभाग से बीस पेड़ों के नीलामी की अनुमति ली और फिर ठेकेदार से मिलकर कुल 82 पेड़ कटवा दिए। इसकी पुष्टि करते हुए कार्यालय में तैनात सींचपाल संतोष मिश्रा ने बताया कि यहां 82 यूकेलिप्टस के पेड़ थे।

**जांच में नहीं मिले पेड़**



सरकारी पेड़ों को चोरी से कटवाने की जांच करती टीम। अमृत विचार

विभाग ने केवल 20 पेड़ों को काटने का आदेश दिया था। अतिरिक्त काटे गए पेड़ों की अनुमानित कीमत 35 से 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले की शिकायत होने पर रविवार को जांच टीम मौके पर पहुंची। जांच टीम में एसडीओ नमन कुमार मिश्रा (अध्यक्ष), डीआरओ अखिलेश कुमार पाण्डेय, अवर अभियंता आदर्श कुमार सिंह और धर्मेंद्र कुमार शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर 82 पेड़ों की जांच की। एसडीओ नमन कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से पेड़ काटे जाने की शिकायत मिली थी। कहा कि संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण किया है और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। एसडीओ ने बताया कि मौके पर पहले से पड़ी नंबरिंग के अनुसार लगभग 75 पेड़ थे, लेकिन निरीक्षण के दौरान एक भी पेड़ नहीं मिला। बताया कि पेड़ो को काटकर उनकी जड़े छिपाई गई है। पूरे क्षेत्र में मिट्टी फैली हुई है और कुछ जड़ें सख्त मिट्टी के नीचे मिल सकती हैं। इस पूरे प्रकरण की शिकायत विभाग के जिलेदार पद पर तैनात कृष्ण कुमार ने की थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि कुल 82 पेड़ो के कटान की शिकायत उच्चाधिकारियों से गई है। जिसमें मौके पर खड़े 20 पेड़ो की नंबरिंग नहीं थी। नंबरिंग करते समय 20 पेड़ काफी पतले थे इसलिए उसकी नंबरिंग नहीं की गई। जबकि 82 पेड़ो की नंबरिंग की गई है। उन्हीं के काटने की शिकायत की गई है।

### प्रेमी को जेल भेजने से नाराज किशोरी मोबाइल टॉवर पर चढ़ी

अटौरा (रायबरेली) अमृत विचार। डलमऊ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक किशोरी का पूरे जुगराज मजरे हाजीपुर गांव निवासी अपने ममेरे भाई से प्रेम प्रसंग चल रहा था। काफी मना करने बाद भी जब किशोरी नहीं मानी तो उसकी मां ने डलमऊ थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया, जिस बात से नाराज किशोरी शनिवार कि दोपहर घर से करीब 16 किलोमीटर पैदल चलकर प्रेमी के गांव के बाहर लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई और पूरी रात टॉवर पर ही बैठी रही। सुबह खेतों में गेहूं की मड़ाई करने वाले श्रमिकों ने उसे देखा तो सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी, जिसके बाद हजारों की सख्यां में लोग मौके पर एकत्रित हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे समझा बुझा कर नीचे उतारा और परिजनों को सूचना देते हुए थाने लेकर चली गई। प्रभारी थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों के सम्मुख उसकी काउंसिलिंग के उपरान्त परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### नायब तहसीलदार बन गांव पहुंचे संजीव वाजपेई का हुआ स्वागत



संजीव बाजपेई का स्वागत करते लोग।

लालगंज। लालगंज विकासखंड के गोविंदपुर वलौली गांव के संजीव वाजपेई का पीसीएस के तहत नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है। संजीव वाजपेई के नायब तहसीलदार बनने पर लालगंज के लोगों ने जोरदार प्रसन्नता व्यक्त कीहै। वास्तव में संजीव बाजपेई एयरफोर्स से रिटायर होकर बैंक में नौकरी कर रहे थे। रविवार को लालगंज पहुंचने पर शिव पुस्तक भंडार के प्रोपराइटर शिवकुमार सतीश त्रिवेदी और मनीष राजन त्रिवेदी ने उनका जोरदार स्वागत किया। गांव गोविंदपुर वलौली गांव पहुंचने सभी ने उनका फूलों से स्वागत किया। इस मौके पर सुशील शुक्ला, नारायण शुक्ला, सतीश शुक्ला, आलोक बाजपेई, मनोज त्रिवेदी, अंजनी त्रिवेदी रहे।

### सड़क पर उतरी पुलिस, व्यापारियों का बढ़ा भरोसा



बछरावां का निरीक्षण करते एसपी रवि कुमार व अन्य।

बछरावां। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। शनिवार रात पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंह के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस बल को सतर्क रहते हुए नियमित गश्त, कड़ी निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गश्त के बाद पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के सराफा मार्केट में व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों ने मुख्य चौराहे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों से लगने वाले जाम, पार्किंग की कमी और हाईवे पर बसों के खड़े होने जैसी गंभीर समस्याएं उठाईं। साथ ही हाल ही में बस स्टॉप के पास हुई दर्दनाक घटना का मुद्दा भी सामने रखा गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल को निर्देशित किया कि हर माह व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

### दबंगों ने युवक को पीटा, फिर मारी गोली

अमावां, अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रविवार की शाम एक युवक को आधा दर्जन दबंगों ने जमकर मारा पीटा और मारपीट के दौरान युवक को गोली मार दी गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के नई बस्ती देवानंदपुर निवासी मयंक झा की कुछ दबंगों से रंजिश चली जा रही है। इसी रंजिश में रविवार की शाम करीब 4 बजे रतापुर गांव के पीछे मयंक झा को अकेला पाकर दबंगों ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मयंक झा को लाठी डंडे व लोहे के राड से पीट कर घायल कर दिया। इस दौरान मयंक झा (26) को गोली मार दी गई। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल मयंक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं दूसरी तरफ सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया घटना को लेकर तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित



पहरेमऊ मंडल में कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, मौजूद अन्य।

लालगंज। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए रविवार को पहरेमऊ मंडल में कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि भाजपा एक दल नहीं वरन राष्ट्रवाद रुपी विचारधारा की पार्टी है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा की। कार्यशाला में अटल युग की गठबंधन राजनीति और मोदी युग के विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया। वहीं पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य, सुरेश मौर्य, व्यवस्था मंडल अध्यक्ष सुशील सिंह व किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह मौजूद रहे।

**अनोखी पहल**

## आरएसएस के स्वयं सेवकों ने शरीर दानकर पेश किया सच्ची देश भक्ति का उदाहरण

# राष्ट्र सेवा के लिए चार स्वयं सेवकों ने एम्स को दान किया शरीर

शिवगढ़ (रायबरेली)



एम्स को शरीर दान करने वाले स्वयं सेवक। अमृत विचार

अमृत विचार। समाज में सच्ची देशभक्ति वाणी से नहीं कार्यों से स्थापित होती है। आरएसएस के स्वयं सेवकों ने रायबरेली एम्स को अपना शरीर दानकर सच्ची देश भक्ति का उदाहरण पेश किया है।

क्षेत्र के बेड़ारू निवासी खण्ड संचालक अमर सिंह राठौर, शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 4 शिवली के रहने वाले खण्ड कार्यवाह विनय त्रिवेदी, वार्ड नम्बर 7 भवानीगढ़ के रहने वाले बौद्धिक प्रमुख रामेश्वर सिंह तथा शिवगढ़ भाजपा मण्डल महामंत्री दिनेश सिंह भदौरिया ने सह जिला संघ चालक देवेन्द्र बहादुर सिंह की प्रेरणा से प्रेरित होकर रायबरेली एम्स को अपना शरीर दान कर दिया है। डीबी सिंह ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए बताया कि उनके इस महान निर्णय से मेडिकल छात्र मानव शरीर के विभिन्न अंगों के विषय में प्रत्यक्ष रूप से गहराई से जान, समझकर बेहतर डॉक्टर बन सकेंगे और देश की सेवा कर सकेगें।

उन्होंने कहा कि लोगों की सोच रहती है कि शरीर का तभी तक महत्व है जब तक शरीर में जान है, शरीर से पंख पखेड़ू उड़ने के बाद घर, परिवार और समाज का प्रयास होता है कि शरीर को जल्द से जल्द पंचतंत्र में विलीन कर दिया जाए, किन्तु हकीकत यह है कि मृत्यु के बाद भी शरीर का महत्व समाप्त नहीं होता। बल्कि शरीर दान के माध्यम से यह राष्ट्र और मानवता के काम आ सकता है। यह कदम न केवल विज्ञान को आगे बढ़ाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनता है। यह पहल एक संदेश देती है कि जीवन के बाद भी राष्ट्र सेवा सम्भव है। हम शरीर दान करके राष्ट्र की सच्ची सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय है कि हम भी इस महान कार्य में भागीदार बनें और राष्ट्र एवं मानव कल्याण हित में अपने अंगों और शरीर का दान करें। इस मौके पर अनुज अवस्थी, वीरेंद्र सिंह, अजय मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### निदेशक ने स्वच्छता पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




स्वच्छता पखवाड़ा में शामिल अधिकारी व कर्मचारी।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज एक से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया रहा है। कार्यक्रम निदेशक प्रो. डॉ अमिता जैन के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता पखवाड़ा अध्यक्ष डॉ. सुयश सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे दिन निदेशक आवास से लेकर मूख्य द्वार तक एक स्वच्छता पद यात्रा का आयोजन किया गया। निदेशक ने सुबह स्वच्छता पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पखवाड़ा की थीम है, "हर घर स्वच्छ हर घर स्वस्थ" स्वच्छता पद यात्रा में उप निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार, कर्नल यूएन राय, अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, संकाय सदस्य छात्र, अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रो. डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी 15 दिनों तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं जनसहभागिता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे अस्पताल परिसर में स्वच्छता को और सुदृढ़ किया जा सके। 6, 9 और 13 अप्रैल को आस-पास के मुख्य स्थानों पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक बनाने हेतु आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अन्य गतिविधियों में कार्मिकों एवं छात्रों के लिए निबंध, पोस्टर, रंगोली और स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता अस्पताल परिचरों हेतु प्रशिक्षण सत्र शामिल है।

**न्यूज ब्रीफ**

### पर्यावरण विद् एवं मनीषी डॉ. महादेव सिंह का हुआ स्वागत

**लालगंज (रायबरेली) :** बैसवारा साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था लालगंज के तत्वावधान में साहित्यिक सृजन तथा पर्यावरण के सतत विकास में समर्पित क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. महादेव सिंह का सारस्वत अभिनंदन समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ है। बैसवारा महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजीव कुमार सिंह इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच ने कहा कि डॉ. महादेव सिंह ने पर्यावरण क्षेत्र में बहुत अधिक कार्य किया है। इसी का परिणाम है कि आज बच्चे बूढ़े नौजवान शिक्षाविद सभी उनको सम्मानित कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि कर्नल रितेश कुमार, राजीव दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में मुख्य समागत जल पुरुष डॉ राजेंद्र सिंह जिन्हें स्टॉक होम वॉटर नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज महादेव सिंह को सम्मानित कर इस क्षेत्र के लोगों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। इसके पूर्व पुस्तक स्वर्ण शिखर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. गणेश नारायण पांडे, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, डॉ. अर्जुन पांडे, डॉ. अमल धारी सिंह, डॉ. रतन कुमार श्रीवास्तव आदि रहे।

### शिविर में मरीजों ने कराया नेत्र परीक्षण

**महराजगंज (रायबरेली) :** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ द्वारा आज हलोर चौराहे पर यूको बैंक के निकट नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 51 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 11 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 4 मरीजों को चश्मा के लिए निर्देशित किया गया। शिविर में डॉ. जैनेंद्र त्रिपाठी, दीपिका चौधरी, सिंपी सिंह, अन्नू, मोहित विश्वकर्मा, सलीम आदि की संयुक्त टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। इस मौके पर शिविर के संयोजक रामसागर चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, रिंकू चौधरी, मोहित शर्मा, पिंटू मौजूद रहे।

### टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित

**शिवगढ़ (रायबरेली) :** क्षेत्र के पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी में विज्ञान एवं टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बेड़ारू के शाखा प्रबन्धक पुष्कर पाण्डेय वविशिष्ट अतिथि कुम्भी ग्राम प्रधान अशर्फीलाल रहे। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनव मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को सरल ढंग से प्रस्तुत किया। अतिथियों और शिक्षकों ने प्रदर्शनी का गहन निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर आशीष, जयकरन, अंजुला सक्सेना, राजकुमार सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन सिंह, प्रतिभा पटेल, निशा यादव, सचिन शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुलिसकर्मियों के लिए शिविर आयोजित

**अमेठी :** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन "वामा सारथी" के नेतृत्व में तथा टाटा एमजी के सहयोग से रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए एक वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उपस्थित पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने, संतुलित आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

# एलपीजी की कालाबाजारी उजागर होने पर कार्रवाई

**▶ चार सदस्यीय टीम ने की छापेमारी, अनियमितताएं सामने आने पर एजेंसी संचालक पर मुकदमा दर्ज**

संवाददाता, अमेठी


एजेंसी पर निरीक्षण करते पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय व मौजूद अन्य लोग।

**अमृत विचार।** अमेठी जनपद में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। शनिवार शाम सप्लाई विभाग की चार सदस्यीय टीम ने प्रकाश गैस एजेंसी के गोदाम पर छापा मारा। जांच में भारी अनियमितताएं सामने आने के बाद एजेंसी संचालक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी संजय चौहान के अनुमोदन के बाद एजेंसी मालिक मनदीप सिंह के खिलाफ कार्रवाई हुई।

यह कार्रवाई पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 के उल्लंघन के तहत की गई है। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया। गोदाम में मौजूद सभी सिलिंडरों को तत्काल राजाराम गैस एजेंसी, बारहमासी में स्थानांतरित किया गया। पूरे मामले की सूचना इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को भेजी गई है। वहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में एजेंसी के खिलाफ शिकायत मिली थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह संयुक्त छापेमारी की गई थी। जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। गोदाम में 14.2 किलोग्राम के 556 भरे घरेलू सिलेंडर गायब मिले, जबकि 432 खाली सिलेंडर अधिक थे। 17 दोषपूर्ण सिलेंडर भी मौके पर नहीं पाए गए। 10 किलोग्राम के कंपोजिट सिलेंडरों में भी गड़बड़ी मिली, जिसमें 10 खाली 19 किलोग्राम के कमर्शियल 30 भरे सिलेंडर भी गायब थे, जबकि 212 खाली सिलेंडरों का हिसाब नहीं मिला। विभागीय पोर्टल पर दर्ज पांच किलोग्राम के 29 भरे सिलेंडर गोदाम में मौजूद नहीं थे।

पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि जांच में कुल मिलाकर 1295 सिलेंडरों का हेरफेर सामने आया। इसके बाद सप्लाई विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है और अन्य गैस एजेंसियों के संचालकों को भी जांच का डर सताने लगा है।

### असमय बारिश व तेज हवाओं से फसलें चौपट विद्युत आपूर्ति ध्वस्त, किसानों की बढ़ी चिंता

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र में शनिवार शाम को हुई असमय बारिश तथा तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में तैयार खड़ी फसलें मौसम की मार से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, वहीं तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। इससे किसानों के साथ-साथ आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी, और कुछ किसान मौषम देखे बगैर ही खेत में काट डाले हैं और मड़ाई बाकी है वहीं खेत में खड़ी फसल तेज हवा के चलते खेतों में गिर गई। फसल गिरने से दानों के भराव पर असर पड़ेगा और कटाई में भी दिक्कतें बढ़ गई हैं। कई किसान गिरी हुई फसल के कारण कटाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उत्पादन घटने की आशंका है। वहीं, जिन किसानों ने सरसों की फसल काटकर खेतों में सुखाने के लिए छोड़ रखी थी, उन्हें भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बारिश के कारण सरसों की फलियां चटकने लगीं, जिससे दाने जमीन पर गिरकर खराब हो रहे हैं। इससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है। तेज हवाओं का असर सब्जी फसलों पर भी पड़ा है। टमाटर के पौधे कई जगहों पर टूट गए और फल जमीन पर गिर गए, जिससे उत्पादन में कमी की संभावना है। इसके अलावा तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार और खंभे क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा छा गया और पेयजल व अन्य आवश्यक कार्य भी प्रभावित हुए। किसान राज बख्श, बृजेश कुमार, सुजीत कुमार, राजू, राज बहादुर, राम कुमार, शैलेन्द्र सहित अन्य किसानों ने प्रशासन से नुकसान का शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।


खेत में गिरी पड़ी गेहूं की फसल।

## झाड़ियां और कंटीली टहनियां बनीं जानलेवा, हो सकता है बड़ा हादसा

जितेंद्र तिवारी, शुकुल बाजार (अमेठी)

- शुकुल बाजार के कई प्रमुख मार्गों पर बढ़ा खतरा, प्रशासन बेखबर


जगदीशपुर मार्ग पर लगी कंटीली टहनियां।

**अमृत विचार।** जहां सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती है, वहीं विकास खण्ड में सड़क किनारे उगी झाड़ियां और कंटीले पेड़ों की फैली टहनियां राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं। विशेष रूप से जगदीशपुर मार्ग पर स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

लोगों के मुताबिक सड़क के दोनों किनारों पर उगी घनी झाड़ियां न केवल सफेद पट्टी को पूरी तरह ढक रहीं हैं। बल्कि दृश्यता भी बाधित कर रही हैं। इससे वाहन चालकों को सामने से आने वाले यातायात का सही अनुमान नहीं लग पाता,जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। राहगीरों के अनुसार यह मार्ग काफी व्यस्त है और यहां से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है। इसके बावजूद सड़क किनारे फैली झाड़ियों की सफाई की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इन झाड़ियों में अक्सर वन्य जीव छिपे रहते हैं। जो अचानक सड़क पर आ जाते हैं। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों को जान का खतरा बना रहता है। रात के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जब दृश्यता और कम हो जाती है। सिर्फ जगदीशपुर मार्ग ही नहीं,बल्कि शुकुल बाजार-रानीगंज मार्ग,इन्हौना मार्ग तथा मां कामाख्या देवी मंदिर जाने वाले रास्तों पर भी यही हालात देखे जा सकते हैं। परेशान क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन से मार्ग के दोनों ओर झाड़ियों को कटवाने की गुहार लगाई है।

वहीं इस संबंध में अधिशासी अभियंता रमेश चन्द्रा ने बताया कि समस्या संज्ञान में आया है। अति शीघ्र ही झाड़ियों और कंटीली टहनियों को कटवा दिया जाएगा, जिससे राहगीरों को कोई परेशानी न हो।

## कार्यकर्ताओं को संगठन व विचारधारा का मिला पाठ


प्रशिक्षण महाभियान में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** संग्रामपुर मंडल के शक्ति केंद्र भवसिंहपुर कार्यालय पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह पिंटू एवं मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला की देखरेख में सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण शिविर में जिला मंत्री संतोष द्विवेदी, प्रशिक्षण प्रभारी पवन ओझा एवं आईटी सेल के शरद मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ संगठन को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में अमरेन्द्र सिंह पिंटू, सदाशिव पांडेय, विंध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी, विपिन शुक्ला, चंद्रकेश यादव, आलोक तिवारी, वद्री सोनी, रामचंद्र मिश्रा, सुनील मौर्य, कन्हैयालाल मिश्रा, धनवंत सिंह, गुलाब, रवि, रामेंद्र नाथ आदि रहे।

## नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के सभागार में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने नामित सभासद अजय सिंह, शिशिर श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी, राजेश अग्रवाल एवं किरण भारती को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने सभी नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर के समग्र विकास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सभासद जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में सक्रिय योगदान देंगे। अधिशासी अधिकारी (ईओ) स्वर्ण सिंह ने भी नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



नामित सभासदों के साथ अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और ईओ स्वर्ण सिंह।

**समारोह**

नव-नामित सभासदों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नगर के विकास, साफ-सफाई, पेयजल, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। नामित सभासद अजय सिंह ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सभासद परमजीत गांधी, संजय श्रीवास्तव, पंकज साहू, शैलेन्द्र यादव सहित कई स्थानीय नागरिक शामिल रहे। सभी ने नव-नामित सभासदों को बधाई दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### परिवर्तन और चुनौती को सबक के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़ें : एसएन पाणिग्रही

**ऊंचाहार (रायबरेली), अमृत विचार।** एनटीपीसी के क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख उत्तरी क्षेत्र एसएन पाणिग्रही ने रविवार को ऊंचाहार परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संगठनों से मुलाकात के साथ साथ एक संयुक्त बैठक को भी संबोधित किया। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा आसपास के गांवों की बालिकाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखा और बालिकाओं से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। इसके पश्चात उन्होंने एनटीपीसी ऊंचाहार के मानव संसाधन अधिकारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा युवा अधिकारियों के साथ बैठकें की। उन्होंने सभी कर्मचारियों को प्रत्येक परिवर्तन एवं चुनौती को सीखने और आगे बढ़ने के अवसर के रूप में लेने की सलाह दी, न कि उसे समस्या या बाधा के रूप में देखने की। इस अवसर पर उन्होंने सतत विकास के प्रतीक स्वरूप एक पौधरोपण भी किया तथा तत्पश्चात लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख बीएम सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं ईंधन प्रबंधन) दिलीप कुमार साहू, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं ऐश डाइक प्रबंधन) एसयू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार सहित यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्य रहे।



बैठक को संबोधित करते उत्तरी क्षेत्र के प्रमुख।

### यूपीपीएससी में चयनित आशीष का हुआ सम्मान

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खंड शुकुल बाजार क्षेत्र के ग्राम पूरे शुक्लन निवासी आशीष शुक्ला के उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयनित होकर असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी बनने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके गृह आगमन पर कृष्ण चंद्र राम चंद्र इंटर कॉलेज में प्रबंधक नारायण तिवारी और प्रधानाचार्य अंजनी कुमार ने भगवान का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। आशीष शुक्ला ने 41वीं रैंक हासिल कर इसी पद पर चयन पाया है। आशीष की सफलता इसलिए और भी प्रेरणादायक है क्योंकि वे इससे पहले उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। सरकारी नौकरी करते हुए उन्होंने तैयारी जारी रखी और ऊंचा मुकाम हासिल किया। यूपीपीएससी जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी की और सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक श्री नारायण तिवारी ने बताया कि आशीष शुक्ला ने कक्षा आठ तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से की है, जिससे विद्यालय और क्षेत्र को गर्व है। इस मौके पर आशीष के बड़े भाई अरुण शुक्ला ने परिवार के संघर्ष और समर्पण की चर्चा की। कार्यक्रम में लिपिक अनूप तिवारी, रामेंद्र मिश्रा, पंकज यादव, रामराज, कुलदीप कुमार, देवेंद्र शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।


आशीष को सम्मानित करते नारायण तिवारी व अन्य।

## दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक बनेंगी सड़क की चमकती सफेद पट्टियां

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क के दोनों किनारों पर थर्मोप्लास्टिक पेंट से सफेद पट्टियां बनाई जाएंगी। घने कोहरे के दौरान हादसों की आशंका को कम करने के लिए यह पहल अहम मानी जा रही है।

गौरतलब है कि 7.3 किलोमीटर लम्बे इस मार्ग का नवीनीकरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया गया है। बीते छह वर्षों से यह सम्पर्क मार्ग जर्जर, बदहाल एवं गड्ढों में तब्दील था जिसके चलते छात्र-छात्राओं, व्यापारियों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद अब सुरक्षा उपायों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थर्मोप्लास्टिक पेंट से बनने वाली यह सफेद पट्टियां न केवल दिन में स्पष्ट दिखाई देंगी, बल्कि रात और घने कोहरे में भी वाहनों की हेडलाइट पड़ने पर चमकेंगी, जिससे चालकों को मार्ग का सही अंदाजा मिल सकेगा। पीएमजीएसवाई विभाग के जेई ओपी वर्मा ने बताया कि सड़क के दोनों ओर यह पट्टियां जल्द ही बनाई जाएंगी, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आवागमन सुरक्षित होगा।



भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग के निर्माण में लगे सरकारी संसाधन।

**दुर्घटनाओं में आएगी कमी**

## सीएमओ ने सरेसर सहित कई केंद्रों पर किया निरीक्षण

जगदीशपुर/संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** अमेठी जनपद में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के साथ आवश्यक निर्देश भी दिए गए। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने विकास खंड जगदीशपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरेसर में लगे स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता और उपचार व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने स्वयं बैठकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।वहीं विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चण्डेरिया में आयोजित स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने किया। यहां पूरी पैरामेडिकल टीम मौजूद रही और मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया गया।इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज एवं विशेषरगंज में लगे स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण डॉ. सौरभ सिंह द्वारा किया गया। सभी केंद्रों पर मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच और दवाएं उपलब्ध कराई गईं।सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उद्देश्य जिले को रोगमुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जहां सामान्य दिनों में ओपीडी संचालित होती है, वहीं रविवार के अवकाश के दिन भी स्वास्थ्य मेले के माध्यम से जनता को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

### गायत्री परिवार के शक्ति कलश का हुआ स्वागत

**अमेठी, अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चले शक्ति कलश का अमेठी जनपद में प्रवेश हुआ। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा, पूजन और आरती के साथ भव्य स्वागत किया। यह आयोजन अखंड दीप के सौ वर्ष और वंदनीया माता की जन्म शताब्दी के शताब्दी वर्ष का हिस्सा है। रविवार सुबह शक्ति कलश ने सुल्तानपुर जनपद में पूजन के बाद अमेठी में प्रवेश किया। पहला स्वागत परतोष तिराहा स्थित शिव मंदिर पर गायत्री परिजन राज बहादुर शर्मा ने किया। इसके बाद सनहा गांव, पूरे राम मिश्र और सरुवावा गेट सहित कई स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। मंडेरिका, सेमरा, नीलकंठपुर, पूरब दुआरा और टिकरी चौराहे पर भी कलश का पूजन किया गया। राम राज यादव, उदयभान सिंह पिंटू और दिवाकर शुक्ल जैसे प्रमुख लोग इन जगहों पर उपस्थित रहे। नौगिरवा, बंदोइया, टिकरी और भीमी गांवों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश पूजन किया। कार्तिक सिंह, शीतला प्रसाद तिवारी और स्वामी प्रसाद सिंह जैसे लोग इनमें शामिल थे। रविवार देर शाम यह कलश भादर विकास खंड के लिए रवाना हुआ। अमेठी के समन्वयक त्रिवेणी सिंह ने बताया कि यह शक्ति कलश प्रतिदिन जनपद के सभी तेरह विकास खंडों में निकलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य शताब्दी वर्ष पर जन जागरण करना है।


कलश यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु।

### 50 महिलाओं को मिलेगा सिलाई प्रशिक्षण

**अमेठी अमृत विचार।** समाजसेविका कंचन गुप्ता ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की है। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को धोखाधड़ी से बचाव, त्वरित प्रतिक्रिया देने के तरीके और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विशेष रूप से कौशल विकास योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को उससे लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में कंचन गुप्ता ने बेरोजगार और काम की तलाश कर रही 50 महिलाओं का चयन किया है, जिन्हें निजी फंड से नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शारदा यादव और सरिता मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहीं।

**आयोजन** | अनुयायियों ने सामूहिक रूप से वीरांगना की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की

# वीरांगना झलकारी बाई का मनाया गया 168वां बलिदान दिवस

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** वीरांगना झलकारी बाई का 168वां बलिदान दिवस सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने उनके जन्मदिन 22 नवम्बर व बलिदान दिवस 5 अप्रैल पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। इसके अलावा उनके नाम पर जिला, तहसील और ब्लाक का नाम रखे जाने की भी मांग की गई।

वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एवं विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को गोल चौराहा स्थित वीरांगना झलकारी बाई मूर्ति के पास उनका 168वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने उन्हें सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित किया। संचालन परिषद के अध्यक्ष राम सजीवन धीमान ने किया। अध्यक्षता अरविंद कुमार वर्मा ने किया। डॉ. सुनील दत्त, रोहित चौधरी, राजेश कुरील, रामशरण चौधरी, इंजीनियर एसके आर्या आदि ने संबोधित करते हुए वीरांगना झलकारी बाई के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर श्यामलाल, राकेश कुमार, मोहनलाल, सीबी गौतम, राजाराम विद्यार्थी, विद्यासागर, दीपक मौर्य, भोला प्रसाद मौर्य, राजेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


गोल चौराहा स्थित वीरांगना झलकारी बाई की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते लोग।

### मिशन शक्ति के मंच ने दिया सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत फिरोज गांधी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम ने सामाजिक जागरुकता का सशक्त मंच तैयार किया। कार्यक्रम में डीएम हर्षिता माथुर, एसपी रवि कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने नाटक, समूह गान और नृत्य के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। साथ ही महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया गया।


कार्यक्रम में सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद डीएम-एसपी व अन्य।

# अमृत विचार

सोमवार, 6 अप्रैल 2026




हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण से ही निपटते हैं।
–**चाणक्य**, दार्शनिक



## और उग्र होता युद्ध

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र और उसके बाद उसके प्रमुख पेट्रोकेमिकल ठिकानों पर अमेरिकी हमलों ने पश्चिम एशिया के युद्ध को अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करा दिया है। यह अब केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि ऊर्जा, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। साफ है कि अमेरिका अब ईरान की सैन्य क्षमता ही नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक रीढ़ को भी तोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। यह "पूर्ण युद्ध" की स्थिति है, जहां विरोधी की संपूर्ण संरचना को निशाना बनाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल की संभावित अगली चालों के संकेत स्पष्ट हैं कि रणनीतिक ठिकानों, मिसाइल बेस और ऊर्जा अवसंरचना, जिसमें विद्युत शामिल हैं, उन पर भीषण हमले। ट्रंप के 48 घंटे का अल्टीमेटम इस बात का संकेत है कि कूटनीति की जगह अब सैन्य दबाव ने ले ली है। ट्रंप की कथित "तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने" की योजना और वर्तमान आक्रामकता के बीच विरोधाभास स्पष्ट है। यह अमेरिकी घरेलू राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है, जहां वे एक निर्णायक और विजयी छवि प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इतिहास गवाह है कि अल्पकालिक युद्ध के लक्ष्य अक्सर दीर्घकालिक संघर्षों में बदल जाते हैं, विशेषकर जब ईरान जैसा विरोधी पक्ष, प्रतिरोध की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता हो। बड़ा सवाल यह है कि जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने ईरान को तत्काल परमाणु खतरा नहीं माना, तब उसके परमाणु संयंत्रों पर बार-बार हमले क्यों? इसका उत्तर रणनीतिक बहानेबाजी में है, भविष्य की क्षमता को अभी ही नष्ट करना। किंतु यह कदम अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बुशहर जैसे संयंत्र पर हमला, यदि गंभीर क्षति या रेडियोधर्मी रिसाव का कारण बनता है, तो इसका प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, कुवैत, यूएई और खाड़ी के अन्य देशों तक इसका असर पहुंच सकता है। नाभिकीय रिसाव की स्थिति में कैंसर, पर्यावरणीय विनाश और दशकों तक बने रहने वाले रेडिएशन की समस्या पैदा होती है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन, ऐसे संवेदनशील ठिकानों पर हमले से बचने की अपेक्षा करता है। फिर भी, इन नियमों का उल्लंघन यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में नैतिक सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। अमेरिका की "आर-पार" वाली रणनीति यह संकेत देती है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अचानक तीव्र हो सकता है। तेज हमलों की श्रृंखला, और फिर किसी निर्णायक मोड़ पर युद्धविराम का प्रयास। किंतु ईरान जैसे देश के पूर्ण "ध्वस्त" होने की संभावना कम है, इसके बजाय एक लंबा, अस्थिर संघर्ष अधिक यथार्थपरक परिदृश्य है। भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर, उसकी ऊर्जा निर्भरता होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस निकासी योजना तैयार रखनी चाहिए। यह युद्ध केवल दो देशों का नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता की परीक्षा बन चुका है। यदि परमाणु और ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले जारी रहे, तो इसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को झकझोर सकता है। भारत को सजग, संतुलित और रणनीतिक रूप से सक्रिय रहना होगा।

### प्रसंगवश

## वैश्विक सुस्ती और भारत के भविष्य की राह

हाल ही में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत 7.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक संरचना, नीतिगत स्थिरता और विकास क्षमता का स्पष्ट संकेतक है। ऐसे समय में जब विश्व की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 38,424 करोड़



**प्रो एच सी पुरोहित**
दून विश्वविद्यालय, देहरादून

रुपये तक पहुंच गया। यह लगभग 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इससे पूर्व 2023-24 में यह आंकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था। लगातार बढ़ता यह निर्यात वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की स्वीकार्यता और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है। वर्तमान में भारत 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जबकि निर्यातकों की संख्या भी 128 से बढ़कर 145 हो गई है। भारत की इस तेज आर्थिक वृद्धि के पीछे कई ठोस कारण हैं। घरेलू मांग इसकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। नीतिगत सुधारों की निरंतरता भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है।

डिजिटल क्रांति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और सुलभ बनाया है, जिससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को भी नई ऊर्जा मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार ने नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं। आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, विशेषकर युवाओं के संदर्भ में। यदि विकास समावेशी नहीं होगा, तो सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है। आय असमानता भी एक चिंताजनक विषय है, जहां संपत्ति और आय का वितरण असंतुलित होता जा रहा है। शहरी-ग्रामीण तथा संगठित-असंगठित क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए लक्षित नीतियों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वैश्विक परिस्थितियां भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी घटनाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रही हैं। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मांग में कमी का प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है। हाल ही में विनिर्माण क्षेत्र का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएसआई) फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 हो गया, जो उत्पादन में कुछ धीमापन दर्शाता है। कृषि क्षेत्र की स्थिरता भी एक अहम मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, किंतु इस क्षेत्र की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियां कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अंततः 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है, परंतु इसे दीर्घकालिक, समावेशी और टिकाऊ बनाना अधिक आवश्यक है। यदि भारत इस दिशा में संतुलित प्रयास जारी रखता है, तो वह न केवल वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा, बल्कि अपने नागरिकों के लिए समृद्धि और अवसरों का नया युग भी सुनिश्चित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# अजेय भारत के लिए जरूरी अभेद्य आसमान





**नवीन गुप्ता**
बरेली

युद्ध अब केवल जमीन पर सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा सकते। दुश्मन का कौन कितना नुकसान करके, कितनी बढ़त हासिल करेगा, इसका फैसला आसमान में जेट, मिसाइल और ड्रोन के प्रहार तय हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने यही दिखाया है कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, मिसाइलों और उन्नत तकनीक का प्रभुत्व किस कदर बढ़ता जा रहा है।

साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ छिड़ी हालिया जंग ने ड्रोन और वायु शक्ति की ताकत को मजबूती के साथ स्थापित किया है। इसके चलते ही खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण युद्ध क्षेत्र जैसी अराजकता बनी हुई है। यहां तक कि अमेरिका का करोड़ों डॉलर का थॉड एयर डिफेंस सिस्टम भी ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को पूरी तरह रोकने में नाकाम रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में न सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों, राडारों के साथ तेल गैस संयंत्रों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाया है, बल्कि इसरायली एयर डिफेंस सिस्टम पर भी दबाव बनाए रखा है। इसके साथ ही वह ड्रोन के झुंडों का इस्तेमाल करके भी निशाने साध रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि भारत के पास अपने आसमान की सुरक्षा की कितनी तैयारी है। क्या भारत का मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम उन्नत ड्रोन और मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 4.5 अरब रुपये का समझौता किया है। ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोनों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों के खिलाफ भारत की कई परतों वाली हवाई सुरक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए रूस से पांच और एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाले लंबी दूरी के मिसाइल सिस्टम को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, आधुनिक युद्ध में हमला और बचाव दोनों क्षमताएं हासिल करने के लिए भारी निवेश जरूरी है। पहले सेनाएं सैनिकों के बड़े फॉर्मेशन पर आधारित थीं, अब जेट, मिसाइल, ड्रोन, रडार और इंटरसेप्टर जैसी तकनीकें निर्णायक हो गई हैं। इसे देखते हुए ही पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय वायुसेना भी अपनी युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन 'घातक' के चार स्क्वाड्रनों को अनुमति दी है। यह फैसला भारतीय वायुसेना की भविष्य की स्ट्राइक क्षमता और युद्ध की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।


गौरतलब है कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भी हवाई टकराव ही केंद्रीय भूमिका में था, जिसमें ड्रोनों के झुंड इस्तेमाल किए जा रहे थे। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय सेना के ड्रोन हथियार भंडार में कई प्रकार के हाईटेक ड्रोन शामिल हैं। इनमें इजराइल के टोही ड्रोन आईएआई सर्चर और हार्पर के अलावा इजराइल से ही आए लॉयटरिंग म्यूनिशन, जैसे हारोप और हार्पी भी हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट कुश भारत का नया एयर डिफेंस सिस्टम है, इसके तहत डीआरडीओ लांग रेंज की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैयार कर रहा है। इस तीन स्तरीय प्रणाली की सबसे कम रेंज 150 किमी होगी, मध्यम रेंज 250 किमी और अधिकतम रेंज 350 किमी तक होगी।

देश के पास रूस से लिया गया एस-400 एयर सिस्टम पहले से ही है। डीआरडीओ का प्रोजेक्ट कुश 350 किमी दूर से दुश्मन की हरकत का पता लगा लेगा। माना जा रहा है कि यह इजराइल के आयरन डोम से बहुत बेहतर होगा, जिसकी रेंज महज 70 से 80 किमी है। यही नहीं, कुश को अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से भी बेहतर बताया जा रहा है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम 110 से 130 किमी दूर से दुश्मन के हमलों को ट्रैक कर पाता है। भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा। कुश के सीमाओं पर तैनात होने के बाद भारत उन महत्वपूर्ण देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपना लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम है।

पश्चिम एशिया युद्ध का बड़ा सबक है कि सस्ते और लागत प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम को बड़े पैमाने पर विकसित किए जाएं या खरीदे जाएं। खाड़ी देशों के पास इस तरह की प्रणालियों की कमी है, जिसकी कीमत उन्हें नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी है। ये कम लागत वाले सस्ते सिस्टम, मौजूदा एयर डिफेंस प्रणालियों के ऊपर एक अतिरिक्त परत के तौर पर काम करेंगे। इससे महंगे एयर डिफेंस सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा और दुश्मन के कम लागत वाले ड्रोन से निपटने में उनका उपयोग सीमित रहेगा।

भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा।

### आमने सामने



अगर भारत ने कोई 'नाटकीय साजिश के तहत ऑपरेशन' किया तो पाकिस्तान सीधे कोलकाता तक जाएगा। मेरे पास खबरें हैं कि भारत ऐसी कोई साजिश रच रहा है। वो कह रहे हैं कि कुछ लाशें बिछाई जाएंगी और कहा जाएगा कि ये आतंकी थे और इन्होंने यह किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया।
– **ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री, पाकिस्तान

क्या पाकिस्तान में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत है? 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनको घर में घुसकर मारा। क्या भूल गया कि हमने आतंकवादियों के पूरे-पूरे परिवारों को और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया था। पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध रोकने के लिए भारत के पास आया। भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोका।
– **प्रतुल शाहदेव** प्रवक्ता, भाजपा



# अस्थिर दुनिया में आत्मनिर्भरता जरूरी



**महेश चंद गुप्ता**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुनिया अब अलग-अलग बिखरे देशों का नक्शा मात्र नहीं रही है। यह एक ऐसा तंत्र बन गई है, जिसमें कहीं भी हलचल होती है, तो उसकी तरंगें दुनिया के हर कोने तक पहुंचती हैं। हाल में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव की स्थिति के बाद पैदा हुए तनाव ने इस सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध से भी यह सबक मिल चुका है कि जंग किसी एक भूभाग तक सीमित नहीं रहती। उसके असर सीमाओं से परे जाते हैं। इस बात को हम लागू होते देख रहे हैं।

भारत इस अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का हिस्सा नहीं है, लेकिन उसका असर हमारे यहां साफ दिखाई दे रहा है। पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति में अस्थिरता, छोटे उद्योगों का ठप पड़ना, निर्यात पर असर ये सब संकेत दे रहे हैं कि वैश्विक अस्थिरता का बोझ हम भी ढो रहे हैं। दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि कई लोग इसकी तुलना एक गांव से भी करते हैं। मानना ही होगा कि यह एक ऐसा साझा घर बन चुकी है, जिसकी एक दीवार पर आग लगे तो दूसरी दीवार पर बैठे लोग भी उसकी आंच महसूस करते हैं।

भारत की नीति स्पष्ट रूप से शांति की है, लेकिन वैश्विक व्यवस्था में उसकी भागीदारी इतनी गहरी है कि किसी भी तनाव के असर से बचना संभव नहीं है। शहरों में ठेले पर चाय बेचने वाला हो या मिठाई की दुकान चलाने वाला हलवाई, हर किसी के काम पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग में देरी अब सिर्फ एक असुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की कमाई पर चोट बनती जा रही है। इसका बड़ा कारण मूलभूत जरूरतों के लिए हमारा अन्य देशों पर निर्भर होना है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हम अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इतने अधिक बाहरी स्रोतों पर निर्भर हो चुके हैं कि कहीं भी हलचल हो और हमारी जमीन हिलने लगे? यह सच है कि हमारी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आज भी आयात किए गए तेल और गैस से पूरा होता है। खाड़ी क्षेत्र में तनातनी बढ़ते ही सप्लाई चेन पर दबाव पड़ता है और उसका सीधा असर हमारे घरों तक पहुंचता है। यह निर्भरता केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि रणनीतिक कमजोरी भी है, लेकिन बात केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। भारत का औद्योगिक और कृषि ढांचा भी कई मायनों में वैश्विक आपूर्ति पर टिका हुआ है। खाद्य तेल से लेकर उर्वरकों तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रक्षा उपकरणों तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब वैश्विक संकट लंबा खिंचने लगता है।

बात केवल आयात की नहीं है, निर्यात भी इस संकट से प्रभावित हो रहा है। बीकानेर का भुजिया, महाराष्ट्र के केले, कपड़ा उद्योग और समुद्री उत्पाद आदि सबका अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचना अब पहले जैसा सहज नहीं रहा। जलगांव से रोजाना दो से तीन हजार टन केला खाड़ी देशों व यूरोप को निर्यात होता है, लेकिन इस युद्ध ने निर्यात को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। केले से भरे सैकड़ों कंटेनर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। इसी प्रकार बीकानेर से भुजिया का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। समुद्री रास्तों में असुरक्षा और लागत बढ़ने से कई व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल माल की आवाजाही का संकट नहीं है, बल्कि इन उद्योगों से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी का भी सवाल है।

भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है। भारत डिजिटल रूप से तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन इस डिजिटल ढांचे की बुनियाद अब भी काफी हद तक विदेशी तकनीक पर टिकी है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम, क्लाउड सेवाएं सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बाहरी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। ऐसे में वैश्विक तनाव या प्रतिबंधों की स्थिति में यह निर्भरता गंभीर जोखिम बन सकती है। इंटरनेट के क्षेत्र में भी हालात अलग नहीं हैं। सोशल मीडिया, सर्च इंजन और डेटा स्टोरेज जैसे प्लेटफॉर्म विदेशी स्वामित्व में हैं, जिससे डेटा सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता पर सवाल उठते हैं। यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है।

इसके साथ ही, भारत में मौलिक आविष्कारों की कमी भी चिंता का विषय है। आईटी सेवाओं में मजबूती के बावजूद, शोध और पेटेंट के मामले में भारत अभी पीछे हैं। रिसर्च और डवलपमेंट पर कम निवेश इसकी वजह हैं। ऐसे में आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता देना अनिवार्य हो गया है। समय की मांग है कि हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहे हैं, बल्कि आर्थिक स्थिरता का आधार भी बन चुके हैं। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना, छोटे उद्योगों को तकनीक और वित्तीय सहायता देना और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ऐसे कदम ही भारत को भीतर से सशक्त बना सकते हैं।

हमारे सामने चुनौती यह नहीं है कि वह इन युद्धों को रोक सके, बल्कि बड़ी चुनौती यह है कि हम इनके प्रभाव को अपने यहां किस हद तक सीमित कर पाते हैं। जब दुनिया जलती है, तो उसकी आंच से बचना संभव नहीं है, लेकिन हम अपने घर को आग से बचाने के प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। आत्मनिर्भरता उसी बचाव का नाम है। आत्मनिर्भरता ही एक ऐसा कवच है, जो हमें संकट से बचा सकता है। हमारा देश आत्मनिर्भर बने, इसके लिए कदम उठाने ही होंगे। इसके लिए सरकार, हमारे नीति नियंताओं, नागरिकों, संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। यह परिहार्य है, इस बात को समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है।

### सोशल फोरम

## युद्धक विमान का पायलट

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच एक अमेरिकी पायलट की तलाश में दोनों देश रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। हुआ कुछ यूं कि बीते दिनों एक अमेरिका के युद्धक विमान F-15E को ईरान ने मार गिराया। समय रहते उस विमान के दोनों पायलट कूद गए। खबर मिलते ही अमेरिका ने, अपने पायलटों को सकुशल ईरान के क्षेत्र से निकाल ले जाने के लिए, रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। उसके कुछ टोही हेलिकॉप्टर ईरान की पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाने लगे। बताया जाता है कि उन्हें इस कार्य में एक पायलट निकाल लेने में सफलता मिल गई है, परंतु दूसरा पायलट अभी तक लापता है। यद्यपि इस रेस्क्यू ऑपरेशन में उसके दो टोही हेलिकॉप्टरों को भी ईरान के सैनिकों द्वारा हमले में क्षतिग्रस्त करने की खबर है, परंतु वो दोनों हेलिकाप्टर ईरान के क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हो गए है।



**विजय सिंह**
रुद्रपुर

दूसरी तरफ लापता पायलट की तलाश में, ईरान ने भी रेस्क्यू शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उसने घोषणा भी की है कि उक्त पायलट को पकड़ने वाले को भारी भरकम रकम इनाम में दिया जाएगा। इससे एक बात तो समझ में आती ही है कि एक क्षतिग्रस्त विमान के पायलट का महत्व कितना होता है, जो कि उसको अपने कब्जे में लेने के लिए, उसके स्वयं के देश और दुश्मन देश, दोनों परेशान देखे जाते हैं। दरअसल ऐसी स्थिति में पायलट की जान की सुरक्षा के अतिरिक्त, उसकी जेब में जो महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां, दुश्मन के अड्डे, मैप, युद्ध स्ट्रेटजी आदि की कॉपी होती हैं, उसकी सुरक्षा का प्रश्न उठ खड़ा होता है। प्रसंगवश जानकारी हेतु एक युद्धक विमान का पायलट, उच्च प्रतीक्षित सैन्य अधिकारी होता है, जिसे 5 से 7 साल की ट्रेनिंग के बाद, इस तरह के युद्ध के विभिन्न पहलुओं के लिए तैयार किया जाता है। युद्ध में उड़ान के दौरान, कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, जिसमें विमान को पलक झपकते नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे और इधर-उधर गोते लगाते, कभी पलटी मारते, विभिन्न प्रकार की अचंभित करने वाली कलाबाजियां करते देखा जाता है। एक पायलट के लिए यह स्थिति बेहद जटिल होती है। इस दौरान उसे विमान की गति और गुरुत्वाकर्षण बल की तीव्रता, दोनों का प्रभाव अपने शरीर के ऊपर झेलना होता है। ऐसे में रक्त प्रवाह की गति में अवरोध के कारण कुछ पलों तक पायलट को संज्ञा शून्य की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। बताते हैं कि इस दौरान उसके शरीर का वजन पल-पल बड़ी तीव्रता से 6 से 8 किलो तक बढ़ती घटता रहता है। सोचिए भला कौन देश चाहेगा कि उसका इतना महत्वपूर्ण, होनहार पायलट दुश्मन देश के हाथ लग जाए और वह उसका प्रयोग बार्गेनिंग में करे।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## किसानों की मेहनत पर प्रकृति की मार

भारत विश्व का एक प्रमुख कृषि प्रधान देश है, जहां आज भी बड़ी आबादी की आजीविका खेती-किसानी पर निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि से जुड़ा हुआ है, जो मुख्यतः प्रकृति, विशेषकर मानसून पर आधारित है। यही कारण है कि भारतीय कृषि को अक्सर 'मानसून का जुआ' कहा जाता है। मार्च और अप्रैल का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह अवधि होती है जब रबी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं और उनकी कटाई शुरू होती है। यह समय किसानों के पूरे वर्ष के परिश्रम के फल प्राप्त होने का होता है, किंतु बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने इस बार भी उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है।

वर्तमान में उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में असामान्य मौसम का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान के हाड़ौती और बीकानेर क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलें, जो कटाई के लिए तैयार थीं, अचानक हुई बारिश और ओलों की मार से नष्ट हो गईं। कई स्थानों पर खेतों में ओलों की मोटी परत जम गई, जिसने फसलों को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार मूल्य पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।



**सुनील कुमार महला**
लेखक

राजस्थान के जयपुर से लेकर जैसलमेर तक कई जिलों में तेज मौसमीय गतिविधियां दर्ज की गईं। बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में बड़े आकार के ओलों ने फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पंजाब के मालवा और दोआब क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि का प्रभाव देखा गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तेज हवाओं, बारिश और ओलों की घटनाएं सामने आईं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बर्फबारी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस असामान्य मौसम का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो बार-बार उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि ला रहा है। यह स्थिति कृषि पर निर्भर करोड़ों किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। हालांकि सरकार द्वारा फसल बीमा और राहत योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनका लाभ हर प्रभावित किसान तक समय पर पहुंचना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे समय में किसानों को त्वरित मुआवजा, सटीक मौसम पूर्वानुमान और बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, अनाज मंडियों और भंडारण की समुचित व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। गौरतलब है कि बैसाखी का पर्व निकट है, जो गेहूं की कटाई का प्रमुख समय होता है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो उत्पादन में कमी आ सकती है, जिसका प्रभाव किसानों की आय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। कहा जा सकता है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय कृषि आज भी प्राकृतिक जोखिमों से घिरी हुई है। ऐसे में समय पर राहत, सुदृढ़ फसल बीमा, उन्नत कृषि तकनीकों का विकास और सटीक मौसम पूर्वानुमान ही किसानों को इस संकट से उबारने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# बॉलीवुड की वो अदाकाराएं जो यादों में हैं जिंदा

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने सीमित अवसरों के बावजूद अपनी अदाकारी और प्रतिभा से अमिट छाप छोड़ी। विनीता भट्ट उर्फ यास्मीन और नृत्यांगना शीला वाज इसी परंपरा की दो महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यास्मीन ने 'मिस्टर एंड मिसेज 55' जैसे गीतों में अपनी चंचलता से दर्शकों को आकर्षित किया, वहीं शीला वाज ने 'रमैया वस्तावैया' जैसे गीतों में अपने नृत्य से यादगार पहचान बनाई। भले ही इन्हें मुख्यधारा में लंबा समय न मिला हो, लेकिन इनकी स्क्रीन उपस्थिति और कलात्मक योगदान ने इन्हें सिनेमा प्रेमियों के बीच आज भी जीवंत बनाए रखा है।



विनीता भट्ट, जिन्हें यास्मीन के नाम से भी जाना जाता है, 1950 के दशक में भारतीय सिनेमा में एक छोटी, लेकिन यादगार पहचान थीं, जिन्हें 'मिस्टर एंड मिसेज 55' (1955) और 'ऊटपटांग' (1955) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उनकी विरासत कुछ यादगार रोल्स पर टिकी है, खासकर जॉनी वॉकर के साथ मजेदार 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' गीत, जिसने यास्मीन की शोख अदाओं और आकर्षक अंदाज को क्लासिक बॉलीवुड के शौकीनों के बीच आज भी जिंदा रखा है।

विनिता भट्ट (यास्मीन) का जन्म 3 अप्रैल, 1937 को रावलपिंडी में हिंदू-अंग्रेज माता-पिता के यहां हुआ था। उन्होंने हिल-स्टेशन स्कूलों में पढ़ाई की और बैंगलोर में अपना सीनियर कैम्ब्रिज पूरा किया। वे बैंगलोर एमेच्योर ड्रामेटिक सोसाइटी में शामिल हुईं और टैगोर के बलिदान और जे. बी. प्रीस्टली जैसे नाटकों में काम किया, शायद यहीं उनके एक महान अदाकारा बनाने का अंकुर फूटा। मशहूर फिल्म निर्माता, निर्देशक गुरुदत्त ने उन्हें देखा और अपनी अगली फिल्म में रोल ऑफर किया और उनसे बॉम्बे आने को कहा। कुछ वजहों से, उन्होंने यह ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। बाद में विनीता बॉम्बे गईं, जहां उनकी मुलाकात एक्ट्रेस नरगिस के भाई अनवर हुसैन से हुई। विनीता का परिवार अनवर हुसैन को जानता था। क्योंकि विनीता बहुत खूबसूरत थीं, इसलिए अनवर हुसैन ने उन्हें रंजीत स्टूडियो के मालिक चंदूलाल शाह से मिलवाया, जिन्होंने उन्हें फिल्म 'ऊटपटांग' (1955) में एक छोटा सा रोल दिया। फिल्म की शूटिंग मशहूर महबूब स्टूडियो में हुई थी। गुरु दत्त भी वहीं शूटिंग कर रहे थे। दोनों रेस्ट पीरियड में मिले। फिर से गुरु दत्त ने उन्हें अपनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में रोल ऑफर किया। इस बार वे मना नहीं कर सकीं और ऑफर एक्सेप्ट कर लिया।



डॉ .मीता गुप्ता
साहित्यकार



बहुत ही खूबसूरत और चार्मिंग यास्मीन को गुरुदत्त ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में जॉनी वॉकर के साथ साइड हीरोइन के तौर पर चुना था। गुरुदत्त ने फिल्म मिस्टर एंड मिसेज 55 के लिए विनीता का नाम बदलकर यास्मीन कर दिया था। पॉपुलर गाना 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' यास्मीन और जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया।

उस समय फिल्मियाटन की सिनेमास्कोप और टेक्नीकलर फिल्म 'थ्री हेडेड कोबरा' आई थी, जिसका पहले नाम 'बॉम्बे फ्लाइट 417' था। विनीता भट्ट ने इस फिल्म में रुक्मिणी का रोल किया था, जिसके मेकअप मैन जिमी वाइनिंग थे। दोनों को प्यार हो गया। अपनी अच्छी शुरुआत, जिनमें रुस्तम सोहराब, कैप्टन किशोर जैसी फिल्मों के बावजूद, विनीता भट्ट फिल्मों में ज्यादा दिन नहीं टिकीं और पॉपुलर मेकअप मैन जिमी वाइनिंग से शादी कर ली और बॉलीवुड छोड़कर विदेश में बस गईं। आज भी वे बॉलीवुड के इतिहास में पुरानी यादों की एक मिसाल बनी हुई हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस जो थोड़े समय के लिए चमकीं, लेकिन अपनी जिंदादिल स्क्रीन प्रेजेंस से एक गहरी छाप छोड़ गईं।

## बेजोड़ नृत्यांगना शीला

अपनी नृत्य भंगिमाओं से सबको प्रभावित करने वाली शीला वाज ने हिंदी फिल्मों में डांसर के रूप में काम किया। उनका परिवार गोवा से था और उनका जन्म 1934 में हुआ था और वे दादर, मुंबई में पली-बढ़ीं। उन्होंने छोटी उम्र से ही डांस सीखा था, लेकिन जब उन्होंने फिल्मों में आना चाहा, तो उन्हें अपने परिवार से बहुत विरोध का सामना करना पड़ा। किशोर साहू की मयूर पंख (1954) और किदार शर्मा की गुनाह (1953) के साथ, उन्होंने 1960 तक बहुत सारी फिल्मों में डांस किया। उनकी कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में श्री 420 (1955) शामिल है, जिसमें उन्होंने न केवल रमैया वस्तावैया (उनका अब तक का सबसे प्रसिद्ध गीत) पर यादगार नृत्य किया, बल्कि दिल का हाल सुने दिलवाला, सीआईडी (1956), जॉनी वॉकर (1957), तुमसा नहीं देखा (1957), मिस्टर एक्स (1957), सोलवां साल (1958), कागज के फूल (1959) और बहना (1960) में भी नृत्य किया।



बहुत से लोग उन्हें नाम से नहीं जानते, क्योंकि उन दिनों डांसर्स के नाम हमेशा फिल्म क्रेडिट्स में नहीं आते थे, लेकिन इससे हर गाने को खास बनाने के लिए इन डांसर्स के योगदान या कड़ी मेहनत को कम नहीं किया जा सकता। शीला वाज कई मशहूर गानों से जुड़ी हुई हैं और इन गानों से जुडने के उनके चेहरे हमारे दिमाग में बस गए हैं। अगर शीला को याद करना है, तो रमैया वस्तावैया को मिस नहीं किया जा सकता। मशहूर जोहरा सहगल का कोरियोग्राफ किया हुआ यह गाना वर्ली सी फेस में शूट किया गया था, उस समय उस जगह पर ऊंची इमारतें और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नहीं थे। आज का बॉम्बे-वर्ली सी लिंक उसी जगह पर बना है। गाने में उनकी एक मिनट की स्क्रीन प्रेजेंस के बावजूद, कोई उनके एक्सप्रेशन और परफॉर्मेंस को नहीं भूल सकता। लेके पहला-पहला प्यार में भी, देव आनंद और शकीला के साथ स्क्रीन शेयर करने के बावजूद, शीला सबसे अलग दिखती हैं। यहां तक कि यूट्यूब वीडियो के कमेंट सेक्शन में भी लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे मोहम्मद रफी, शमशाद बेगम और आशा भोसले का गाना उनके डांस से अमर हो गया। बॉलीवुड की हिंदी-केंद्रिक फिल्ममेकिंग की वजह से, शीला वाज को नुकसान हुआ- उन्हें यह भाषा नहीं आती थी। इसलिए, उनके डांस के लिए, उन्हें रोमन स्क्रिप्ट में लिखे लिरिक्स दिए जाते थे। उन्होंने लगभग 70 फिल्मों में काम किया। शुरुआत शोखियां (1951) में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उनके काम से हुई, और फिर मां (1952) में एक पूरा नंबर किया। 1961 में बॉलीवुड छोड़ने और अपना नाम बदलकर राम लखनपाल रखने के बावजूद, शीला को इंडस्ट्री में अपने समय को याद करना बहुत पसंद था। 2009 में उनका इंटरव्यू लेने वाले फिल्म मेकर करण बाली लिखते हैं, "उनका चेहरा खिल उठा, जब उन्होंने हमें बताया कि आज भी जब उनके गाने टीवी पर दिखाए जाते हैं, तो यंगस्टर्स और पड़ोसी उनके पास आते हैं और बताते हैं कि उन्हें उनके डांस कितने पसंद आए।" इस महान अदाकारा का देहांत 29 जून 2022 को हुआ, किंतु उनके नृत्य ने उन्हें अमर बना दिया। हिंदी फिल्मों के दो गानों में अभिनय करने वाली हीरोइनें अपनी शानदार अदाकारी से अमर हो गईं। उन्होंने बाद में कोई बड़ी फिल्म तो नहीं की, लेकिन सिर्फ इन गानों की वजह से वह जानी जाती हैं।



# पॉप गॉडेस नाजिया हसन

## जिंदगी का सफर



नाजिया हसन दक्षिण एशिया की सबसे लोकप्रिय और यादगार गायिकाओं में से एक थीं। उन्हें अक्सर "क्वीन ऑफ पॉप" और उपमहाद्वीप की पहली पॉप स्टार कहा जाता है। बहुत कम उम्र में उन्होंने ऐसा मुकाम हासिल किया, जो बड़े-बड़े कलाकार भी नहीं कर पाते। उनकी मधुर आवाज, आधुनिक अंदाज और अलग पहचान ने भारत, पाकिस्तान और दुनिया भर के संगीत प्रेमियों के दिलों में खास जगह बनाई। नाजिया हसन केवल एक गायिका ही नहीं थीं, बल्कि एक संवेदनशील, शिक्षित और समाजसेवी व्यक्तित्व भी थीं।

**जन्म और प्रारंभिक जीवन**

नाजिया हसन का जन्म 3 अप्रैल 1965 को कराची, पाकिस्तान में हुआ था। उनका परिवार शिक्षित और संस्कारी था। बचपन से ही उनमें कला और संगीत के प्रति रुचि दिखाई देने लगी थी। वे अपने भाई जोहेब हसन के साथ बहुत करीब थीं और आगे चलकर यही भाई-बहन की जोड़ी संगीत जगत में बेहद मशहूर हुई। नाजिया की परवरिश पाकिस्तान और लंदन दोनों वातावरणों में हुई, जिससे उनके व्यक्तित्व में आधुनिकता और गहराई दोनों आईं।



नूर हिना खान
लेखिका

**गायन करियर की शुरुआत**

नाजिया हसन ने बहुत कम उम्र में गायन की दुनिया में कदम रखा। उनका सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने 1980 में भारतीय फिल्म कुर्बानी के लिए मशहूर गीत "आप जैसा कोई" गाया। उस समय उनकी उम्र केवल 15 वर्ष थी। यह गीत रिलीज होते ही सुपरहिट हो गया और नाजिया रातों-रात स्टार बन गईं। इसी गाने के लिए उन्होंने 1981 में Filmfare Award for Best Female Playback Singer जीता। वे यह सम्मान पाने वाली पहली पाकिस्तानी गायिका और बहुत कम उम्र में यह पुरस्कार जीतने वाली कलाकारों में शामिल रहीं।

**लोकप्रियता और सुपरहिट एल्बम**

नाजिया हसन की लोकप्रियता सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रही। 1981 में उनका प्रसिद्ध एल्बम "Disco Deewane" रिलीज हुआ, जिसने पूरे एशिया में तहलका मचा दिया। यह एल्बम बहुत बड़ी सफलता साबित हुआ और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने अपने भाई जोहेब हसन के साथ मिलकर कई हिट एल्बम दिए, जैसेः

Disco Deewane (1981)
Boom Boom (1982)
Young Tarang (1984)
Hotline (1987)
Camera Camera (1992)

उनके गाने जैसे "डिस्को दीवाने", "बूम बूम", "दम दम देदे" और "आंखें मिलाने वाले" आज भी बेहद पसंद किए जाते हैं। उन्होंने पॉप संगीत को एक नया रूप दिया और युवा पीढ़ी की आइकन बन गईं।

## विवाह और निजी जीवन

नाजिया हसन की शादी 1995 में व्यवसायी मिर्जा इश्तियाक बेग से हुई थी। कुछ स्रोतों में उनकी शादी की तारीख 30 मार्च 1995 भी बताई जाती है। शादी के बाद उनके जीवन में खुशियों के साथ कई कठिनाइयां भी आईं। उनका वैवाहिक जीवन आसान नहीं रहा और समय के साथ इसमें तनाव बढ़ता गया। नाजिया का एक बेटा भी हुआ, जिसका नाम आरेज हसन बताया जाता है। बाद में उनके वैवाहिक संबंध खराब हो गए और 2000 में उनका तलाक हो गया या अलगाव की स्थिति बन गई। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार यह उनकी मृत्यु से कुछ समय पहले हुआ।

## बीमारी और निधन

नाजिया हसन के जीवन का सबसे दुखद दौर तब आया जब वे फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हो गईं। उन्होंने इस बीमारी से लंबे समय तक संघर्ष किया। इलाज के दौरान भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, लेकिन बीमारी लगातार गंभीर होती गई। अंततः 13 अगस्त 2000 को लंदन, इंग्लैंड में उनका निधन हो गया। उस समय उनकी उम्र केवल 35 वर्ष थी। उनकी असमय मृत्यु ने भारत, पाकिस्तान और पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों को गहरा दुख दिया।

नाजिया हसन का जीवन छोटा था, लेकिन उनकी उपलब्धियां बहुत बड़ी थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में पॉप संगीत को नई पहचान दी और यह साबित किया कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। उनकी आवाज, उनकी सादगी और उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। नाजिया हसन केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा, जो आज भी नई पीढ़ी को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला देती है।

**पढ़ाई और सामाजिक कार्य**

नाजिया हसन सिर्फ एक सफल गायिका ही नहीं थीं, बल्कि वे पढ़ाई में भी अच्छी थीं। उन्होंने कानून (Law) की पढ़ाई की और बाद में सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहीं। वे बच्चों, महिलाओं और गरीबों के लिए काम करती थीं। वे कई सामाजिक संगठनों से जुड़ीं और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करती रहीं। उनके व्यक्तित्व की यही बात उन्हें और भी खास बनाती है कि शोहरत मिलने के बाद भी वे जमीन से जुड़ी रहीं।

## ओटीटी

## चिरैया

"चिरैया" Chirayya एक ऐसी फिल्म है, जो मनोरंजन से अधिक आपको सोचने पर मजबूर करती है। डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज इस फिल्म का मुख्य विषय मैरिटल रेप जैसा संवेदनशील और विवादित मुद्दा है, जिस पर भारत में अब भी स्पष्ट कानून नहीं है। फिल्म एक शादीशुदा जोड़े के रिश्ते के जरिए यह सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद भी महिला की इच्छा और सहमति का महत्व बना रहता है। विषय निस्संदेह गंभीर है, लेकिन फिल्म का ट्रीटमेंट कमजोर प्रतीत होता है। किरदारों की प्रस्तुति कई जगह अस्वाभाविक लगती है, जिससे दर्शक उनसे जुड़ नहीं पाता। फिल्म में पितृसत्ता, फेमिनिज्म और LGBTQ जैसे मुद्दों को भी छूने की कोशिश की गई है, लेकिन इनका चित्रण कई बार एकतरफा और अतिरंजित लगता है। इससे कहानी का संतुलन बिगड़ता है और संदेश स्पष्ट नहीं हो पाता। तकनीकी पक्ष की बात करें, तो एडिटिंग सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आती है। सीन का फ्लो टूटता है और कई जगह घटनाक्रम समझना मुश्किल हो जाता है। निर्देशन, बैकग्राउंड म्यूजिक और स्क्रीनप्ले भी प्रभाव छोड़ने में असफल रहते हैं। क्लाइमैक्स भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। जहां संवाद और पारिवारिक हस्तक्षेप से समाधान की उम्मीद होती है, वहां फिल्म दहेज कानून जैसे मुद्दों को जोड़कर कहानी को उलझा देती है। हालांकि यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सामाजिक बहस जरूर शुरू करती है और दर्शकों को असहज, क्रोधित और विचारशील बनाती है, लेकिन एक प्रभावशाली फिल्म बनने के लिए सिर्फ विषय का बड़ा होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका संतुलित और सशक्त प्रस्तुतीकरण भी आवश्यक है। कुल मिलाकर, "चिरैया" एक जरूरी मुद्दा उठाती है, पर एक मजबूत फिल्म नहीं बन पाती।



*समीक्षक-पंकज मुद्गल*

## एनिवर्सरी (2026)

एनिवर्सरी एक पॉलिटिकल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की गई फिल्म है, लेकिन उच्च रेटिंग और आकर्षक नाम के बावजूद यह दर्शकों को भ्रमित कर सकती है। कहानी एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर और उसके होटलियर पति के सुखी परिवार से शुरू होती है। उनकी शादी की सालगिरह पर बेटा अपनी मंगेतर से मिलवाता है, जो कभी उसकी मां की छात्रा रह चुकी होती है। धीरे-धीरे खुलासा होता है कि यह युवती बेहद क्रांतिकारी विचारधारा की समर्थक रही है, जिसे जनतंत्र विरोधी गतिविधियों के कारण विश्वविद्यालय से निकाल दिया गया था और इसमें मां की भी भूमिका थी। संघर्ष तब गहराता है, जब उस युवती की लिखी किताब "The Change" लोकप्रिय हो जाती है और उसके विचार समाज में व्यापक राजनीतिक परिवर्तन की लहर पैदा करते हैं। मां, जो यथास्थितिवादी सोच रखती है, इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाती और परिवार के भीतर वैचारिक टकराव तेज हो जाता है। फिल्म राजनीति, विचारधाराओं के टकराव और उनके पारिवारिक रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव को दिखाने की कोशिश करती है। यह भी दर्शाती है कि उम्र, जड़ता, भावनात्मक जुड़ाव और मानसिक द्वंद्व किस तरह व्यक्ति की सोच को प्रभावित करते हैं। हालांकि फिल्म एक डिस्टोपियन (काल्पनिक) परिवेश में आधारित है, जहां पात्र और उनका व्यवहार काफी असामान्य और अतिरंजित प्रतीत होता है। कई स्थितियों में उनकी प्रतिक्रियाएं अप्रत्याशित लगती हैं, जिससे कहानी से जुड़ाव कमजोर हो जाता है। कुल मिलाकर, एनिवर्सरी (2026) एक गंभीर विषय उठाती है, लेकिन उसकी प्रस्तुति उतनी प्रभावशाली नहीं बन पाती। यह फिल्म यह भी याद दिलाती है कि रेटिंग्स हमेशा किसी फिल्म की वास्तविक गुणवत्ता का सही पैमाना नहीं होतीं।




*समीक्षक-ब्रज राज नारायण सक्सेना*

# हर सूट के साथ परफेक्ट इयररिंग्स से दिखें आकर्षक



इयररिंग्स का अपना अलग ही महत्व है। सही इयररिंग्स न केवल आपके लुक को संपूर्ण बनाते हैं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी में भी आकर्षण जोड़ते हैं। आज के समय में बाजार में इयररिंग्स के अनेक डिजाइन उपलब्ध हैं, जिन्हें आप चाहें तो खुद बनाकर भी उपयोग कर सकती हैं या फिर इन्हें बेचकर अच्छी आमदनी का साधन भी बना सकती हैं। झुमका, चांदबाली, स्टड, हूप्स और लॉन्ग इयररिंग्स जैसे कई विकल्प सूट के साथ बेहद आकर्षक लगते हैं और हर मौसम में इनकी मांग बनी रहती है।

- **झुमका इयररिंग-** यह पारंपरिक और सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला डिजाइन है। सिल्क, कॉटन या पार्टी वियर सूट के साथ यह बेहद खूबसूरत लगता है। मोती, बीड्स और धातु से इसे बनाकर बेचना भी आसान है।
- **चांदबाली इयररिंग-** मुगलकालीन शैली से प्रेरित यह डिजाइन खासकर शादी और त्योहारों में पहना जाता है। इसकी लोकप्रियता हमेशा बनी रहती है, जिससे यह एक अच्छा बिजनेस विकल्प बन सकता है।
- **स्टड इयररिंग-** छोटे और साधारण स्टड रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होते हैं। पर्ल, स्टोन या मिरर वर्क से तैयार किए गए स्टड की अच्छी बिक्री होती है।
- **ऑक्सिडाइज्ड इयररिंग-** ये आजकल ट्रेंड में हैं और कॉटन व इंडो-वेस्टर्न सूट के साथ काफी स्टाइलिश लगते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी अच्छी डिमांड है।
- **टसल इयररिंग-** रंग-बिरंगे धागों से बने ये इयररिंग युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं और कैजुअल लुक को खास बना देते हैं।

# राष्ट्रवाद की चाशनी में लिपटी धुरंधर-2 पर उठे सवाल

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता, जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' चर्चा में है।

फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं, तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार संहिता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस दृश्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट्र' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। हालांकि इस आपत्ति के बाद आर माधवन ने माफी मांगी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?



एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधेतौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है, लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं। फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं, लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। दरअसल बाजार फिल्म बनाने वालों से न जाने क्या-क्या करा देता है। इस प्रक्रिया में कई स्तरों पर राजनीति की भूमिका भी होती है।

### सोने का आयात बढ़कर 69 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कीमती धातुओं की ऊंची कीमतों के कारण अप्रैल-फरवरी 2025-26 में देश का सोने का आयात 28 .73 प्रतिशत बढ़कर 69 अरब डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में सोने का आयात 53 .52 अरब डॉलर रहा था।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



# मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

## विश्लेषक मान रहे कि बाजार की दिशा तय करने में कच्चे तेल की भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है, क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों की राय में कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।




जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी। नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।

- कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव
- कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव

पिछले सप्ताह में, बीएसई के बेंचमार्क सेंसेक्स में 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत नुकसान में रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और वैश्विक आर्थिक आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहेंगे।

विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आती है तो बाजार को राहत मिल सकती है, जबकि तनाव बढ़ने की स्थिति में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो सकती है और विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

# एफपीआई ने अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला जारी है।अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही उन्होंने 19,837 करोड़ रुपये (2.1 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और रुपये में लगातार गिरावट को माना जा रहा है।

इससे पहले मार्च में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार से करीब 1.17 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.7 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी। यह एफपीआई की निकासी की दृष्टि से सबसे खराब महीना था। वहीं एफपीआई ने फरवरी में शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले थे, जो 17 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, ताजा बिकवाली के बाद 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 1.5 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। एफपीआई ने अप्रैल के दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि युद्ध जारी रहने, कच्चे तेल के दाम के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने, रुपये में लगातार गिरावट और डॉलर की मजबूती की वजह से एफपीआई की बिकवाली रिकॉर्ड स्तर पर है।

इसके अलावा युद्ध शुरू होने के बाद से रुपये में लगभग 4% की गिरावट आई है, और इसमें आगे और कमजोरी की आशंका से भी बिकवाली को बल मिल रहा है।

## बिजनेस ब्रीफ

### दो वर्षों में सीवीडी डायमंड का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा सूरत: संघवी

**सूरत।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि सूरत डायमंड बोर्स आने वाले दो वर्षों में 'केमिकल वेपर डिपोजिशन (सीवीडी)' हीरों का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगा। केमिकल वेपर डिपोजिशन (सीवीडी) एक आधुनिक तकनीक है, जिसके जरिए प्रयोगशाला में हीरे बनाए जाते हैं। संघवी ने शनिवार को सूरत डायमंड बोर्स के दौरे के दौरान कहा कि जिस तेजी से यहां विकास हो रहा है, उसे देखते हुए लैब में तैयार हीरे और प्राकृतिक हीरों का प्रमुख केंद्र मुंबई से सूरत की ओर स्थानांतरित हो सकता है।

### क्लासिक लांच करेगी नई 'स्क्रैम्बलर' बाइक

**नयी दिल्ली।** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स अपने पोर्टफोलियो के विस्तार की तैयारी कर रही है। अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए कंपनी चालू वित्त वर्ष में स्क्रैम्बलर खंड में नई बाइक लाने की योजना बना रही है। क्लासिक लीजेंड्स येज्दी, जावा और बीएसए जैसी चर्चित बाइक बेचती है। स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिल ऑन रोड और ऑफ रोड दोनों के लिए इस्तेमाल हो सकती है। सामान्य रूप से इसे 'डर्ट बाइक' कहा जाता है। ऑफ रोड से आशय परंपरागत सड़क से अलग हटकर मार्ग से है।

### हिंदुस्तान कॉपर का लक्ष्य 'नवरत्न' बनना

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड 'नवरत्न' का दर्जा पाने का प्रयास कर रही है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह का मानना है कि यह उपलब्धि कंपनी के बेहतर परिचालन, संगठन की उत्कृष्टता और रणनीतिक वृद्धि की वजह से हासिल होगी। सीएमडी ने हाल में अपने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि हम नवरत्न का दर्जा पाने की अपनी कोशिशों में तेजी ला रहे हैं। यह न केवल परिचालन के मोर्चे पर हमारे बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है, बल्कि संगठन की उत्कृष्टता तथा परिपक्वता का संकेत है।

### 2.5 करोड़ टन कोयला बेचेगी कोल इंडिया

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) इस महीने ऑनलाइन नीलामी के जरिये 2 .56 करोड़ टन कोयले की पेशकश करने की योजना बना रही है। कोल इंडिया के इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के बीच उद्योग को ऊर्जा आपूर्ति के झटकों को कम करने में मदद मिलेगी। पश्चिम से एलएनजी, एलपीजी और कच्चे तेल की आपूर्ति में आए व्यवधान की वजह से कोयले की मांग बढ़ गई है। साथ ही आयातित कोयला भी महंगा हो गया है। कोल इंडिया ने इस साल फरवरी में 2 .05 करोड़ टन के मुकाबले मार्च में ई-नीलामी के जरिये 3 .25 करोड़ टन कोयले की पेशकश की थी।

# आकर्षण बरकरार : मार्च में 38 कंपनियों ने आईपीओ के लिए सेबी के सौंपे दस्तावेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने बीते मार्च माह में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है।




सेबी के आंकड़े बताते हैं कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं।

इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं।

सेबी के पास दस्तावेज जमा कराने वाली 38 कंपनियों में से जेटवर्क, एसएनवीए ट्रैवलटेक, रेडिफ.कॉम इंडिया, टोरेंट गैस, सिनर्जी एडवांस्ड मेटल्स, गरुड़ एयरोस्पेस और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट समेत कुल नौ कंपनियों ने गोपनीय तरीके से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं। एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और जलवायु संतुलन पर फोकस

## वर्ष 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से, ग्रीन हाइड्रोजन हब की तैयारी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने 'विकसित यूपी@2047' के तहत सतत एवं संतुलित विकास का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु सहिष्णुता को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव के तहत वर्ष 2047 तक प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का हिस्सा 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके लिए चरणबद्ध योजना के तहत वर्ष 2029-30 तक 29 प्रतिशत, 2035-36 तक 45 प्रतिशत और 2046-47 तक 70 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही रूफटॉप सोलर क्षमता बढ़ाने और बिजली वितरण में सुधार कर एटी एंड सी लॉस को 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने की योजना है। प्रदेश में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन हब विकसित किए जाएंगे, जिससे उर्वरक, रिफाइनिंग और भारी उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा मिल सके। साथ ही औद्योगिक क्लस्टरों में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स के जरिए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश आकर्षित करने की तैयारी है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने के मॉडल को अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।



### स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज 2.0 लागू

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संतुलित करने के उद्देश्य से स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूपी एसएपीसीसी 2 .0) को लागू किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही वर्ल्ड बैंक समर्थित क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत राज्य में पीएम 2 .5 के स्तर को कम करने के लिए दस वर्षीय रोडमैप भी तैयार किया गया है।

### रोडमैप की मुख्य बातें

- 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से
- ग्रीन हाइड्रोजन हब तीन क्षेत्रों में विकसित होंगे
- रूफटॉप सोलर और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा
- एटी एंड सी लॉस 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य
- नमामि गंगे के तहत जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन
- आपदा प्रबंधन के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड

### आपदा प्रबंधन को बनेगा रियल-टाइम डैशबोर्ड

पर्यावरण संरक्षण के तहत 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को और मजबूत करते हुए नदियों के पुनर्जीवन, सीवेज प्रबंधन और जल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। वहीं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए बहु-आपदा जोखिम डेटा प्लेटफॉर्म और रियल-टाइम डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से जोड़ा जाएगा।

### इनविट में निवेश दोगुना करेगी आईआईएफसीएल


**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) अपनी निवेश विविधीकरण रणनीति के तहत चालू वित्त वर्ष में अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) में अपना निवेश दोगुना कर 6,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। आईआईएफसीएल का 31 मार्च, 2026 तक नौ इनविट में कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपये था।

# मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को यथावत रखेगा आरबीआई : अर्थशास्त्री

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट की वजह से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मुख्य नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है।

अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। एक दर्जन से अधिक अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, जिंस कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव ने नीतिगत परिदृश्य को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि दर, मुद्रास्फीति पर आरबीआई के अनुमान और नीतिगत रुख पर गहरी नजर रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द अनिश्चितता को देखते हुए, आरबीआई द्वारा अप्रैल की नीति में यथास्थिति बनाए रखने और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विचार करने की संभावना है।

एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने कहा कि दरों को स्थिर रखने की घोषणा करते समय आरबीआई अपनी टिप्पणी में काफी सावधानी बरतेगा। भारत मौजूदा संकट से अछूता नहीं है। रुपया पहले ही 93 प्रति डॉलर के ऊपर बना हुआ है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# जुबिन की तरह लोगों को एक करती है कांग्रेस : राहुल गांधी

**गोलाघाट (असम), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी की विचारधारा प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग जैसी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन असम को एकजुट करने में लगाया। असम के विश्वनाथ और गोलाघाट जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांधी ने कहा कि जुबिन गर्ग ने अपना पूरा जीवन असम के लोगों को एकजुट करने में लगाया, उन्होंने कभी किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं किया। कांग्रेस की विचारधारा भी ऐसी ही है, नफरत के खिलाफ प्यार फैलाने की।उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार लोगों और समुदायों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर एक लैंड एटीएम बना रहे हैं। जनता की जमीन छीनकर कुछ बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शर्मा ही नहीं, बल्कि उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की भी जांच की जाएगी।



# चाय श्रमिकों को लुभाने में जुटे राजनीतिक दल

## काम गिनाकर नये वादे कर रही भाजपा तो कांग्रेस ने बदलावों को सिरे से नकारा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल प्रभावशाली चाय बागान श्रमिकों का समर्थन हासिल करने के प्रयासों को तेज कर रहे हैं, जो एक ऐसा मतदाता समूह है जो दर्जनों निर्वाचन क्षेत्रों में परिणामों को तय कर सकता है। चाय बागानों में करीब 35 लाख ऐसे मतदाता हैं जिनका मुख्यतः पूर्वी असम के 35 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में दबदबा है तथा वे असम की 126 सदस्यीय विधानसभा की कम से कम दस और सीटों के चुनाव नतीजे पर भी असर डाल सकते हैं।



चाय बागान में श्रमिकों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा, अधिक दिहाड़ी और भू-अधिकार समेत उनकी पुरानी मांगें एक बार फिर राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गई हैं। सत्ताधारी भाजपा ने पिछले एक दशक में किए गए अपने कल्याणकारी कार्यों को प्रमुखता से लोगों के सामने रखा है। दावा है कि चाय बागान श्रमिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पार्टी ने विशेष रूप से चाय बागानों के भीतर भू- अधिकार प्रदान करने के कदम पर बल दिया है।

भाजपा चाय मोर्चा के अध्यक्ष दुलेन नायक ने स्कूलों, सड़कों और कल्याणकारी योजनाओं जैसी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि समुदाय को अब द्वितीय श्रेणी के नागरिक के रूप में नहीं माना जाता। शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे तक, ठोस प्रगति हुई है। भाजपा ने पुनः सत्ता में आने पर चरणबद्ध तरीके से मजदूरी बढ़ाकर 500 रुपये करने का वादा किया है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने तर्क दिया कि सुधारों से जमीनी स्तर पर कोई सार्थक बदलाव नहीं आया है। असम चाय मजदूर आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष अतुवा मुंडा ने भूमि अधिकार पहल को सतही बताकर खारिज कर दिया।

# बंगाल चुनावः ममता ने बहरामपुर में मार्च निकाला



**बहरामपुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का गढ़ माने जाने वाले बहरामपुर शहर में रविवार को एक मार्च का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख मुर्शिदाबाद जिला मुख्यालय की संकरी गलियों से गुजरीं जहां लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। इस दौरान बनर्जी ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कुछ लोगों से हाथ मिलाया। गिरजा मोड़ से खगरा चौरास्ता तक 1.6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहरा रहे थे।

तृणमूल कांग्रेस ने चौधरी और निवर्तमान भाजपा विधायक सुब्रत मैत्रा का मुकाबला करने के लिए बहरामपुर में नारू गोपाल मुखर्जी को चुनावी मैदान में उतारा है।

# भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ है, मुस्लिमों के नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने असम व पश्चिम बंगाल में पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा घुसपैठियों का विरोध करती है न कि वह मुस्लिमों के खिलाफ है। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को होने हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना चार मई को होगी।

डकरी ने साक्षात्कार में कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हम असम और पश्चिम बंगाल दोनों में जीतेंगे। भाजपा की नीति है कि धार्मिक पहचान से परे सभी को साथ लेकर चला जाए। हम घुसपैठियों के खिलाफ हैं, मुसलमानों के नहीं। पार्टी के विकास एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश और शासन-केंद्रित दृष्टिकोण भाजपा की चुनावी रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, "असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।



- पकेंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- असम और पश्चिम बंगाल में उज्ज्वल संभावनाएं

# विस चुनावों के दौरान पकड़ी गयी 650 करोड़ रुपये की नकदी और शराब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में प्रवर्तन अधिकारियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 650 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध नकदी, मादक पदार्थ और शराब जब्त की है। आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल से 319 करोड़ रुपये की अवैध नकदी, मादक पदार्थ, शराब और मूल्यवान धातुएं जब्त की गई हैं। इसके बाद तमिलनाडु का स्थान है जहां 170 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के भीतर सुनिश्चित करने के लिए 5,173 से अधिक उड़न दस्तों को तैनात किया गया है। आयोग के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर अचानक नाकेबंदी करने के लिए 5,200 से अधिक स्थिर निगरानी दल (एसएसटी) भी तैनात किए गए हैं। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है।

# पुडुचेरी में नौ और तमिलनाडु में 23 को अवकाश घोषित

**चेन्नई, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में मतदान के दिन 23 अप्रैल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। आयोग के अनुसार, मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। यह नियम किसी भी व्यवसाय या औद्योगिक उपक्रम में काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होगा। वे सभी मतदाताओं को मिलेगी, जो चुनाव में वोट डालने के हकदार हैं।

# द्रमुक का घोषणापत्र '2026 चुनाव का सुपरस्टार' है : स्टालिन

**विरुधुनगर, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के चुनाव घोषणापत्र को 2026 के चुनाव का सुपरस्टार बताते हुए कहा कि वादे तो कोई भी कर सकता है, लेकिन जनता भरोसा सिर्फ उनकी पार्टी के वादों पर करती है। यहां धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) की एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि छह से 60 वर्ष की आयु तक महिलाओं से लेकर पुरुषों तक, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक- हर कोई द्रमुक के चुनावी घोषणापत्र को पसंद करता है। ऐसा कोई हो ही नहीं सकता जो इसे नापसंद करे। उन्होंने यहां एकत्रित लोगों से कहा कि मैंने इसे 2026 के चुनाव के सुपरस्टार के रूप में पेश किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी वादे की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे कौन करता है। उन्होंने कहा कि लोग केवल द्रमुक के वादे पर ही विश्वास करते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वैश्विक रिकॉर्ड टूटा ईरान में 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ''नेटब्लॉक्स'' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार ईरान में जारी इंटरनेट ब्लैकआउट अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है।

### बांग्लादेश : देश में खसरे की लहर, आपात टीकाकरण शुरू किया

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इससे अस्पतालों के बाल रोग वार्डों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे बुखार, सांस लेने में तकलीफ और पूरे शरीर पर चकत्तों जैसे लक्षणों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, कई स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आइसोलेशन यूनिट खोले गए हैं, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके और मरीजों का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। इस प्रकोप से निपटने के लिए रविवार से खसरा-रूबेला (एमआर) का आपात टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है।

# ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार

## एयरलाइन कंपनियों ने शुल्क बढ़ाया, डाक सेवा पर 8% अधिभार लगेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के खिलाफ युद्ध ने अमेरिकियों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी डिलीवरी पर ईंधन अधिभार की घोषणा की है, इसके साथ कुछ एयरलाइन कंपनियों ने भी ईंधन की ऊंची लागत की भरपाई के लिए चेक इन बैगेज पर शुल्क बढ़ा दिया है।

इस बीच अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत शुक्रवार को 4.09 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई है। यह युद्ध से ठीक पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है और अगस्त 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल की लागत भी पिछले साल के 3.64 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर शुक्रवार को 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ये आंकड़े अमेरिकी परिवहन संघ ने जारी किए हैं।

डीजल का अन्य उद्योगों के अलावा व्यापक रूप से कृषि, निर्माण और परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है। अमेजन ने यह भी कहा कि वह 17 अप्रैल से तीसरा पक्ष विक्रेताओं पर 3.5 प्रतिशत ईंधन अधिभार जोड़ने की योजना बना रही है। अमेरिकी डाक सेवा ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से आठ प्रतिशत का ईंधन अधिभार लगाने की कोशिश कर रही है।



अमेरिकी में कुछ ही दिन पहले महंगाई और ईरान युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए गए थे।

### विशेषज्ञों ने जताई आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका

माना जा रहा है कि अगर ईरान के खिलाफ युद्ध लंबा खिंचता है तो यह अमेरिका में आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान पैदा करेगा। न्यूयॉर्क की विश्लेषक रैशल जिएम्बा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिका इससे बच पाएगा। ये वैश्विक बाजार है। वाशिंगटन पोस्ट ने जिएम्बा के हवाले से लिखा, एक सप्ताह पहले भी विशेषज्ञ चिंतित थे, अब उनकी चिंता और बढ़ गई है। शिकॉगो के फेडरल रिजर्व बैंक के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्सबी ने कहा, अगर परिवहन लागत बढ़ना शुरू होती है तो यह अन्य कीमतों पर भी असर दिखाएगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह निकट भविष्य में उपभोक्ताओं पर इसके असर को महसूस किया जाएगा। हालांकि लोग पहले से ही जीवनयापन की बढ़ती लागत को लेकर चिंतित हैं।

### पाकिस्तान में संकट, शहबाज ने की समीक्षा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई। शहबाज शरीफ ने कहा कि किराए में बढ़ोतरी रोकने के लिए यात्री बसों को प्रति माह 1 लाख रुपये, मिनी बसों और वैगनों (मालवहक वाहन) को 40 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

### ईरान में परमाणु दुर्घटना हुई तो पीढ़ियां तबाह हो जाएंगी : डब्ल्यूएचओ

- संगठन के महासचिव ने कहा- ये हमले एक भयावह चेतावनी



**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि रविवार सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेयेसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं। बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ी हालिया घटना एक भयावह चेतावनी है क्योंकि एक छोटा सा हमला भी परमाणु दुर्घटना को जन्म दे सकता है जिसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पीढ़ियों को तबाह कर देंगे।

## होर्मुज से निकासी बनी बड़ा संकट

### भारत के जहाज

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध में बढ़ते तनाव के दौरान ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिए जाने से पूरी दुनिया के साथ भारत पर इसके काफी गंभीर प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। युद्ध के बीच भारत के कुछ तेल टैंकर इस समुद्री मार्ग से गुजरे जरूर हैं लेकिन इससे बहुत ज्यादा राहत नहीं मिली है, साथ ही ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ने के साथ अनिश्चितता का साया लगातार और गहरा होता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ होर्मुज न खोलने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों और बिजली संयंत्रों पर बम बरसाने की चेतावनी दी है तो दूसरी तरफ ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य को भी बंद कर देने की धमकी दी है। कहा जा रहा है कि यह समुद्री मार्ग भी बंद कर दिया गया तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दोहरी मार पड़ेगी और भारत भी इसकी चपेट में आएगा। इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।



### भारत की मुख्य समस्याएं

- भारत जरूरत का बड़ा हिस्सा होर्मुज से आयात करता है। यहां से आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।
- सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बिटुमेन और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कमी हो गई है, जिससे देश में कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ गई है।
- जहाजों का बीमा महंगा हो गया है, माल ढुलाई की दरें रिकॉर्ड स्तर पर हैं। फारस की खाड़ी में 15-16 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक फंसे हुए हैं।

#### युद्ध से पहले और बाद में

- युद्ध से पहले इस मार्ग से हर महीने भारत के सैकड़ों जहाज गुजरते थे। यह मार्ग दुनिया के तेल व्यापार का 20% और भारत की ऊर्जा जरूरतों का 60-70% हिस्सा संभालता था।
- युद्ध शुरू होने के बाद यह यातायात लगभग 95% तक गिर गया है। शिपिंग डेटा के अनुसार, युद्ध के बीच अब तक 8 भारतीय जहाज ही इस जलडमरूमध्य को पार कर पाए हैं।

### दूसरे देशों पर प्रभाव

- ब्रेंट क्रूड की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं, जो 1970 के दशक के बाद सबसे बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।
- वियतनाम, थाईलैंड जैसे देशों में ईंधन की भारी किल्लत और राशनिंग शुरू हो गई है। यूरोप में बिजली-हीटिंग का संकट

उर्वरक उत्पादन के लिए जरूरी गैस की आपूर्ति रुकने से अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट बढ़ने लगा है। कई और देश संकट में घिर सकते हैं।

### बाब-अल-मंडेब बंद भी हुआ तो

- यह जलडमरूमध्य लाल सागरऔर अदन की खाड़ी को जोड़ने वाला सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग है जहां से दुनिया का 12-15% वैश्विक व्यापार और कच्चे तेल की सप्लाई होती है।
- यह मार्ग बंद हुआ तो जहाजों को अफ्रीका के दक्षिण से केप ऑफ गुड होप होकर जाना पड़ेगा। इससे यात्रा में 9,000 किमी की दूरी और 14 से 21 दिन का समय बढ़ जाएगा।
- शिपिंग लागत में 50 70% तक वृद्धि का अनुमान है। आशंका है कि वार रिस्क इंश्योरेंस इतना महंगा हो जाएगा कि कई कंपनियां इस रूट पर जहाज चलाना बंद कर देंगी।

### भारत को छूट

ईरान ने भारत को मित्र राष्ट्र की श्रेणी में रखा है क्योंकि भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। साथ ही, चाबहार पोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स के कारण दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी है। ईरान के विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह मार्ग दुश्मनों के लिए बंद है, लेकिन भारत, चीन और रूस जैसे देशों के जहाजों को विशेष समन्वय के तहत निकलने की अनुमति दी जा रही है।

# निर्वाचन आयोग ही यदि स्वतंत्र न हो तो नहीं हो सकते निष्पक्ष चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना का पटना के विधि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधन
- कहा- सत्ता को नियंत्रित करने वाली संरचना को चौथे स्तंभ पर भी देना होगा ध्यान

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने निर्वाचन आयोग को चुनावों को निष्पक्ष बनाए रखने वाली प्रमुख संस्था बताते हुए कहा कि यदि चुनाव संचालित करने वाले लोग ही उम्मीदवारों पर निर्भर हों तो चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती।उन्होंने पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान देते हुए मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने वाली संस्थाओं की संरचनात्मक स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 1995 के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा, एक बार फिर यह संरचनात्मक चिंता है कि यदि चुनाव संचालित करने वाले ही चुनाव लड़ने वालों पर निर्भर हों तो प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। न्यायालय ने 1995 के इस फैसले में निर्वाचन आयोग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था करार दिया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से सरकार का गठन होता है। उन्होंने कहा, हमारी संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था ने प्रदर्शित किया है कि समय पर चुनाव होने से सरकारों का सुचारू रूप से परिवर्तन संभव हुआ है। इस प्रक्रिया पर नियंत्रण, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों पर नियंत्रण के समान है।

उन्होंने कहा कि सत्ता केवल औपचारिक संस्थाओं के जरिए से नहीं, बल्कि उन प्रक्रियाओं के जरिए भी संचालित होती है जो उन्हें बनाए रखती हैं, जैसे चुनाव, सार्वजनिक वित्त और विनियमन। सत्ता को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक संरचना को चौथे स्तंभ जैसी संस्थाओं पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं भले ही पारंपरिक तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में न आती हों, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### जस्टिस नागरत्ना की चिंता...

- यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग और कैग जैसी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से कार्य करें और राजनीतिक प्रक्रियाओं से प्रभावित न हों।
- चुनाव प्रक्रिया पर नियंत्रण राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों को नियंत्रित करने जैसा है। यदि ये प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो तो लोकतंत्र की नींव कमजोर हो जाएगी।
- संवैधानिक विफलता केवल तब नहीं होती जब अधिकार छीन लिए जाएं, तब भी होती है जब संस्थाएं एक-दूसरे पर अंकुश लगाना बंद कर दें।
- भले ही अदालतें चल रही हों और संसद कानून बना रही हो, लेकिन अगर देश में संस्थागत अनुशासन खत्म हो गया तो सत्ता बेलगाम हो जाती है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना वरिष्ठता के आधार पर सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने वाली हैं। उनकी यह टिप्पणी वर्तमान राजनीतिक माहौल में संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।




### लंदन में हिंदू ग्रंथ शिक्षापत्री का द्विशताब्दी समारोह

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक शिक्षापत्री की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित शिक्षापत्री नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

## पाकिस्तान का दावा- अफगानिस्तान में टीटीपी के 800 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसके सुरक्षा बलों द्वारा अफगानिस्तान में शुरू किए गए अभियान के दौरान अफगान तालिबान के करीब 800 आतंकवादी मारे गए हैं।

सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तरार ने 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' के संबंध में साझा करते हुए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अफगान तालिबान को हुए नुकसान का ब्योरा दिया। टीटीपी को फितना अल ख्वारिज (एफएके) भी कहा जाता है, तरार ने कहा कि अभियान शुरू होने के बाद से फितना अल ख्वारिज और अफगान तालिबान के कम से कम 796 सदस्य मारे गए हैं तथा 1,043 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अफगान तालिबान की 286 चौकियां नष्ट कर दी गईं और 44 अन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया गया जबकि उनके 249 टैंक, बख्तरबंद वाहन, तोपें और ड्रोन नष्ट कर दिए गए। 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' 26 फरवरी की रात शुरू किया गया था। पाकिस्तान का कहना था कि सीमा पार से अफगान तालिबान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया।

तरार ने कहा कि सेना ने अफगानिस्तान में 81 आतंकवादियों और उनका समर्थन देने वाले ठिकानों को भी हवाई कार्रवाई के जरिये प्रभावी ढंग से निशाना बनाया।

## नेपालः आरएसपी के नेता आर्यल चुने गए संसद अध्यक्ष



**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता डोल प्रसाद आर्यल रविवार को संसद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर्यल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संसद सचिवालय की ओर से जारी एक सूचना के अनुसार, आरएसपी के उपाध्यक्ष आर्यल संघीय संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्यों की बैठक में निर्विरोध चुने गए। आरएसपी के अध्यक्ष एवं सांसद रवि लामिछाने ने आर्यल को अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया था।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए रोजगार का रास्ता आसान करेगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद, एजेंसी**

- ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने की दी जाएगी ट्रेनिंग

तेलंगाना सरकार ने एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार ने शनिवार को इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समाज में सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए कई पहल करने का दावा किया।

राज्य के दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं ट्रांसजेंडर सशक्तिकरण मंत्री ए. लक्ष्मण कुमार ने उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने लंबे समय से मौजूद सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों को गंभीरता से लिया है। सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे वे आर्थिक आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान हासिल कर सकें। इस कार्यक्रम के तहत 50 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें चालक के रूप में नौकरी पाने और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, यहां 25 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को होटल प्रबंधन और कैंटीन शेफ का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें होटल, रेस्तरां और कैटरिंग संस्थानों में रोजगार मिल सके।

कहा गया है कि 16 ट्रांसजेंडरों को बेगमपेट में ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्रोन तकनीक कृषि, सर्वेक्षण और उद्योग जैसे क्षेत्रों में मांग में है। तीनों कार्यक्रमों के तहत कुल 91 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिस पर 17.72 लाख रुपये खर्च होंगे।

## छत्तीसगढ़ में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके, नुकसान नहीं

**जगदलपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ के बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। देर रात 11:32 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई है और इसकी गहराई लगभग पांच किलोमीटर बताई जा रही है।

भूकंप का केंद्र ओडिशा के कोरापुट क्षेत्र में रात 11:31 बजे दर्ज किया गया, जिसके असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों सहित जगदलपुर और आसपास के क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए। अंतरराष्ट्रीय भूकंपीय आंकड़ों के अनुसार हाल के समय में दक्षिण एशिया क्षेत्र में हल्की से मध्यम तीव्रता के भूकंप दर्ज किए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट में नेपाल क्षेत्र के पास भी भूकंपीय गतिविधि दर्ज की गई, जिसमें झटकों का केंद्र काकीनाडा से 179 किमी उत्तर, राजमुंद्री से 192 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व, ब्रह्मपुर से 249 किमी पश्चिम-दक्षिणपश्चिम तथा रायपुर से लगभग 313 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व दिशा में बताया गया। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय प्लेट और आसपास के क्षेत्रों में भूगर्भीय हलचल बनी हुई है।

## ईरान युद्ध लंबा खिंचा तो यूक्रेन को नहीं मिलेगी अमेरिकी मदद

**इस्तांबुल।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चिंता जताई है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लंबा खिंचता है तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कम हो सकता है, क्योंकि वाशिंगटन की वैश्विक प्राथमिकताएं बदल रही हैं और कीव को बेहद जरूरी पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति घटने की आशंका है।

जेलेंस्की ने शनिवार देर रात इस्तांबुल में एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन को रूस के रोजाना हमलों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका निर्मित पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। चार साल से अधिक समय पहले शुरू हुए रूस के आक्रमण के बाद से शहरी इलाकों पर लगातार हमलों में हजारों नागरिक मारे गए हैं। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, ताकि वहां ड्रोन और मिसाइलों के उत्पादन को बाधित किया जा सके और सर्दियों में लोगों को बिजली व पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया जा सके।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। कोई भी कदम सोच-समझकर उठाएं। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

**वृष** — आज परिवार में सौहार्द रहेगा। निवेश या संपत्ति के मामलों पर सोच-विचार करना लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** — आज व्यवसायियों को काफी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। संचार कार्यों में सफलता मिलेगी। दोस्तों से सहायता प्राप्त होगी।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर-परिवार में समय बिताएं। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें।

**सिंह** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान मिलेगी। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** — आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। निर्णय स्पष्ट और स्थिर होंगे। छोटी दूरी की यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज चंद्र प्रभाव सकारात्मक रहेगा। संवाद और सौहार्द बढ़ेगा। अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** — आज आपकी निर्णय क्षमता उत्कृष्ट रहेगी। बनाई गईं योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** — आज की गई यात्रा शुभ रहेगी। शिक्षा-धार्मिक कार्यों में प्रगति होगी। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


**मकर** — आज आपके करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का भरपूर समर्थन मिलेगा। लाभ की संभावनाएं मजबूत होंगी।

**कुंभ** — आज का दिन अत्यधिक व्यस्तता में व्यतीत होगा। रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक प्रगति के योग हैं।

**मीन** — आज नए आरंभ और रचनात्मक कार्य शुभ रहेगा। धनलाभ की स्थितियां बनेंगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 14.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 7 अप्रैल 02.57 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

### सुडोकू -111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |

**बड़ी कामयाबी** | आईआईटी गुवाहाटी ने विकसित की तकनीक, निर्माण कार्यों में विश्वस्तर पर हो रहा इस्तेमाल

# भूकंपरोधी दीवारों के निर्माण के लिए 3डी तकनीक विकसित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईआईटी गुवाहाटी के अनुसंधानकर्ताओं ने 3डी-प्रिंटर मशीन के जरिए भूकंप रोधी कंक्रीट की दीवार बनाने की तकनीक विकसित की है। श्रम और सामग्री की आवश्यकता को समाप्त करके अधिक जटिल आकृतियों वाली संरचनाएं बनाने में सक्षम करने वाली 3डी प्रिंटिंग को निर्माण कार्य में विश्व स्तर पर अपनाया जा रहा है।



दुनिया भर में '3डी प्रिंटर' मशीन से तैयार इमारतों के निर्माण में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन भूकंप संभावित क्षेत्रों में इनका व्यापक उपयोग नहीं हो पाया है। यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर बिरंची पांडा के अनुसार, इसका एक कारण यह है कि पूरी तरह 3डी प्रिंटर के जरिए बनाई गई कंक्रीट की दीवारों के भूकंप के कई झटकों के दौरान प्रदर्शन के बारे में सीमित ज्ञान और समझ है। पांडा ने कहा, वर्तमान में 3डी प्रिंटर के जरिए दीवारों के बीच स्टील डालने के लिए कोई मानक प्रक्रिया नहीं है जो मौजूदा भवन संहिता के अनुरूप हो। इस कमी को दूर करने के लिए हमने भूकंपीय बल की दशा में 3डी प्रिंटर से तैयार सामग्री से बनी तीन पूर्ण आकार की दीवारों का निर्माण करके उसका परीक्षण किया। यह शोध जर्नल ऑफ बिल्डिंग इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है।

### कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए किया परीक्षण

3डीपीसी-सीएफ और 3डीपीसी-सीएफआर दीवारों की मजबूती और वास्तविक दुनिया में इनकी उपयोगिता का परीक्षण करने के लिए शोध दल ने बार-बार झटका या बल उत्पन्न करके 'कंप्यूटर सिमुलेशन' के समर्थन से उनके व्यवहार का बड़े पैमाने पर परीक्षण किया। परिणामों से पुष्टि हुई कि विशेष लचकदार कंक्रीट का उपयोग करके 3डी-प्रिंटर से बनी दीवारों में स्टील सुदृढीकरण को शामिल करने से उनकी भूकंप प्रतिरोधकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ जो इन्हें सुरक्षित और संरचनात्मक रूप से विश्वसनीय विनिर्माण प्रथाओं के विकास के लिए उपयुक्त बनाता है।



> राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने आखिरी पलों में जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को 20वां ओवर सौंपा।
> –इरफान पठान


# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करते दिखेंगे : साउदी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने रविवार को कहा कि आईपीएल के सबसे मंहगे विदेश खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने नेट में गेंदबाजी करना फिर से शुरू कर दिया है और वह जल्द ही मैच में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन उन्होंने इस सत्र में अब तक गेंदबाजी नहीं की है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) उनकी पीठ की सर्जरी के बाद उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। साउदी ने केकेआर के पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, ग्रीन अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और अपने उबरने पर काम कर रहे हैं।

### जीत से रियान पराग का बढ़ेगा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। मौजूदा सत्र में रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने आखिरी पलों में एक अहम रणनीति फैसला करते हुए जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को आखिरी ओवर सौंपा। उन्होंने कहा यह सत्र का सबसे अच्छा मैच था।

# शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी

**हैदराबाद, एजेंसी**

मोहम्मद शमी (चार ओवर में नौ रन पर दो विकेट) की करिश्माई गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋषभ पंत (50 गेंदों में नाबाद 68 रन) की जिम्मेदारी से की गई बल्लेबाजी के बूते लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी।

शमी ने मैच की शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा (शून्य) और ट्रेविस हेड (सात) की खतरनाक सलामी जोड़ी को आउट कर सनराइजर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी कर सनराइजर्स के बल्लेबाजों के साथ उन्हें नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से भी सवाल किया। सनराइजर्स को नौ विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद सुपर जायंट्स ने एडेन मारक्रम के 27 गेंदों में 46 और पंत की नाबाद पारी से एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर जीत का खाता खोला।

लक्ष्य का पीछा अंतिम ओवर में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट पर दो लगातार चौके जड़कर मैच को शानदार अंदाज में समाप्त किया। पंत ने दूसरी गेंद पर टेनिस की तरह फोरहैंड स्टाइल में शॉट मारा, जबकि मिड-ऑफ के ऊपर से चौके के साथ उन्होंने मैच को खत्म किया। हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने पंत ने धीमी पिच पर अपने शॉट्स का चयन बेहद समझदारी से करते हुए नौ चौके लगाए। शमी की चुनौती से निपटने के बाद हेनरिच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के शमी के स्पैल के दौरान कप्तान इशान किशन (एक) प्रिंस यादव का शिकार बनकर सस्ते में पवेलियन लौटे। आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत की शानदार विकेटकीपिंग का शिकार बने। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद टीम के लिए क्लासेन (62 रन) और रेड्डी (56 रन) ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत। एजेंसी

### मैं बल्ले से जवाब देना जारी रखूंगा : पंत

हैदराबाद। टी20 बल्लेबाजी शैली को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच, कप्तान ऋषभ पंत ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की बातचीत सबसे अधिक मायने रखती है। उन्होंने कहामैं जानता हूं कि मैं अच्छी तैयारी कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा बल्ला ही बोले। मेरे साथी और टीम प्रबंधन मेरी मेहनत देखते हैं, वही मायने रखता है।

### अपने कौशल पर काम किया : शमी

हैदराबाद। तेज गेंदबाजी के अगुआ मोहम्मद शमी ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के जरिए मैच के लिए तैयार रहना और अपने कौशल को निखारते हुए बेहतरीन फिटनेस बनाए रखना, उनके शानदार प्रदर्शन में अहम रहा। उन्होंने कहा अगर आप खेलना चाहते हैं तो खेल के साथ तालमेल बनाये रखना जरूरी है। आप फिट हैं, तभी कौशल पर काम कर सकते हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**156/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का मारक्रम बो शमी | 07 |
| अभिषेक शर्मा का सिद्धार्थ बो शमी | 00 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 |
| लियाम लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | |
| हेनरिच क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 |
| हर्षल पटेल रन आउट पंत | 04 |

**अतिरिक्त :** 05, **गेंदबाजी :** शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**160/5** (19.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 |
| आयुष बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 |
| अब्दुल समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त :** 02, **गेंदबाजी :** हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 4.171 |
| 2. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाइटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

**ऑरेंज कैप**



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन

**पर्पल कैप**



रवि बिश्नोई
राजस्थान 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट

# लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं वैशाख

**कोलकाता, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन आईपीएल में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है।

उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है। आज के दौर में जब हर चीज का वीडियो विश्लेषण उपलब्ध है तो वैशाख का मानना है कि अपनी गेंदबाजी के कौशल में लगातार सुधार करते रहने के अलावा सफलता पाने का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा मैं उतनी तेज गेंदबाजी नहीं करता हूं जितनी तेज गेंदबाजी अन्य कर रहे हैं।

# पंजाब के खिलाफ जीत का खाता खोलने उतरेंगे नाइट राइडर्स

**कोलकाता, एजेंसी**

मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

**टीम**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।

**मैच पर बारिश का साया :** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार मैच के दौरान बारिश की काफी संभावना है। बारिश के कारण मुकाबला बाधित या रद्द होने या कम ओवरों में होने की आशंका है। केकेआर का अगला घरेलू मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को है और इस मैच पर भी बारिश का खतरा है। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह से लगातार बादल छाए हुए हैं और राज्य में रविवार से बृहस्पतिवार तक बारिश और तूफान के दौर चल सकते हैं जिनमें ओले और बिजली गिरने की संभावना है। बारिश की तीव्रता व क्षेत्रीय प्रभाव मंगलवार और बुधवार को चरम पर पहुंचने की संभावना है।

# आरसीबी ने बनाया 250 रनों का विशाल स्कोर



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते टिम डेविड।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **डेविड, पाटीदार और पडीक्कल ने किया धमाल**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों के साथ कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन की पारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ तीन विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पडिक्कल (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और डेविड (25 गेंद, तीन चौके, आठ छक्के) ने धमाकेदार हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए सीएसके के बेबस गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कप्तान पाटीदार ने 19 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें एक चौका और छह छक्के जड़े थे। रनों की बारिश की शुरुआत पडीक्कल ने की जिन्होंने दो अहम साझेदारियां निभाईं। उन्होंने दूसरी विकेट के लिए फिल सॉल्ट (46 रन) के साथ 37 गेंद में 56 रन (37 गेंद) की और तीसरी विकेट के लिए कप्तान पाटीदार के साथ 21 गेंद में 58 रन की भागीदारी की। चिन्नास्वामी की पिच पर थोड़ी धीमी थी जिस पर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी के लिए ये साझेदारियां बहुत अहम रहीं। दूसरी विकेट की साझेदारी के दौरान सॉल्ट ज्यादा हावी रहे और इस भागीदारी से टीम को विराट कोहली (28 रन) के जल्दी आउट होने के झटके से उबरने में मदद की। कोहली जब सात रन के स्कोर पर थे तब शिवम दुबे ने खलील अहमद की गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया था। सॉल्ट की तेज पारी से घरेलू टीम को पावरप्ले में एक विकेट पर 51 रन तक पहुंचाने में मदद की। लेकिन सॉल्ट ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए, उन्होंने दुबे की गेंद पर डीप में अहमद को एक आसान सा कैच थमा दिया। पडीक्कल इस समय तक 18 रन पर थे, उन्होंने दुबे की गेंद पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। इसके साथ ही आरसीबी का रन रेट इस पारी में पहली बार 10 रन प्रति ओवर के आंकड़े को पार कर गया। उन्होंने मैट हेनरी की गेंद पर एक रन लेकर इस सत्र में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। लेकिन फिर वह जेमी ओवरटन की गेंद पर 'रिवर्स स्कूप' खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। लेकिन तब तक आरसीबी ने 11 से 15 ओवरों के बीच 62 रन बना लिए थे। पाटीदार ने डेविड के साथ मिलकर नींव को और मजबूत किया। आरसीबी का स्कोर 15 ओवरों के बाद तीन विकेट पर 153 रन था। इसके बाद टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 97 रन और जोड़े। आखिरी ओवरों में की गई खराब गेंदबाजी का भी फायदा उठाया।

**चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**250/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का नूर अहमद बो दुबे | 46 |
| विराट कोहली का दुबे बो कंबोज | 28 |
| देवदत्त पडीक्कल बो ओवरटन | 50 |
| रजत पाटीदार नाबाद | 48 |
| टिम डेविड नाबाद | 70 |

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : खलील 4-0-37-0, हेनरी 3-0-36-0, कंबोज 4-0-52-1, नूर अहमद 4-0-49-0, ओवरटन 3-0-42-1, दुबे 2-0-30-1

**ग्रेनाडा विश्व कप**

**पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे**

# भारतीय निशानेबाज अपनी छाप छोड़ने को तैयार

**ग्रेनाडा (स्पेन), एजेंसी**

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए।

मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।



टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे। सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उनका कांस्य पदक उन्हें विश्व कप से पहले आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है।

टीम का सबसे उत्साहजनक पहलू लगभग तीन साल बाद मूक एवं बधिर 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत की विश्व कप टीम में वापसी है। श्रीकांत पिछली बार बाकू में आयोजित 2022 विश्व कप में खेले थे और तब से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

**भारतीय दल**

**पुरुष :** 10 मीटर एयर राइफल : गजानन खंडागले, अर्शदीप सिंह, धनुष श्रीकांत। 50 मीटर राइफल थ्री-पी : नीरज कुमार, अखिल श्योराण, चैन सिंह। 10 मीटर एयर पिस्टल : मुकेश नेलवल्ली, उज्जवल मलिक, प्रमोद। 25 मीटर रैपिडफायर : विजयवीर सिद्धू, नीरज कुमार, अंकुर गोयल। **महिला :** 10 मीटर एयर राइफल : सोनम मास्कर, श्रुति, मेहुली घोष। 50 मीटर राइफल 3-पी : आयुषी पोद्दार, अंजुम मौदगिल, सुरभि रापोल। 10 मीटर एयर पिस्टल : पलक, सैन्यम, मीनू पाठक। 25 मीटर पिस्टल : रिदम सांगवान, सिमरनप्रीत कौर बराड़, दिव्या टीएस। मिश्रित टीम : एयर राइफल : गजानन खंडागले / सोनम मास्कर, अर्शदीप सिंह / श्रुति।

# ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में बार्सीलोना ने मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड, एजेंसी**

बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रीयाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सीलोना की स्थिति और मजबूत कर दी।

बार्सीलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सीलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सीलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

एटलेटिको की टीम 30 मैच में 57 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में रीयाल सोसीदाद ने लेवांते को 2-0 से हराया जबकि रीयाल बेटिस ने एस्पानयोल से गोल रहित ड्रॉ खेला।



### साउथम्पटन ने आर्सेनल, मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को हराया

**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने शनिवार को यहां एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को 1-2 से हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।